हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • सोमवार • 06.10.2025 • वर्ष : 16 • अंक : 72 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## एक नजर

### नेपाल में भूस्खलन और बाढ़ से तबाही 40 लोगों की मौत

**काठमांडू :** पिछले दो दिनों के भीतर देश भर में विभिन्न आपदाओं के दौरान 40 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 13 अन्य बाढ़, भूस्खलन, बिजली गिरने और सड़क दुर्घटनाओं के कारण घायल हो गए हैं। सशस्त्र पुलिस बल (एपीएफ) के प्रवक्ता शैलेंद्र थापा ने बताया कि अकेले इलाम जिले में बाढ़ और भूस्खलन से 28 लोगों की मौत हो गई है और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। इसके अतिरिक्त आपदा से संबंधित घटनाओं में 11 लोगों के लापता होने की सूचना है। इलाम जिले के सूर्योदय नगरपालिका में पांच, इलाम नगरपालिका में छह, देवमाई नगरपालिका में दो, फाक्फोक्थुम ग्रामीण पालिका में एक, मंगसेबुंग ग्रामीण नगर पालिका में तीन, मैजोगमाई ग्रामीण पालिका में आठ और संदकपुर ग्रामीण पालिका में तीन मौतें हुई हैं। प्रवक्ता थापा के मुताबिक उदयपुर जिले में दो, रौतहट जिले में तीन, रसुवा में चार और काठमांडू में एक मौत हुई है। अलग-अलग घटनाओं में खोटांग, भोजपुर, रौतहट और मकवानपुर जिलों में बिजली गिरने से आठ लोग घायल हो गए। इस बीच, पांचथर जिले में एक और भूस्खलन के कारण सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए।

### चुनाव आयोग ने बिहार में काटे 38 लाख मतदाताओं के नाम : कांग्रेस

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि चुनाव आयोग ने मोदी सरकार के इशारे पर बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण के नाम पर 38 लाख लोगों के नाम मतदाता सूची से काट दिए हैं। इसमें 23 लाख महिलाएं और 15 लाख पुरुष वोट देने के अधिकार से वंचित हो गए हैं। महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा ने रविवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के इशारे पर चुनाव आयोग ने बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण के नाम पर भारी फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार में करीब साढ़े तीन करोड़ महिला मतदाता हैं लेकिन करीब 23 लाख महिलाओं के नाम मतदाता सूची से काट दिए गए (अब ये महिलाएं आगामी विधानसभा चुनावों में वोट नहीं दे पाएंगी।

### नए नियम के साथ बेतला नेशनल पार्क पर्यटकों के लिए खुला

**लातेहार :** प्रसिद्ध बेतला नेशनल पार्क रविवार से पर्यटकों के लिए खोल दिया गया। पलामू टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर प्रजेशकांत जैना, बेतला रेंजर उमेश कुमार दूबे सहित अन्य ने पूजा-अर्चना कर और फीता काटकर पार्क में पर्यटकों को प्रवेश दिलाया। यहां बताते चलें कि बेतला पार्क जंगली जानवरों के प्रजनन काल को लेकर प्रत्येक वर्ष एक जुलाई से 30 सितम्बर बंद कर दिया जाता है। एक अक्टूबर से पार्क को पर्यटकों के लिए खोला जाता है। हालांकि इस वर्ष लगातार बारिश होने के कारण पांच अक्टूबर को पार्क को खोला गया। बताया जाता है कि इस बार इस बार पार्क प्रबंधन ने पर्यटकों की सुरक्षा और वन्य जीवों की सहजता को ध्यान में रखते हुए निजी बंद वाहनों से प्रवेश पर पूरी तरह रोक लगा दी है। अब पर्यटक केवल विभागीय अनुमति प्राप्त ओपन सफारी वाहनों से ही पार्क की सैर कर सकेंगे।

# दार्जिलिंग में आफत की बारिश भूस्खलन में 17 लोगों की मौत



एजेंसी

**दार्जिलिंग :** पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग समेत उत्तर बंगाल के पूरे पर्वतीय क्षेत्र को शनिवार रात से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने तहस-नहस कर दिया है। पहाड़ों में जगह-जगह भूस्खलन हुआ है, कई घर बह गए हैं और अब तक 17 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि दार्जिलिंग में इस तरह की भयानक तबाही आखिरी बार 1998 में देखी गई थी। 27 साल बाद फिर वही भयावह दृश्य लौट आया है। भारी बारिश के कारण बालासन नदी पर स्थित दूधिया पुल का एक हिस्सा बह गया, जिससे सिलिगुड़ी और मिरिक का संपर्क पूरी तरह टूट गया। सौरेनी के पास दारागांव में एक घर धसक कर गिर गया, जबकि अपर दूधिया और डैमफेडर इलाके में चार से पांच घर बह गए। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का कैंप भी प्रभावित हुआ है। रविवार सुबह तक प्रशासन ने मिरिक में नौ, सुकियापोखरी में सात और बिजनबाड़ी में एक व्यक्ति की मौत की पुष्टि की है। दुर्गा पूजा की छुट्टियों में बड़ी संख्या में पर्यटक दार्जिलिंग पहुंचे थे। लेकिन अब बारिश और भूस्खलन के कारण सैकड़ों लोग फंसे हुए हैं। अधिकांश उड़ानें रद्द कर दी गई और कई यात्रियों को टिकट नहीं मिले। प्रशासन उन्हें सुरक्षित स्थानों पर ले जा रहा है, लेकिन खराब मौसम के कारण बचाव कार्य बेहद धीमी गति से हो रहा है। गोरखा टेरिटोरियल एडमिनिस्ट्रेशन (जीटीए) ने टाइगर हिल और रॉक गार्डन जैसे प्रमुख पर्यटन स्थल एक दिन के लिए बंद कर दिए हैं। दार्जिलिंग के कई हिस्सों में राहत शिविर बनाए किए जा रहे हैं। शनिवार रात को राष्ट्रीय राजमार्ग-10 (एनएच-10) पर भी भूस्खलन हुआ। हालांकि, रविवार दोपहर तक कुछ हिस्सों की मरम्मत हो सकी। दार्जिलिंग जाने का मुख्य मार्ग पंखाबाड़ी रोड बहुत जोखिम भरा है, लेकिन वर्तमान में यात्रियों को इसी मार्ग से सुरक्षित निकाला जा रहा है। अब तक फंसे पर्यटकों की सही संख्या का अनुमान नहीं है। जीटीए प्रमुख और प्रजातांत्रिक मोर्चा नेता अनित थापा ने बताया कि केवल मिरिक क्षेत्र में ही 15 मौतों की सूचना मिली है। दार्जिलिंग के सांसद राजू बिष्ट ने कहा कि दार्जिलिंग और कालिम्पोंग जिलों में भारी बारिश के कारण जन-धन की भारी क्षति हुई है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, हम हालात की निगरानी कर रहे हैं और भाजपा कार्यकर्ताओं को राहत कार्य में शामिल होने का निर्देश दिया गया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने घोषणा की है कि वह सोमवार को उत्तर बंगाल पहुंचेंगी और सिलीगुड़ी से पूरी स्थिति की निगरानी करेंगी। उनके निर्देश पर सिलीगुड़ी के मेयर गौतम देव और जिलाधिकारी प्रीति गोयल ने रविवार दोपहर दूधिया पुल का निरीक्षण किया। इंजीनियरिंग टीमें वैकल्पिक मार्ग तैयार करने में जुटी हैं। सिलीगुड़ी के कई इलाकों में भी बाढ़ का पानी भर गया है। विशेषकर पोराझार इलाके में महानंदा नदी का तटबंध टूटने से कई गांव जलमग्न हो गए हैं। कूचबिहार में रविवार सुबह से ही हालात बिगड़ गए। शहर के लगभग 20 वार्डों में पानी घुस गया है। कई जगहों पर घुटनों तक, तो कहीं कमर तक पानी भर गया है। तोर्सा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है, जिससे बाढ़ का खतरा और बढ़ गया है। उत्तर बंगाल के छह जिलों में भारी वर्षा का अलर्ट जारी है। उत्तर और दक्षिण दिनाजपुर में अभी बारिश हल्की है, लेकिन मौसम विभाग की ओर से अगले 24 घंटे में भारी बारिश की संभावना जताई गई है। मालदह जिले के मानिकचक ब्लॉक में गंगा और फूलहर नदियों का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। हालांकि, अभी स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन बिहार और झारखंड में बारिश जारी रही तो महानंदा नदी का जलस्तर बढ़ने से संकट गहरा सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इतनी भारी बारिश दार्जिलिंग ने पहले भी देखी है, लेकिन एक रात में इतनी तबाही पहले कभी नहीं हुई। लोगों का आरोप है कि बालासन नदी से पत्थर-बोल्डर की अवैध निकासी और अंधाधुंध निर्माण कार्य ने इस आपदा को और भयानक बना दिया है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने दार्जिलिंग हादसे में हुई मौतों पर दुख जताया



**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दार्जिलिंग में पुल हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दुख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पोस्ट कहा कि दार्जिलिंग में पुल हादसे में जान गंवाने वालों के लिए गहरा दु:ख है। जिन्होंने अपने प्रियजन खोए हैं, उन्हें मेरी संवेदनाएं। घायल लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारी बारिश और भूस्खलन के मद्देनजर दार्जिलिंग और आस-पास के क्षेत्रों की स्थिति पर करीबी निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। उल्लेखनीय है कि उत्तर बंगाल में लगातार हो रही भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। दार्जिलिंग जिले में भूस्खलन और पुल टूटने की घटनाओं में कई लोगों के मारे जाने की सूचना है, जबकि दो लोग लापता बताए जा रहे हैं। इलाके के मिरिक और सुखिया क्षेत्रों में हुए भूस्खलन ने कई लोगों की जान ली। हादसे के बाद दार्जिलिंग जिला पुलिस और आपदा प्रबंधन टीम राहत और बचाव कार्य में जुटी हुई है। वहीं, कालिम्पोंग में स्थिति अब भी गंभीर बनी हुई है।

### कांग्रेस अध्यक्ष खरगे और राहुल गांधी ने पश्चिम बंगाल व सिक्किम आपदा पर जताया शोक



**नई दिल्ली :** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रविवार को पश्चिम बंगाल और सिक्किम के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश और भूस्खलन से हुई जनहानि पर शोक व्यक्त किया है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि वह पश्चिम बंगाल और सिक्किम, विशेषकर दार्जिलिंग और उत्तर बंगाल क्षेत्रों में आई तबाही से बेहद चिंतित हैं, जहां कई लोगों की जान गई और एक पुल भी ढह गया। उन्होंने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि पीड़ितों को शीघ्र और पर्याप्त मुआवजा मिलेगा। साथ ही केंद्र सरकार से प्रभावित राज्यों को तत्काल राहत सहायता और एनडीआरएफ की अतिरिक्त टीमें भेजने का आग्रह किया। राहुल गांधी ने भी एक्स पर लिखा कि पश्चिम बंगाल और सिक्किम में हुई भारी बारिश और भूस्खलन की घटनाओं में कई लोगों की मौत और लापता होने की खबर बेहद दुखद है। उन्होंने प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना जताई और लापता लोगों के सुरक्षित मिलने की प्रार्थना की। राहुल गांधी ने प्रशासन से राहत-बचाव कार्य तेज करने और केंद्र सरकार से प्रभावित राज्यों को तत्काल आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की अपील की। दोनों नेताओं ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से भी अपील किया कि वे प्रशासन का सहयोग करते हुए प्रभावित लोगों तक हर संभव मदद पहुंचाएं।

### पंजाब से उद्योगपति राजिंदर गुप्ता को आप ने उम्मीदवार बनाया

**नई दिल्ली :** आम आदमी पार्टी (आआपा) ने पंजाब से राज्यसभा की एक सीट के उपचुनाव के लिए उद्योगपति राजिंदर गुप्ता को उम्मीदवार बनाया है। इसकी घोषणा रविवार को आआपा की राजनीतिक मामलों की समिति (पीएसी) ने की है। आआपा उम्मीदवार राजेंद्र गुप्ता ट्राइडेंट ग्रुप के चेयरमैन हैं। उन्होंने हाल ही में दो महत्वपूर्ण पदों से इस्तीफा दिया। उन्होंने राज्य आर्थिक नीति एवं नियोजन बोर्ड के उपाध्यक्ष पद से और काली देवी मंदिर सलाहकार समिति के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया है। उल्लेखनीय है पंजाब की यह सीट आआपा के संजीव अरोड़ा के इस्तीफे से खाली हुई थी। संजय अरोड़ा ने हाल ही में पंजाब विधानसभा उपचुनाव जीतने के बाद सांसद पद से इस्तीफा दे दिया था। संजीव अरोड़ा का कार्यकाल 9 अप्रैल 2028 तक था। लेकिन लुधियाना वेस्ट विधानसभा सीट से जीत दर्ज करने के बाद उन्होंने राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा देना पड़ा। इसके बाद यह सीट खाली हो गई। चुनाव आयोग ने इस सीट पर 24 अक्टूबर को मतदान की घोषणा की है। चुनाव आयोग के कार्यक्रम के मुताबिक, अधिसूचना 6 अक्टूबर को जारी की जाएगी। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तिथि 13 अक्टूबर होगी, जबकि नामांकन 16 अक्टूबर तक वापस लिए जा सकेंगे।


# पहलगाम हमले में मदद करने वाले ओवर ग्राउंड वर्कर गिरफ्तार

एजेंसी

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक ऐसे ओवर ग्राउंड वर्कर (ओजीडब्लू) को गिरफ्तार किया है, जिसने 22 अप्रैल को पहलगाम हमले में शामिल आतंकवादियों से चार बार मुलाकात की थी। उसने उन्हें एक एंड्रॉइड फोन चार्जर दिया था, जो एक महत्वपूर्ण सबूत था जिसके आधार पर अंततः उसे पकड़ लिया गया। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि सितंबर के आखिरी हफ्ते में सुलेमान उर्फ आसिफ, जिबरान और हमजा अफगानी को महत्वपूर्ण रसद सहायता प्रदान करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। इन्हीं तीनों आतंकियों ने पहलगाम के रिसॉर्ट शहर में 26 पर्यटकों को गोली मारकर हत्या कर दी थी। अधिकारियों ने बताया कि कटारी ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि वह श्रीनगर शहर के बाहर जबरवान पहाड़ियों में चार बार इन तीनों से मिला था। जुलाई में शुरू किए गए आतंकवाद रोधी अभियान ऑपरेशन महादेव के परिणामस्वरूप पहलगाम नरसंहार में शामिल तीन आतंकवादी श्रीनगर के बाहरी इलाके में जबरवान रेंज की तलहटी में मारे गए थे। पुलिस ने आंशिक रूप से नष्ट हुए एंड्रॉइड मोबाइल फोन चार्जर की जांच के बाद 26 वर्षीय मोहम्मद यूसुफ कटारी पर ध्यान केंद्रित किया, जो ऑपरेशन के दौरान बरामद कई वस्तुओं में से एक था। श्रीनगर पुलिस ने आखिरकार चार्जर के असली मालिक का पता लगा लिया, जिसने एक डीलर को फोन बेचने की पुष्टि की। यही वह जानकारी थी, जिसने धीरे-धीरे पुलिस को कटारी तक पहुंचाया। अधिकारियों ने कहा कि स्थल से बरामद सामग्री के फोरेंसिक विश्लेषण के बाद कटारी को गिरफ्तार करने में सफलता मिली। कटारी कथित तौर पर ऊंचे इलाकों में खानाबदोश छात्रों को पढ़ाता था। ऐसा माना जाता है कि उसने चार्जर उपलब्ध कराने और हमलावरों को दुर्गम इलाकों में मार्गदर्शन करने में मदद की थी।

# भारत की एकता को भाषा, धर्म या क्षेत्रीय पहचान से नहीं बल्कि आध्यात्मिक दृष्टि से देखना होगा : मोहन भागवत

एजेंसी



**सतना :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि भारत की एकता को भाषा, धर्म या क्षेत्रीय पहचान से नहीं, बल्कि आध्यात्मिक दृष्टि से देखना होगा। आज जरूरत है कि हम अच्छा दर्पण देखें, वह जो हमें एक दिखाए। उन्होंने कहा कि जो हम घर का कमरा छोड़कर आए हैं, एक दिन उसे वापस लेकर फिर से डेरा डालना है। जो हमारा हक है, उसे हम वापस लेंगे, क्योंकि वह हमारा ही है। सरसंघचालक डॉ. भागवत आज यहां बाबा सिंधी कैंप स्थित मेहर शाह दरबार के नए भवन का लोकार्पण अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत की विविधता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। हम सब सनातनी हैं, हम सब हिंदू हैं। पर एक चालाक अंग्रेज आया, जिसने हमें टूटा हुआ दर्पण दिखाया और अलग-अलग कर गया। उसने हमारी आध्यात्मिक चेतना छीन ली, हमें भौतिक वस्तुएं दे दीं और उसी दिन से हम एक-दूसरे को अलग समझने लगे। भारत की एकता को भाषा, धर्म या क्षेत्रीय पहचान से नहीं, बल्कि आध्यात्मिक दृष्टि से देखना होगा। आज जरूरत है कि हम अच्छा दर्पण देखें, वह जो हमें एक दिखाए। जब हम आध्यात्मिक परंपरा वाले दर्पण में देखेंगे, तो पाएंगे कि सब एक हैं। यही दर्पण हमारे गुरु दिखाते हैं, और हमें उसी मार्ग पर चलना चाहिए। ये अवसर भले धार्मिक था, परंतु इसका भाव सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बन गया। डॉ. भागवत के ओजस्वी शब्दों ने उपस्थित जनसमूह में वह ऊर्जा भर दी, जिसने सबको अपने सनातन स्वरूप की याद दिलाई। अपने संबोधन में डॉ. भागवत ने सबसे पहले इस बात पर बल दिया कि हम सभी अपने भीतर झांकें, अपने अहंकार को त्यागें और अपने स्व को पहचानें। जब हम स्वयं को पहचानेंगे, तभी समाज में परिवर्तन आएगा, उन्होंने कहा, भारत में अनेक भाषाएं हैं, लेकिन भाव एक ही है, मातृभूमि के प्रति प्रेम और एकता की भावना। अपने भाषण के भावनात्मक हिस्से में संघ प्रमुख ने बंटवारे की ऐतिहासिक पीड़ा का उल्लेख करते हुए, कहा कि 1947 के विभाजन में जो सिंधी भाई पाकिस्तान नहीं गए, वे वास्तव में अविभाजित भारत के प्रतीक हैं।

# बिहार चुनाव : 243 सीटों के लिए आयोग करेगा एक चरण में मतदान पर जल्द निर्णय

एजेंसी




**पटना :** बिहार की राजधानी पटना में रविवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में निर्वाचन आयोग के दल ने विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों के अधिकारियों, पुलिस विभाग और केंद्रीय बलों के नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की। अपने दो दिवसीय बिहार दौरे के दूसरे और आखिरी दिन मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने प्रेस वार्ता में की और चुनाव से पहले अब तक की कार्रवाईयों का निचोड़ बताया। ज्ञानेश कुमार ने पत्रकार वार्ता में कहा कि जैसे हम त्योहारों को मनाते हैं, उसी तरह लोकतंत्र के पर्व को उत्सव के साथ मनाएं। उन्होंने लोगों से बढ़-चढ़कर मतदान में भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जहां तक राज्य की सभी 243 सीटों पर एक चरण में कराने की बात है, उसपर चुनाव आयोग जल्द निर्णय लेगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि बिहार के 9,0217 बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) ने ऐसा काम किया, जो पूरे देश के लिए अनुकरणीय है। विश्व को वैशाली ने ही गणतंत्र का रास्ता दिखाया था। वैसे ही बूथ लेवल अधिकारी लोकतंत्र का रास्ता दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि बिहार में 243 विधानसभा सीट हैं। विधानसभा की काल अवधि 22 नवम्बर 2025 को समाप्त हो रही है। इससे पहले ही चुनाव संपन्न होंगे। चुनाव आयोग के अधिकारी सभी राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर चुके हैं। इसके अलावा सभी जिम्मेदार अधिकारियों के साथ भी बैठक हुई है। ज्ञानेश कुमार ने कहा कि हर जगह पर 100 प्रतिशत वेब कास्टिंग होगी। 100 मीटर की दूरी पर हर उम्मीदवार अपना बूथ लगा सकते हैं। चुनाव आयोग 17 नए प्रयोग बिहार विधानसभा चुनाव में करने जा रहा है। आगे यह पूरे देश में लागू होगा। मतदाता पहचान पत्र में वोटर आईडी नंबर बड़ा होगा। ईवीएम की काउंटिंग में कोई भी गलती होगी, तो सभी वीवीपैट की गिनती होगी। इसके अलावा बैलेट वोट की भी गिनती अनिवार्य होगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि प्रत्येक चुनाव से पहले मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण आवश्यक है और चुनाव के बाद इसकी समीक्षा करना कानून के अनुरूप नहीं होगा। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची बनाने की जिम्मेदारी निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) की होती है। बिहार के 243 ईआरओ ने मिलकर मतदाता शुद्धिकरण का काम किया। अगर किसी का नाम मतदाता सूची में नहीं आ पाया, तो इसके लिए जिलाधिकारी (डीएम) से अपील की जा सकती है। ज्ञानेश कुमार ने कहा कि हर मतदान केंद्र पर मतदान होने से पहले मॉक पोल होता है। इसमें प्रत्याशियों के सामने ईवीएम में पोलिंग होती है और वीवीपैट से इसका मिलान होता है। इसके बाद फॉर्म 17 भरा जाता है। उन्होंने सभी पार्टियों से अपने एजेंट जरूर नामित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि खर्च की सीमा चुनाव आयोग की ओर से जारी तय की गयी है।

### भारत सेमीकंडक्टर, एआई और स्वदेशी दूरसंचार में नेतृत्व कर रहा है : सिंधिया

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारत सेमीकंडक्टर, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और स्वदेशी दूरसंचार तकनीक के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। संचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने कहा कि भारत अब निवेश का गंतव्य नहीं, बल्कि विश्व के लिए एक दिशा और दृष्टि बन गया है। सिंधिया ने आज नई दिल्ली में आयोजित चौथे कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन में कम्युनिकेशंसः इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज विषय पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक चुनौतियों को अवसरों में बदल दिया है। उन्होंने बताया कि भारत का 76 हजार करोड़ रुपये का सेमीकंडक्टर मिशन आत्मनिर्भर भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जिसके तहत 85 हजार युवाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है और 1.6 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश हो चुका है। सिंधिया ने कहा कि आज भारत 1.22 अरब टेलीफोन सब्सक्राइबर और 94.4 करोड़ ब्रॉडबैंड उपयोगकर्ताओं के साथ विश्व का सबसे तेजी से बढ़ता दूरसंचार बाजार है। मात्र 22 महीनों में 99.8 प्रतिशत जिलों में 5जी नेटवर्क स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि भारत के यूपीआई प्लेटफॉर्म के माध्यम से सालाना लगभग 260 अरब लेनदेन होते हैं, जो विश्व के 46 प्रतिशत डिजिटल लेनदेन के बराबर हैं। उन्होंने बताया कि बीएसएनएल का स्वदेशी 4जी स्टैक आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। सी-डॉट, तेजस नेटवर्क्स और टीसीएस के सहयोग से विकसित इस प्रणाली के तहत देशभर में 92,564 टावर लगाए गए हैं, जिन्हें आगे 5जी में उन्नत किया जा सकेगा।

## एक नजर

### अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक घायल, रेफर

**बरही** : करियातपुर में एक अज्ञात वाहन के चपेट में आने से स्कॉर्पियो में सवार कोरियाडीह निवासी संदीप कुमार पिता जगदीश प्रसाद कुशवाहा गंभीर रूप से घायल हो गए। तत्काल उन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया।

### आपसी विवाद में मारपीट, दोनों पक्षों के कुल 10 लोग घायल

**बरही** : बरसोत पंचायत के श्रीनगर में आपसी विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट में एक पक्ष से चार एवं दूसरे पक्ष से छह लोग घायल हो गए। घायलों में प्रथम पक्ष से पप्पू शर्मा, राहुल शर्मा, ओम प्रकाश ठाकुर तीनों के पिता बिनोद ठाकुर, मीना देवी पति बिनोद ठाकुर सभी श्रीनगर निवासी एवं दूसरे पक्ष के लक्ष्मी कुमारी पति शंकर शर्मा संगीता कुमारी पति सिकंदर शर्मा, शंकर शर्मा, रणजीत शर्मा,सिकंदर शर्मा सभी के पिता बाबूलाल ठाकुर, कलवा मासोमात पति बाबूलाल ठाकुर सभी श्रीनगर निवासी शामिल हैं। सभी का प्राथमिक उपचार बरही अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया।

### भारी बारिश के कारण घर ढहा परेशानी बढ़ी आवास की मांग



**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत हरली पंचायत की हरली गांव में रेखा देवी पति सरोज कुमार का मिट्टी का बना खपरैल मकान, भारी बारिश में ढह गया। जिसके कारण रेखा देवी के परिवार को रहने के लिए परेशानी बढ़ गई है। भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष त्रिवेणी महतो ने प्रशासन से पीड़ित के लिए आवास की मांग की है। त्रिवेणी ने कहा कि पीड़ित महिला अत्यंत गरीब एवं निर्धन है जल्द से जल्द इसे आवास मिलना चाहिए ताकि अपने परिवार के साथ सुखमय जिंदगी गुजार सके।

### ताजपुर में सोना सोबरन योजना के तहत साड़ी-धोती का वितरण



**चौपारण** : प्रखंड के ताजपुर पंचायत में रविवार को सोना सोबरन योजना के तहत लाभुकों के बीच साड़ी और धोती का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुखिया उषा देवी एवं उनके प्रतिनिधि अभिमन्यु भगत ने संयुक्त रूप से वितरण कार्य संपन्न किया। मुखिया उषा देवी ने बताया कि राज्य सरकार की सोना सोबरन योजना का उद्देश्य गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को राहत प्रदान करना है, ताकि वे सम्मानपूर्वक जीवन जी सकें। वहीं उपस्थित ग्रामीणों ने इस योजना के सुचारू संचालन और पारदर्शी वितरण प्रक्रिया के लिए मुखिया एवं पंचायत प्रतिनिधियों की सराहना की।


# झामुमो केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडे, और फागु बेसरा को गर्म जोशी के साथ किया गया भव्य स्वागत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सह दर्जा प्राप्त मंत्री विनोद कुमार पांडे , फागु बेसरा, झामुमो केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य सह हजारीबाग जिला अध्यक्ष संजीव बेदिया तथा केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी को बड़कागांव आगमन पर स्वागत किया गया। बड़कागांव मुख्य चौक में प्रखंड झामुमो अध्यक्ष सह श्रमिक संघ जिला सचिव संजय सिंह की अध्यक्षता में गर्म जोशी के साथ कार्यकताओं के द्वारा ढोल मांदर आदिवासी परंपरा के अनुसार लोगों को सखुवा पत्ता की टोपी एवं माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। स्वागत के पश्चात विनोद कुमार पांडे अपनी टीम के साथ चतरा के लिए रवाना हो गए।मौके पर बड़कागांव झामुमो प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह ,झामुमो केंद्रीय सदस्य सुनील शर्मा,यासीन खान ,राजा खान, झामुमो मीडिया प्रभारी संजय भुईयां,सुरेंद्र बांडो प्रखंड अध्यक्ष कटकदाग, संजय करमाली, उदय अग्रवाल, सफीउल्लाह अंसारी, इंद्रदेव राम ,सरोज मेहता,राकेश मिश्रा तुलसी महतो, मनोज गुप्ता ,नंदकिशोर भुईयां, चुरामन गंझु, राजेश हंसदा फालेंद्र गंझु,अजय कुमार, अनुज कुमार, सूरज वर्मा, अमन दास, हरिंद्र भुईयां,राज कुमार के अलावा अन्य उपस्थित थे।

## आदित्य साहू को भाजपा प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर पूर्व मंडल अध्यक्ष बेचन साव ने दी बधाई



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने झारखंड से राज्यसभा सांसद आदित्य साहू को भारतीय जनता पार्टी , झारखंड प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त करने पर बड़कागांव पूर्व मंडल अध्यक्ष बेचन साव ने आदित्य साहू को बधाई दी। श्री साव ने कहा कि आदित्य साहू के प्रदेश भाजपा कार्यकारी अध्यक्ष बनने से भारतीय जनता पार्टी को मजबूती मिलेगी और पार्टी का झारखंड में जनाधार बढ़ेगा। श्री साहू पिछले कई वर्षों से पार्टी के विभिन्न पदों में रहकर पार्टी के जनाधार बढ़ाने का काम किया तथा वर्तमान में झारखंड से राज्यसभा के सांसद हैं। श्री साहू तेली समाज से आते हैं जिसकी झारखंड में लगभग 11% आबादी है तथा वहीं वैश्य समाज के झारखंड में लगभग 17% की आबादी है, जिससे तेली/वैश्य समाज का भारतीय जनता पार्टी के प्रति विश्वास बढ़ेगा और आने वाले चुनाव में इससे भाजपा को काफी फायदा पहुंचेगा। बधाई देने वाले में मुख्य रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष बेचन साव, मंडल उपाध्यक्ष अशोक साव, नापो खुर्द उपमुखिया प्रतिनिधि हिरालाल साव, विजय यादव, जोपाल बेसरा, इत्यादि भाजपाई शामिल हैं।

## डॉ राजेंद्र प्रसाद स्कूल के 10 खिलाड़ी राज्य स्तरीय खेलो झारखंड वशु प्रतियोगिता में लेंगे हिस्सा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** एसजीएफआई का राज्य स्तरीय खेलो झारखंड वशु प्रतियोगिता में बोकारो जिला के चयनित 13 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे' जिला वशु टीम में बेहतर खेल प्रदर्शन के आधार पर डॉ राजेंद्र प्रसाद पब्लिक स्कूल सेक्टर 9 रानीपोखर के कुल 10 खिलाड़ी का चयन किया गया है। यह जानकारी देते हुए बोकारो जिला वशु संघ के सचिव सिंहान खेदु गोराइ ने बताया कि बोकारो जिला वशु टीम में कुल 13 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। साथ ही राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर खेल प्रदर्शन को लेकर जोर शोर से अभ्यास के माध्यम से तैयारी कर रहे हैं। जिसमें डॉ राजेंद्र प्रसाद पब्लिक स्कूल के खिलाड़ी अंडर 17 बालिका वर्ग में अमृता कुमारी, अंतरा कुमारी, पूजा कुमारी, कविता कुमारी, महक कुमारी, गीता कुमारी का चयन किया गया है'



इसके अतिरिक्त अंडर 17 बालिका में केंद्रीय विद्यालय चंद्रपुरा की आर्य' अंडर-19 बालिका में भीके एम इंटर कॉलेज चास की मान्यता कुमारी ,अंडर 17 बालक वर्ग में डॉ राजेंद्र प्रसाद पब्लिक स्कूल के शुभम कुमार, शुभम कुमार दास व गगन कुमार साहू ,अंडर 19 बालक वर्ग में अभय पांडे व करौली स्प्रिगडले स्कूल के सारांश कुमार का चयन किया गया है ।बोकारो जिला टीम में 10 खिलाड़ियों के चयन पर डॉ राजेंद्र प्रसाद पब्लिक स्कूल के प्राचार्य मुकेश कुमार ने सभी चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी' उन्होंने बताया कि बोकारो जिला की चयनित टीम 9 अक्टूबर व 10 अक्टूबर को रांची के ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव स्टेडियम में आयोजित होने वाली एसजीएफआई का राज्य स्तरीय खेलो झारखंड वशु प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी व बेहतर खेल प्रदर्शन करते हुए बोकारो जिला को पदक भी दिलाने में सफल रहेगी।

## गौरियाकर्मा में नव नियुक्त जिलाध्यक्ष का स्वागत, पंचायत कमेटी को प्रमाण पत्र वितरित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत गोरिया करमा पंचायत में कांग्रेस पार्टी के पंचायत अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री जयप्रकाश भाई पटेल उपस्थित रहे। कांग्रेसी कार्यकताओं ने जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर निजामुद्दीन अंसारी एवं जितेंद्र गिरी के नेतृत्व में स्वागत किया गया। कांग्रेस के नव मनोनीत पंचायत पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा SIR के नाम पर बीजेपी को मदद कर रहा है। बिहार में चुनाव पूर्व किए गए रक्कप्रक्रिया से बीजेपी के खिलाफ मतदान करने वाले 65 लाख मतदाताओं का नाम चिन्हित कर मतदाता सूची से काट दिया गया। इसका विरोध कांग्रेस सहित सभी विपक्षी पार्टियों द्वारा न सिर्फ विरोध किया गया है ।बल्कि इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर किया गया है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि शीघ्र ही सभी पंचायत पदाधिकारियों को जिला स्तर पर प्रशिक्षण दिया जाएगा,इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता तोखन रविदास, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र गिरी, गिरधारीलाल यादव पूर्व प्रमुख पंचायत अध्यक्ष विजय रविदास,प्रखंड उपाध्यक्ष प्रकाश विश्वकर्मा, महासचिव मोहम्मद कयूम, मुरली रविदास, केदार पासवान ,यासिर खान, इरफान अंसारी, उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार, मनोज पांडे, मोती महतो, सूरज विश्वकर्मा, अशोक कुशवाहा महासचिव, हीरामन पंडित महासचिव, उदय राणा उपाध्यक्ष, लखन यादव, रामचंद्र चौधरी, राधे श्याम सिंह, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गुरु गोविंद सिंह पार्क को जिला प्रशासन ने कराया खाली, पुलिस बल तैनात

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** सिख समुदाय के भारी विरोध के बाद जिला प्रशासन ने गुरु गोविंद सिंह पार्क को पूरी तरह से खाली कराकर अपने कब्जे में ले लिया। पार्क को तत्काल प्रभाव से तालाबंदी कर दी गई है और आसपास एहतियातन पुलिस बल तैनात किया गया है। इस कार्रवाई को प्रशासन ने सिख समुदाय द्वारा दी गई सूचना पर की गई है सिख समुदाय का कहना है कि, लगातार सिकायत मिल रही थी कि पार्क में असमाजिक तत्वों का जामताड़ा लगातार हो रहा था नशा खोरी करने वाले लोग यहां नशा पान करने के लिए उपयोग कर रहे थे, सिख समुदाय ने एक माली विरेन्द्र कुमार मेहता को देख रेख करने को दिया था जिसे खाली करने को कहा गया लेकिन वह खाली नहीं कर रहा था जिस कारण प्रशासन से मदद की गुहार लगाई प्राप्त सूचना के अनुसार, पार्क में कुछ व्यक्तियों ने अवैध कब्जा किया हुआ था, जिसके चलते प्रशासन ने चेतावनी दी थी। चेतावनी अनदेखी होने पर



रविवार को दो बजे सदर अंचलाधिकारी और जिला प्रशासन की टीम पार्क पहुंची। उन्होंने पार्क के मुख्य प्रवेश द्वारों पर ताले बंद कर दिए और पार्क की सीमा को पूरी तरह तालाबंदी कर दी, इसके साथ ही पुलिस बल को तैनात किया गया ताकि किसी भी तरह की अव्यवस्था, विरोध या विरोध प्रदर्शन से निपटा जा सके। इस संबंध में प्रशासन के अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई कानूनी प्रक्रिया के तहत की गई है।पार्क पर हुए कब्जों पर समय से नोटिस दिए गए थे और उन्हें हटाने का अवसर भी दिया गया था।

# जंगल कटाई के दौरान हिंसा, युवक पर चाकू से हमला

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**केरेडारी :** केरेडारी प्रखंड को सीसीएल के चन्द्रगुप्त कोल खनन परियोजना के लिये जंगल कटिंग का कार्य चल रहा था इसी बीच पचड़ा पंचायत के मुखिया महेश प्रसाद साव के समर्थक ने पचड़ा निवासी मुकेश कुमार ठाकुर पर चाकू से जानलेवा हमला किया गया जिससे मुकेश ठाकुर को सिर में वार कर जख्मी कर दिया गया है जिनका प्राथमिक इलाज केरेडारी सीएचसी में कराने के बाद रेफर किया गया है। यह आरोप घायल मुकेश ठाकुर ने लगाया है। मुकेश ने बताया कि सीसीएल के लिये जंगल कटिंग हो रहा था जिससे हम देखने वहां गए थे इसी बीच पचड़ा पंचायत के मुखिया महेश प्रसाद साव अपने 30 से 40 समर्थकों के साथ आये और हंगामा करने लगे मैं वहीं खड़ा था और मुखिया जी के समर्थक पवन राणा पिता गंदोरी राणा चाकू से हमारे गर्दन में हमला करना चाहा लेकिन हम झुक गए तो सर में लग गयी पवन राणा के साथ उसका भाई प्रकाश राणा भी साथ मे था।

मुखिया महेश प्रसाद साव सीसीएल चंद्रगुप्त कॉल खनन परियोजना कंपनी के ऑफिसर के साथ मुखिया महेश प्रसाद साव दलालों के रूप में रहकर पचड़ा पंचायत के एवं चट्टी ग्राम बरियातू के ग्रामीणों को काफी नुकसान पहुंचा रहे हैं सूत्रों के अनुसार बताया गया की सीसीएल चंद्रगुप्त कॉल खनन परियोजना जब इस गांव में प्रवेश किया था तो काफी जमीन गरीबों का महेश प्रसाद साव के द्वारा दलाली करके इधर-उधर करने का मामला सामने आया था जिससे चट्टी बरियातू के




ग्रामीणों ने जब ऑफिशियल ऑफिसर से से बात किया तो पता चला कि या सारा रणनीतिक मुखिया महेश प्रसाद साव के द्वारा किया जा रहा है मुखिया महेश प्रसाद साव के द्वारा अपने हाथों में कई समर्थकों को लेकर हमला करवाने में आगे रहते हैं जिससे वर्तमान में पेड़ कटाई के समय मुकेश कुमार ठाकुर को टारगेट लेते हुए अपने सहयोगी को बहका दिया इसी बीच मुकेश ठाकुर को चाकू से जानलेवा हमला कर दिया गया मुकेश ठाकुर को सहयोगी द्वारा बताया गया कि मुकेश ठाकुर को जब सर में चाकू लगा तो मुकेश ठाकुर एक गड्ढे में गिरा जिससे मुकेश ठाकुर बेहोश हो गया कुछ देर बाद हम लोग देखने गए तो मुकेश ठाकुर लहू लहान से पूरा लटपट हो गया था इसी बीच हमलोग केरेडारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाकर जांच करवाने का काम किए डॉक्टरों द्वारा बताया गया कि इस व्यक्ति को स्थिति काफी नाजुक है।

## संक्षिप्त खबरें

### चंदौल में काली पूजा मनाने को लेकर कमेटी का गठन, अध्यक्ष बने अवधेश सिंह व सचिव बने सूरज दास



**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत चंदौल में काली पूजा मनाने को लेकर काली मंदिर प्रांगण में ग्रामीणों की बैठक हुई हुई । बैठक की अध्यक्षता शिबू महतो के द्वारा की गई। बैठक में मुख्य रूप से पुराने साल का आय व्यय लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया एवं नए समिति का गठन किया गया। जिसमे अवधेश सिंह को अध्यक्ष, सूरज दास सचिव एवं शिबू महतो कोषाध्यक्ष बनाया गया। बैठक में काली मंदिर निर्माण समिति के द्वारा सभी समाज को बताया गया कि , काली मंदिर निर्माण कार्य हेतु जो भी चंदा लगाया गया है वह जल्द से जल्द निर्माण समिति को सौंपा जाए ताकि निर्माण कार्य में बाधा न आए।इस बार समिति काली पूजा पूरे धूम धाम से मनाएगी इसके लिए संरक्षक समिति बनाया गया है। जिसमें अशेश्वर राम,सनित महतो,विनोद यादव,सुरेश चौधरी,रामचंद्र गंझू,दिनेश्वर पासवान,काशी रजवार,महेंद्र यादव,तारकेश्वर दास, सागर यादव,लालदेव महतो,होरिल महतो,कृष्ण यादव,सुरेश राणा,नरेश रजवार सदस्य बनाया गया । अध्यक्ष अवधेश सिंह ने बताया कि काली पूजा के दूसरे दिन बच्चे बच्चियों का क्विज प्रतियोगिता एवं डांस प्रतियोगिता आयोजित किया जाएगा तथा तीसरे दिन मेला के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।बैठक में मुख्य रूप राहुल पासवान,रंजन पांडेय,खेमानी महतो,तुलसी महतो,लालू कुमार यादव,पप्पू प्रसाद,अजय रजवार,टेकलाल महतो,देशराज ,सूचित कुमार दास,मेघलाल महतो,प्रदीप महतो आदि शामिल थे।

### बरसोत में कांग्रेस पूर्वी मंडल की हुई बैठक, हस्ताक्षर अभियान चलाने पर जोर



**बरही** : कांग्रेस पार्टी की बरही पूर्वी मंडल की बैठक मंडल अध्यक्ष बिशुनधारी महतो की अध्यक्षता में हुई। बतौर पर्यवेक्षक मो तौकीर रजा मुख्य रूप से शामिल हुए। बैठक में संगठन की मजबूती के लिए प्रत्येक पंचायत में संगठन की ओर से हस्ताक्षर अभियान चलाने, वोट चोरी, एस आई आर तथा बीएलए के संबंध में चर्चा की गई। साथ ही प्रत्येक पंचायत में 20 सदस्यों को संगठन से जोड़कर संगठन का विस्तार करने पर भी बल दिया गया। प्रखंड उपाध्यक्ष संतोष रजवार ने कहा कि प्रत्येक पंचायत में बूथ स्तर पर हस्ताक्षर अभियान चलाकर संगठन को मजबूत करने पर बल दिया जाएगा। पर्यवेक्षक मो तौकीर रजा ने कहा कि वर्तमान समय में आपसी भाईचारगी को समाप्त करने की साजिश रची जा रही है। जिसको रोकना होगा। आपसी सौहार्द से ही राज्य या देश का विकास संभव है। मौके पर अजय कुमार, सुनील कुमार, महेश प्रसाद, बसंत रविदास, फजलू हसन, मुस्ताक अंसारी, बबिता देवी, महेंद्र चंद्रवंशी, सूरज हंसदा, मुन्ना सोरेन, गुल्लू भुइयां, नंदलाल रजवार शामिल थे।

### अवैध अतिक्रमण से बाधित हुई पीएम सड़क योजना की सड़क, ग्रामीणों ने अंचल अधिकारी को सौंपा आवेदन



**हजारीबाग** : विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत सारुकुदर पंचायत के फाराचांच में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित सड़क पर अवैध अतिक्रमण किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। सड़क पर अतिक्रमण के विरोध में स्थानीय ग्रामीणों ने अंचल अधिकारी नित्यानंद दास को एक आवेदन सौंपकर सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने अपने आवेदन में बताया है कि फाराचांच गांव के कुछ लोगों द्वारा निर्मित सड़क पर अवैध कब्जा कर लिया गया है। जिससे ग्रामीणों के आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही है।अतिक्रमण का आरोप गांव के ही लोगों पर लगाया गया है।ग्रामीणों का कहना है कि कई बार समझाने के बावजूद अतिक्रमण हटाया नहीं गया बल्कि उल्टा लड़ाई-झगड़े की नौबत आ गई। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क किनारे की गई बाउंड्री और वहां जमा मिट्टी के कारण बरसात में जलजमाव की स्थिति बन गई है।जिससे न केवल वाहनों का चलना मुश्किल हो गया है बल्कि पैदल चलना भी दूभर हो गया है। इस संबंध में अंचल अधिकारी नित्यानंद दास ने बताया कि मामला प्रक्रियाधीन है। उन्होंने स्वयं स्थल निरीक्षण किया, जिसमें प्रथम दृष्टया अतिक्रमण की पुष्टि हुई है। अंचल अधिकारी ने बताया कि राजस्व उप निरीक्षक, प्रभारी अंचल निरीक्षक तथा अमीन को जांच कर उचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही सड़क को अतिक्रमण मुक्त कर दिया जाएगा। ग्रामीणों को अब प्रशासनिक कार्रवाई का इंतजार है। सभी की नजरें अब इस बात पर टिकी हैं कि कब तक यह सड़क फिर से निर्बाध आवागमन के लिए खुलती है।

### हवाई पंचायत के ओरिसा अलॉय स्टील प्राइवेट लिमिटेड के विरोध में ग्रामीणों ने किया बैठक



**केरेडारी:** केरेडारी प्रखंड के उत्तरी क्षेत्र में आने वाले कोल माइनिंग कम्पनी ओरिसा अलॉय स्टील प्राइवेट लिमिटेड के अंतर्गत अधिग्रहित होने वाले 15 गांवों के ग्रामीणों ने जमीन नहीं देने के संकल्प के साथ एक बैठक किया जिसमे हेवई ,पहरा,बेंगवरी,हरला, कंडाबेर,बेलतु, जेमराआदि गांवों से हजारों महिला एवं पुरषों ने बैठक में भाग लिया जिसमे सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि किसी भी हाल में जमीन नहीं देंगें। सबों ने एक साथ जान देंगें जमीन नही देंगें के नारों के साथ एकजुट रहने की बात कही है।साथ हीं सभी लोगों ने कहा कि कंपनी के लोगों को गांव में प्रवेश नही करने देना है। साथ ही जो ब्यक्ति कंपनी को सहयोग करते पकड़ा जाएगा उसे दण्डित किया जाएगा। बैठक के अंत मे निर्णय लिया गया कि सभी गांव मे एक कमिटी का गठन किया जाएगा जो निगरानी करेगा।

# पुलिस की बड़ी कार्रवाई : हत्या में संलिप्त तीन आरोपी गिरफ्तार, लेनदेन के विवाद में हुआ था तनुश्री का मर्डर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** सदर थाना क्षेत्र के पीएचईडी पहाड़, फुचका टोली से 29 सितंबर 2025 को मिली अज्ञात लड़की की हत्या का मामला तेजी से सुलझ गया है। रांची पुलिस की तकनीकी शाखा और एफएसएल टीम की सक्रियता के चलते मृतिका की पहचान तनुश्री, पुत्री श्रवण नायक, निवासी चापावार, थाना ओरमाँझी, जिला रांची के रूप में हुई। मेडिकल बोर्ड द्वारा रिम्स अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया और शव 72 घंटे तक सुरक्षित रखा गया। मामले में सदर थाना काण्ड संख्या 473/2025, धारा 103(1)/238( )/3(5) बीएनएस दर्ज की गई थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या में संलिप्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है: 1. जयपाल सिंह, उम्र लगभग 50 वर्ष, पिता - बिरेन्द्र सिंह। 2. धीरज कुमार सिंह, उम्र 24 वर्ष, पिता - जयपाल सिंह। 3. करण कुमार सिंह, उम्र 19 वर्ष, पिता - जयपाल सिंह। सभी आरोपियों का स्थाई पता नगरा, बसरी, थाना लोहरदगा, जिला लोहरदगा है, जबकि वर्तमान पता पानी टंकी, शिवाजी नगर, बुटी, थाना सदर, जिला रांची है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त चाकू, मृतिका का मोबाइल सिम, एक स्मार्टफोन जिसमें फोनपे से पैसे ट्रांसफर करने का प्रयास किया गया था और दो अन्य स्मार्टफोन बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपी जयपाल सिंह के पास मृतिका का 80,000 रुपये बकाया था। तनुश्री द्वारा पैसे वापस मांगने पर आरोपियों ने 50,000 रुपये जबरन अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए और फिर उसकी हत्या कर दी। गिरफ्तार आरोपियों ने अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस मामले की जांच जारी रखे हुए है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई कर रही है।



## रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया झारखंड प्रदेश पुनर्गठित, शिव बने प्रदेश अध्यक्ष



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले ग्रुप) ने झारखंड प्रदेश इकाई का पुनर्गठन रविवार को किया। रांची में पार्टी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में सर्वसम्मति से शिव उरांव को प्रदेश अध्यक्ष और नारी सेना की अध्यक्ष पूनम सिंह को महिला प्रदेश अध्यक्ष चयनित किया गया। पार्टी के राष्ट्रीय सचिव विजय प्रसाद गुप्ता ने इसकी औपचारिक घोषणा की। उन्होंने कहा कि पार्टी बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के सपनों को साकार करने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक हक और न्याय पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। गुप्ता ने कहा कि झारखंड में 40 प्रतिशत से अधिक खनिज होने के बावजूद दलित, आदिवासी और पिछड़ा वर्ग अब भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। शिक्षा, स्वास्थ्य और सिंचाई व्यवस्था में सुधार आवश्यक है। उन्होंने अनुसूचित जाति आयोग (एससी कमीशन) के गठन की मांग की, ताकि दलित समाज को न्याय मिल सके। साथ ही झारखंड में विश्वस्तरीय खेल अकादमी की स्थापना पर बल दिया। मौके पर अशोक कुमार गुप्ता, प्रदीप कुजूर, देवी दयाल मुंडा, सिकंदर उरांव, रुखसाना परवीन सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## रांची में बीबीए छात्रा ने की आत्महत्या पंखे से लटका मिला शव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के हटिया में एक छात्रा का शव उसके कमरे में पंखे से दुपट्टे के सहारे लटका मिला।मकान मालिक सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। जगन्नाथपुर पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान इक्कीस वर्षीय स्वाति कुमारी के रूप में हुई है। वह रांची में एक प्राइवेट यूनिवर्सिटी से बीबीए कर रही थी। फिलहाल वह सेकेंड ईयर में थी। मकान मालिक ने घटना की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल की गहनता से जांच की। मौके से पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल की टीम को बुलाकर भी जांच करवाई गयी है। मकान मालिक ने बताया कि स्वाति ने दो दिन पूर्व ही किराए पर उनका एक कमरा लिया था। स्वाति बिहार के सासाराम की रहने वाली थी। क्योंकि यहां से यूनिवर्सिटी नजदीक है, इसलिए यूनिवर्सिटी के बहुत सारे बच्चे इस इलाके में रहते हैं। कमरा लेते समय स्वाति किसी भी तरह से दबाव में नहीं दिखी थी। जगन्नाथपुर थाना प्रभारी दिग्विजय सिंह ने बताया कि यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाली छात्रा के सुसाइड करने की सूचना प्राप्त हुई थी, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई और छानबीन दोनों ही की जा रही है। गत तीन अक्टूबर को छात्रा अपने सासाराम स्थित घर से रांची लौटी थी। उन्होंने बताया कि आत्महत्या के कारणों में अभी तक कोई स्पष्ट वजह नहीं मिल पाया है। प्रेम प्रसंग से लेकर हर बिंदु पर जांच की जा रही है। परिजनों के आने पर भी कई बातें खुलकर सामने आएंगी। मृतक के मोबाइल को भी साक्ष्य के लिए जब्त किया गया है। सासाराम में उनके पिता विश्वंभर पांडे को भी सूचना दे दी गई है।



## मारवाड़ी महिला सम्मेलन का दो दिवसीय सृजन स्पार्कल दिवाली मेला छह से

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन सृजन शाखा की ओर से दीपावली के उपलक्ष्य में छह और सात अक्टूबर को अग्रसेन भवन में सृजन स्पार्कल दिवाली मेला लगाया जा रहा है। अग्रसेन भवन में शाखा अध्यक्ष नेहा सरावगी, सचिव रीता मोदी, कोषाध्यक्ष निधी शर्राफ ने संयुक्त रुप से प्रेस वार्ता कर इसकी जानकारी दी। शाखा की पदाधिकारियों ने रविवार को बताया कि सृजन स्पार्कल मेले का उद्घाटन छह अक्टूबर को दोपहर 12:30 बजे मुख्य अतिथि सांसद महुआ माजी करेंगी। मेले में 55 स्टॉल्स लगाएं जायेंगे। इसमें कोलकाता, रामगढ़, तिलैया, रांची की बहने स्टॉल लगायेंगी। स्टॉल में एथनिक वियर, फ्यूजन वेयर, बेड कवर, भगवान की पोशाक, बंदनवार, हैंगिंग ज्वेलरी और हाथों से बने सजाने वाले सामान उपलब्ध होंगे। मेला में लोग प्रातः 11:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक आ सकेंगे। प्रवेश शुल्क मात्र 10 रुपये प्रति व्यक्ति रखा गया है। पदाधिकारियों ने बताया कि उद्घाटन अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रुप में नीरा बथवाल (निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष) अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला मंच, रूपा अग्रवाल (निवर्तमान राष्ट्रीय सचिव) अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला मंच, अमिता केडिया, पूजा डालमिया, राशी सरावगी, शालू सिंघानिया, नम्रता बगला, सोनल अग्रवाल, श्वेता सरावगी, अनामिका केडिया, आकृति सिंघानिया, राधिका अग्रवाल, सोनम सरावगी, शिखा सुरेका, सोनल जैन सहित अन्य सदस्य मौजूद रहेंगे।




## मारवाड़ी युवा मंच और जागृति महिला शाखा ने वॉकथॉन का किया आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मारवाड़ी युवा मंच, रांची दक्षिण शाखा और जागृति महिला शाखा के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को वॉकथॉन कार्यक्रम का आयोजन हिनू चौक से एयरपोर्ट पार्क तक किया गया। इस दौरान एयरपोर्ट पार्क के पास आमजनों के रक्तचाप, मधुमेह और वजन की निशुल्क जांच की गयी। एयरपोर्ट पार्क के पास हार्मनी हेल्थ केयर की टीम ने लगभग 80 लोगों की जांच की। कार्यक्रम के दौरान नेचुरल जूस का वितरण भी सदस्यों के बीच किया गया। जूस में करेला, आंवला, लौकी, खीरा, पुदीना, धनिया पत्ता, नींबू सहित अन्य लाभकारी फल एवं सब्जियां शामिल थीं। मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष ऋषभ रामपुरिया ने इस मौके पर कहा कि स्वस्थ हृदय के लिए सुबह पैदल चलना बहुत लाभदायक होता है। मंच के राष्ट्रीय कार्यक्रम को मारवाड़ी युवा मंच, रांची दक्षिण शाखा एवं महिला जागृति शाखा ने भव्यता के साथ अपने शाखा में संपन्न कराया। मंच के पूर्व सदस्य स्वर्गीय मुकेश शारदा की स्मृति में पौधारोपण का कार्यक्रम भी एयरपोर्ट पार्क के थाना परिसर में किया गया। कार्यक्रम के अतिथि श्यामू पंडित की ओर से पौधारोपण कर उसका शुभारंभ किया गया। दो मिनट का मौन रखकर और पौधारोपण दिवंगत मुकेश शारदा को मंच के सदस्यों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इससे पूर्व कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन हिनू चौक के समीप मां दुर्गा के मंदिर परिसर से मंच के अध्यक्ष ऋषभ रामपुरिया, सचिव राघव शारदा, कोषाध्यक्ष रामचंद्र अग्रवाल, महिला जागृति शाखा की अध्यक्ष प्रमिला श्रॉफ, सचिव खुशबू शारदा ने अतिथि एवं पूर्व अध्यक्ष का स्वागत कर किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के पूर्व अध्यक्ष रोहित शारदा, बालवीर जैन, संजय कुमार अग्रवाल, मोनू नाहटा अनिल सराफ, मम्मजी जैन सहित अन्य शामिल थे।

# कैलाशपति मिश्र ने जनसंघ काल से पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाया : बाबूलाल मरांडी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता, कुशल संगठनकर्ता और पूर्व राज्यपाल दिवंगत कैलाशपति मिश्र की जयंती रविवार को प्रदेश भाजपा की ओर से मनाई गई। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, कार्यकारी अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित पार्टी के अन्य नेताओं ने बिरसा चौक के समीप स्थित दिवंगत कैलाशपति मिश्र की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि दिवंगत कैलाशपति मिश्र विशाल व्यक्तित्व एवं कृतित्व के धनी थे। जनसंघ काल से ही उन्होंने झारखंड के सघन जंगल क्षेत्र में पार्टी की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाया। भाजपा का झारखंड में मजबूत जनाधार खड़ा करने, कार्यकर्ताओं को गढ़ने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही। उन्होंने कहा कि कैलाशपति मिश्र ने संगठनकर्ता, राजनेता, मंत्री और राज्यपाल जैसे संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन भी कुशलता और ईमानदारी से किया। भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू ने कैलाशपति मिश्र को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि उनका व्यक्तित्व और कृतित्व झारखंड के भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए एक पाथेय है। पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा और समर्पण हजारों कार्यकर्ताओं के लिए अनुकरणीय है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि कैलाशपति मिश्र एक कुशल संगठन कर्ता रहे। उन्होंने अभाव में भी पार्टी के कार्यों और विचारों को धरातल पर उतारा। वे सच्चे कर्मयोगी थे। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में वरिष्ठ नेता सुबोध सिंह गुड्डू, महानगर अध्यक्ष वरुण साहू, महामंत्री बलराम सिंह और जितेंद्र वर्मा सहित बड़ी संख्या में रांची महानगर के नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## एक नजर

### नेता प्रतिपक्ष का आरोप : म्यूटेशन में चल रहा भ्रष्टाचार का खेल

**रांची :** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड सरकार पर जमीन म्यूटेशन में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि झारभूमि पोर्टल के डाटा को स्टेट डाटा सेंटर में ट्रांसफर करने के बाद भी आवेदन खोलने में 15-20 मिनट का समय लग रहा है, जो बाबुओं की कारस्तानी का परिणाम है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि रांची जिले में म्यूटेशन के लगभग 18,000 मामले लंबित हैं। मरांडी का आरोप है कि यह स्लो इंटरनेट के कारण नहीं, बल्कि सीओ और बाबुओं की घूसखोरी के कारण है। उन्होंने मुख्यमंत्री से नए नियम बनाने की मांग की है, जिसमें पुश्तैनी जमीनों का बंटवारा गोतिया के साथ-साथ सरकारी हकदारों के बीच भी किया जा सके। उनका तर्क है कि इससे काला धन वैध हो जाएगा और गरीब जनता को म्यूटेशन के लिए अंचल कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

### पशु चिकित्सा महाविद्यालय के 50 विद्यार्थियों ने लिया वॉकथॉन में भाग

**रांची :** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के रांची पशुचिकित्सा और पशुपालन महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रविवार को 71वें वन्यजीव सप्ताह वॉकथॉन में भाग लिया। वॉकथॉन का आयोजन झारखंड सरकार के वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग ने किया था। अक्टूबर के पहला सप्ताह में पूरे देश में वन्यजीव सप्ताह के रूप में मनाया जाता है, जो वन्यजीव संरक्षण और जैव विविधता की सुरक्षा के महत्व को रेखांकित करता है। यह आयोजन लोगों में इस विषय के प्रति जागरूकता बढ़ाता है और वन्यजीव संरक्षण में जन भागीदारी को प्रोत्साहित करता है। रांची पशुचिकित्सा विज्ञान और पशुपालन महाविद्यालय के कुल 50 छात्र-छात्राओं ने 10 किमी वॉकथॉन में हिस्सा लिया और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के खेल प्रभारी डॉ अबसार अहमद भी मौजूद रहे और विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने बताया कि वॉकथॉन वन भवन, डोरण्डा से शुरू होकर कडरू, अरगोड़ा चौक, डिबडीह ओवरब्रिज, डीपीएस चौक, बिरसा चौक, हिनू चौक होते हुए वापस वन भवन लौटा। वॉकाथॉन का आयोजन हर कदम मायने रखता है: वन्यजीव बचाएं, पृथ्वी बचाएं थीम के अंतर्गत किया गया, जो दशार्ता है कि वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा में प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण है।

### झारखंड के गढ़वा जिले में 185 मिमी बारिश दर्ज

**रांची :** झारखंड के गढ़वा जिले के भवनाथपुर में पिछले 24 घंटे के दौरान 185 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई। यह जानकारी मौसम विभाग ने रविवार को दी। विभाग के अनुसार राज्य के जिन उत्तर पश्चिमी जिलों में अत्यधिक बारिश रिकार्ड की गई उनमें गढ़वा जिले के रमना में 143 मिलीमीटर, नगर ऊंटरी में 115 मिलीमीटर, खरौंधी में 84.5, सगमा प्रखंड में 78.6, बिशनपुर में 76.2, बढ़िया में 70, गढ़वा में 56 मिमी, सोनुआ में 52.2 मिमी,मसानजोर में 46.8 और रामगढ़ जिले के भुरकुंडा में 45 मिमी सहित अन्य इलाकों में बारिश रिकार्ड की गई। विभाग के अनुसार झारखंड के पश्चिमी बिहार के दक्षिण और दक्षिण पूर्वी उत्तर प्रदेश एवं उत्तरी छत्तीसगढ़ के ऊपर बना निम्न दबाव का क्षेत्र उत्तर पूर्व की ओर होते हुए बिहार की ओर कमजोर पड़ गया है। इससे आने वाले दिनों में मौसम साफ रहने की संभावना है। झारखंड में बारिश की संभावना नहीं है। पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान गोड्डा में 30 डिग्री और सबसे कम तापमान लातेहार में 20 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### तुपुदाना नेपाली कॉलोनी में गंदगी का अंबार, लोग परेशान



**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची के तुपुदाना के नेपाली कॉलोनी में गंदगी का अंबार लगा है। वहां की टूटी-फूटी सड़कें और सड़ांध मारती गंदगी स्थानीय प्रशासन की निष्क्रियता और दावों की पोल खोल रही है। नालियों का गंदा पानी भी सड़कों पर बह रहा है, जिससे स्थानीय निवासियों को परेशानी हो रही है। तुपुदाना रिंग रोड के नीचे और नेपाली कॉलोनी के मुहाने पर गंदगी का ऐसा साम्राज्य फैला है कि यहां से गुजरना अब लोगों के लिए संकट बन चुका है। पुल के नीचे और आसपास का पूरा इलाका बदबूदार पानी, सड़े कचरे और कीचड़ से भर गया है। राहगीर नाक पर कपड़ा (रूमाल) रखकर गुजरने को मजबूर हैं। लेकिन रांची नगर निगम और स्थानीय जनप्रतिनिधि पूरी तरह मौन हैं। शीघ्र सफाई और जल निकासी की ठोस व्यवस्था नहीं की गई, तो रिंग रोड से नेपाली कॉलोनी तक का यह इलाका जल्द ही बीमारी जोन बन जाएगा। यहां पुल के नीचे जलजमाव और कचरे का अंबार महीनों से जस का तस मटमैला गंदा पानी के रूप में स्थिर पड़ा है। जल निकासी नहीं होने के कारण लगातार बहकर आने वाली गंदगी अब सड़ांध मारने लगी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर निगम सिर्फ कागज पर सक्रिय है, जमीन पर सफाई का कोई काम नहीं दिखता। मनोज नाग का कहना है कि सड़क, सफाई और शुद्ध पेयजल तुपुदाना की मूलभूत समस्याएं बन चुकी हैं। विधायक, सांसद और अधिकारियों को कई बार शिकायत दी गई, लेकिन नतीजा शून्य है। लोग बीमारियों के खतरे के साए में जी रहे हैं। इस बार लगातार होनेवाली बारिश और सफाई में लापरवाही ने आमजनों का जीना और भी दूभर कर दिया है। स्थानीय निवासी रिक्की तोपनो का कहना है कि अगर पुल के नीचे पानी पार होने के लिए पाइप लगाया गया होता, तो यह हालत नहीं बनते। सफाई के नाम पर नगर निगम जीरो काम कर रहा है। विमला भेंगरा ने नाराजगी जताते हुए कहा कि जब यही स्थिति बगल के होटल के पास हुई थी, तो तत्काल सफाई कर दी गई, लेकिन यहां दो कदम की दूरी पर किसी को फर्क नहीं पड़ता। यह साफ-साफ भेदभाव है। विक्रम सिंह ने बताया कि शतरंजी बाहर हाइटेंशन टावर के पास और नेपाली कॉलोनी जाने वाली सड़क के मुहाने पर तो हालात और भी खराब हैं। सड़क किनारे कचरे के ढेर सड़ांध फैला रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के स्थानीय विधायक राजेश कच्छप ने फोन पर कहा कि यह मामला संज्ञान में है। तुपुदाना के नेपाली कॉलोनी का सड़क निर्माण कार्य जल्द होगा। साथ ही पुल के नीचे की समस्या का भी हल निकाला जाएगा।

### पंजाबी भवन में आयोजित नेत्र चिकित्सा शिविर में 150 मरीजों का हुआ निःशुल्क इलाज



**रांची :** रांची स्थित पंजाबी भवन में भगवान महावीर आई हॉस्पिटल के की ओर से नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 150 से अधिक लोगों की आंखों की जांच की गयी। संचालनकर्ता अरुण चावला ने बताया कि शिविर में आंखों में खुजली, मोतियाबिंद, काला मोतिया, आंखों से पानी गिरना, लाल होना व चोट आदि रोगों की जांच की गई। जांच के बाद 14 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया,जिनका इलाज अस्पताल में किया जाएगा। डॉक्टरों ने जिन मरीजों को चश्मा पहनने की सलाह दी, उन्हें पंजाबी हिंदू बिरादरी की ओर से नि:शुल्क चश्मा दिया गया। इससे पहले शिविर के उद्घाटन अवसर पर भगवान महावीर आई हॉस्पिटल के पूर्व अध्यक्ष पूरणमल जैन का स्वागत पंजाबी हिंदू बिरादरी के अध्यक्ष सुधीर उग्गल और राजेश खन्ना ने शॉल व पुष्पगुच्छ देकर किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से नागरमल सेवा सदन के अध्यक्ष अरुण छावछरिया, अजय भंडारी, विनोद अग्रवाल, गोविंद मोदी, सुनील गुप्ता, अजय सखूजा, राजेश मेहरा, विजय खन्ना सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

### हमारी यात्रा आत्मबोध से विश्वबोध की तरफ होनी चाहिए : गोपाल शर्मा



**रांची :** रांची के हरमू स्थित विद्यापति दलाल में रविवार को अखिल भारतीय साहित्य परिषद, झारखंड के तत्वावधान में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। आत्मबोध से विश्वबोध विषय पर आयोजित इस संगोष्ठी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रांत प्रचारक गोपाल शर्मा समेत अन्य गणमान्यों ने भी संबोधित किया। गोपाल शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि हमारी यात्रा आत्मबोध से विश्वबोध की तरफ होनी चाहिए। विश्व को जानने के लिए आत्म का ज्ञान प्रथम है, प्रकृति हमें कई प्रकार की चीजें उपलब्ध कराती है, परन्तु हमें यह जानना अति आवश्यक है कि हम प्रकृति को क्या देते हैं। उन्होंने कहा कि आज समाज को जाति, भाषा, प्रांत आदि में बांटने का कार्य किया जाता है। हमारे पूर्वज जिन्होंने राष्ट्र की स्वाधीनता, विकास और श्रेष्ठता में अपना अहम योगदान दिया, उन्हें बाहर धकेल दिया और सत्ता हथिया ली गयी। इन्हीं का आत्मबोध करना है और राष्ट्रहित में कार्य करना है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय साहित्य परिषद के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अशोक सिंह ने कहा कि आत्मबोध के दो पक्ष राष्ट्रीय एवं आध्यात्मिक होते हैं। आध्यात्मिक पक्ष से ही राष्ट्रीय विचारधारा का एवं राष्ट्रीय पक्ष से ही अपने स्वराष्ट्र का बोध होता है। इन दोनों के आत्मबोध से ही राष्ट्र विश्वगुरु बनेगा। इस अवसर पर प्रांत महामंत्री विजय प्रकाश ने कहा कि भौतिक एवं आर्थिक सुखों से हटकर युवाओं को कार्य करना चाहिए, जिसमें नैतिक व संस्कारिक आदि का समावेश हो। एक बेहतर राष्ट्र की संकल्पना ही आत्मबोध से विश्वबोध को ओर ले जाती है। कार्यक्रम के दौरान रांची जिला के नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें राजश्री जयंती को जिला अध्यक्ष एवं विशाल कुमार को महासचिव बनाया गया। इस कार्यक्रम के अध्यक्षता परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह और संचालन प्रांत मंत्री इंद्रजीत यादव ने किया। कार्यक्रम में दीपक पांडे, डॉ. प्रशांत, विजय कुमार, अरुण कुमार झा, सदानंद सिंह यादव, कमाल खान, लक्ष्मीचंद दीक्षित सहित अन्य लोग मौजूद थे।

एक नजर

## शरद पूर्णिमा आज, रात्रि काल में भद्रा का साया 10:54 के बाद चंद्रमा की रोशनी में रखें खीर



**कोडरमा :** सोमवार को शरद पूर्णिमा पड़ रही है। इस दिन चंद्रमा अपनी पूर्ण चमक के साथ दिखाई देगा और मान्यता है कि उसकी किरणों से अमृत बरसता है। शरद पूर्णिमा 6 अक्टूबर सोमवार को दोपहर 12:24 बजे से शुरू होकर 7 अक्टूबर मंगलवार को सुबह 9:23 बजे तक रहेगी। पंडित कुंतलेश पांडेय के अनुसार, रात्रि काल में भद्रा का प्रभाव भी रहेगा। भद्रा काल को धार्मिक दृष्टि से अशुभ माना जाता है, इसलिए इस समय कोई मांगलिक या शुभ कार्य नहीं करना चाहिए। इस वर्ष भद्रा काल 6 अक्टूबर की रात 10:53 तक रहेगा। इस समय के समाप्त होने के बाद ही खीर को चंद्रमा की रोशनी में रखना शुभ माना गया है। शरद पूर्णिमा की रात खीर को चंद्रमा की रोशनी में रखने का उद्देश्य केवल आरोग्य और स्वास्थ्य की प्राप्ति ही नहीं, बल्कि यह आध्यात्मिक शक्ति भी प्रदान करता है। मान्यता है कि पूर्णिमा की रात चंद्रमा की शक्तियां दोगुनी हो जाती हैं और इस दौरान किया गया कोई भी शुभ कार्य विशेष लाभकारी होता है।

## भाजपा नेता हेमंत दुबे को मातृ शौक



**चास :** प्रखंड भाजपा के गांव बेलुंजा निवासी व पुर्व मुख्यमंत्री बाबुलाल मरांडी के प्रधान निजी सचिव राजेन्द्र तिवारी के समधी हेमंत कुमार दुबे की माता मेनका देवी 78 बर्ष का निधन रविवार सुबह हो गया। ये एक पुत्र एक पुत्री पोती पोता सहित भरापुरा परिवार छोड़ कर गये हैं।निधन की खबर सुनकर गाँव समाज व पार्टी कार्यकर्ता बेलुंजा पहुँच कर शौक व्यक्त के साथ पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। इनका अंतिम संस्कार दामोदर नदी सिंहडीह घाट पर किया गया। शौक व्यक्त पुर्व मुख्यमंत्री बाबुलाल मरांडी के प्रधान निजी सचिव राजेन्द्र तिवारी, कान्यकुब्ज आर्ष परिषद शिखर मजलिस बोकारो केन्द्रीय अध्यक्ष दिलीप कुमार चौबे, सचिव बुलबुल उपाध्याय, कोषाध्यक्ष ब्रजगोपाल पाठक, गोपाल चंद तिवारी, युवा मंच अध्यक्ष अमित कुमार पाठक,पुर्व मुखिया समरेन्द्र नाथ पाठक, मनोहर दुबे,मनोज कुमार तिवारी, पुर्व पंसस आशुतोष दुबे, पंचानन उपाध्याय, धनश्याम तिवारी, फटीक चन्द्र चौबे, कालीदास दुबे, नेपाल चन्द्र उपाध्याय ,पंचायत मुखिया भारो देवी,पुर्व मुखिया सुधांशु राजवार ने शौक जताया है।

## कुमार सेल्स के स्क्रैच कूपन में मौसमी सिंह ने जीता देश का पहला मेगा प्राइज

**बोकारो:** सेक्टर-4 सिटी सेंटर स्थित प्रसिद्ध इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान कुमार सेल्स में चल रहे स्क्रैच कूपन ऑफर में लोहांचल निवासी मौसमी सिंह ने देश का पहला मेगा प्राइज जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया। मौसमी सिंह को उपहारस्वरूप फ्रिज, वाशिंग मशीन, डिशवॉशर, चूल्हा सहित कई अन्य घरेलू इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद दिए गए, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 2,70,000 बताई गई है।

मौसमी सिंह ने बताया कि उन्होंने 28 सितंबर को कुमार सेल्स से इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदा था। उन्होंने कहा कि यहां उच्च गुणवत्ता के उत्पाद और संतोषजनक ग्राहक सेवा मिलती है, इसलिए वह हमेशा इसी दुकान से खरीदारी करती हैं।

# तिलैया को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का लिया गया संकल्प

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरीतिलैया :** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के तत्वाधान में राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत रविवार की सुबह एक साथ देश की 850 शाखाओं के साथ साथ झारखंड प्रदेश की 85 शाखाओं में वॉकथॉन कार्यक्रम के अंतर्गत एक मंच एक लक्ष्य सशक्त युवा सशक्त राष्ट्र के निर्माण को लेकर कोडरमा में लोगों ने दिव्य गति से चलने का कार्य किया। इसमें आम से खास लोगों के अलावा स्वयंसेवी, सामाजिक व्यक्ति, चिकित्सक, अधिवक्ता , सफाई मित्र, पुलिस प्रशासन कदम से कदम मिलकर चले और यह संदेश दिया कि ग्रीन तिलैया- क्लीन तिलैया, तब ही बन सकता है जब लोग जागरूक होंगे और छतों से कूड़ा यत्र तत्र नहीं फेकेंगे । सुभाष चौक से इस पैदल मार्च के इस अपूर्व कार्यक्रम को केंद्रीय मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी, विधायक सह पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. नीरा यादव, जिप




अध्यक्ष रामधन यादव, प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार, उद्योगपति एवं समाज सेवी प्रदीप जैन (पप्पू), व्यवसायी एवं समाज सेवी सुशील छाबड़ा, सिटी मैनेजर गण लेमांशु कुमार एवं रणधीर कुमार ने बैलून उड़ा कर एवं हरि झंडी दिखा कर आरंभ किया । कार्यक्रम में सबसे आगे स्केटिंग करते हुए बच्चे चल रहे थे, उनके पीछे सफाई मित्र 6 डस्टबिन ले कर चल रहे थे और 6 अलग-अलग प्रकार के कूड़ों के संग्रह - मुख्य रूप से गीला कचरा, सूखा कचरा, घरेलू हानिकारक कचरा, इलेक्ट्रॉनिक कचरा, मेडिकल या साइटोटॉक्सिक कचरा और प्लास्टिक कचरा घरों ओर दुकानों से निकलने वाले कचरे को अलग अलग संचालित करने की प्रेरणा दे रहे थे। यात्रा के दौरान अन्नपूर्णा देवी एवं श्री नवीन जैन पांड्या द्वारा बनाए गए ऑडियो संदेश वातावरण में गुंजायमान हो रहे थे और लोगों को स्वस्थ एवं स्वच्छ रहने के लिए जागृत एवं प्रेरित कर रहे थे। जनप्रतिनिधियों के साथ साथ इस कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों ने सड़कों पर सफाई अभियान भी चलाया और झाड़ू लगाकर सफाई की। पैदल मार्च कला मंदिर, ओवरब्रिज, झंडा चौक, काली मंदिर होते हुए श्रम कल्याण पहुंचकर सम्पन्न हुआ । रैली में शामिल स्कूली बच्चे हाथों में तख्तियां लेकर चल रहे थे । मार्च के दौरान श्री दिगम्बर जैन विद्यालय एवं मोहन आधारशिला ज्ञानपीठ के बच्चे कतारबद्ध होकर चल रहे थे ।सफेद टीशर्ट में शामिल लोग जब सड़कों पर उतरे तो थोड़ी देर के लिए लगा कि जागरूकता ही लोगों के स्वस्थ जीवन का आधार स्तंभ बनने में सहायक होगी। श्रम कल्याण में आयोजित सभा में मंच के अध्यक्ष श्री राहुल जैन ने नागरिकों से नगर परिषद का साथ देने और एकजुट होकर झुमरी तिलैया को स्वच्छता रैंकिंग में प्रथम स्थान पर पहुँचाने का संकल्प लेने की अपील की। साथ ही उन्होंने प्रशासन से कचरा निस्तारण की प्रणाली को जमीन पर प्रभावी रूप से लागू करने का अनुरोध किया। राहुल जैन ने यह भी कहा कि सभी वार्डो में वार्ड कमेटी का गठन किया जाएगा और इसे एक मिशन का रूप देने में मंच सक्रिय भूमिका निभाएगा । सिटी मैनेजर लेमांशु कुमार और रणधीर कुमार ने कहा कि अगले 15 दिनों में सभी वार्डो में डोर टू डोर कचरा उठाने का कार्य किया जाएगा । बतौर मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि स्वच्छता एक दिन से पूरी नहीं हो सकती । लोगों को इसे आदत में शुमार करना होगा और केवल सरकारी तंत्र पर ही आश्रित नहीं रहना होगा । उन्होंने इसके लिए हर मोहल्ले में नागरिक समिति का गठन करने एवं वर्ष में बेहतर सफाई रखने वाली समिति को मारवाड़ी युवा मंच द्वारा पुरस्कृत करने का भी आह्वान किया । उन्होंने आगे कहा कि लोग सरकारी अस्पतालों, सरकारी स्कूलों और सरकारी कार्यालयों में यत्र तत्र गंदगी फैलाते हैं।

## बोकारो से लापता महिला मुखिया सपना हुई बरामद, पुलिस कर रही है पूछताछ



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** झारखंड के बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड से पिछले तीन दिनों से लापता पलिहारी गुरुडीह पंचायत की मुखिया सपना को पुलिस ने आज सकुशल बरामद कर लिया है । पुलिस सूत्रों के अनुसार, मुखिया सपना को उनके माता-पिता अपने साथ लेकर गोमिया पहुंचे, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें अपने संरक्षण में लिया। वर्तमान में पुलिस मुखिया से पूछताछ कर रही है, ताकि उनके लापता रहने के पीछे के कारणों का पता चल सके। पुलिस ने बताया कि मुखिया सपना का बयान स्थानीय न्यायालय में दर्ज कराया जाएगा। बयान दर्ज होने के बाद ही उनके लापता रहने से जुड़े पूरे मामले का खुलासा किया जा सकेगा। गौरतलब है कि मुखिया सपना 2 अक्टूबर की दोपहर घर से बाहर निकली थीं, लेकिन उसके बाद वह घर वापस नहीं लौटीं। परिजनों ने आसपास के इलाकों और रिश्तेदारों के यहां काफी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। अंततः मुखिया के पति ने गोमिया थाना में उनकी गुमशुदगी की लिखित शिकायत दर्ज कराई थी।इस घटना के बाद गोमिया थाना पुलिस सक्रिय हुई और मामले की जांच तेज की गई। फिलहाल सपना की बरामदगी के बाद पुलिस चौकसी बरतते हुए सभी पहलुओं की जांच में जुटी हुई है।

# बांधडीह में लगा 200 केवीए का ट्रांसफार्मर, अब मिलेगी निर्बाध बिजली

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** जरीडीह प्रखंड के बांधडीह उत्तरी पंचायत अंतर्गत प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सामने 200 केवीए क्षमता का नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। यह महत्वपूर्ण कार्य बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह की पहल पर बिजली विभाग जैनामोड़ के सहयोग से पूरा किया गया।लंबे समय से स्थानीय लोग कमजोर वोल्टेज और लगातार बिजली कटौती की समस्या से परेशान थे। पुराने ट्रांसफार्मर की क्षमता कम होने के कारण पूरे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित रहती थी, जिससे ग्रामीणों, दुकानदारों और सरकारी कार्यालयों को काफी दिक्कतें



झेलनी पड़ती थीं। नए ट्रांसफार्मर की स्थापना के बाद क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। लोगों का कहना है कि अब उन्हें निर्बाध, सुचारू और स्थिर बिजली आपूर्ति मिलने की उम्मीद है। इस सुविधा का लाभ प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर और आसपास के सरकारी संस्थानों को भी मिलेगा। ग्रामीणों ने विधायक कुमार जयमंगल और बिजली विभाग जैनामोड़ के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि विधायक क्षेत्र के विकास कार्यों पर लगातार ध्यान दे रहे हैं, जिससे ग्रामीण इलाकों में बुनियादी सुविधाओं में तेजी से सुधार हो रहा है।

# आजाद नगर दुर्गा मंदिर में भव्य माता जागरण, 21 वर्षों की नवरात्रि साधना पूरी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** माराफारी थाना क्षेत्र स्थित आजाद नगर दुर्गा मंदिर प्रांगण में शनिवार रात भव्य माता जागरण का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा माराफारी मंडल अध्यक्ष धनंजय चौबे ने फीता काटकर किया। आयोजन की अगुवाई समाजसेवी मैनेजर सिंह ने की।मैनेजर सिंह ने जानकारी दी कि वह पिछले 21 वर्षों से निरंतर नवरात्रि साधना कर रहे हैं। इस वर्ष नवरात्रि साधना के 21 वर्ष पूर्ण होने पर उन्होंने विशेष रूप से भव्य जागरण का आयोजन कराया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन उनके लिए आस्था और श्रद्धा का प्रतीक है।लोक गायिका फूलमती देवी ने माता की ज्योत प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद उन्होंने अपने प्रसिद्ध लोक और भक्ति गीतों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। उनके प्रस्तुत गीतों पर श्रद्धालु झूम उठे। फूलमती देवी ने बताया कि वे वर्षों से भक्ति और लोक संगीत के क्षेत्र में सक्रिय हैं और उन्हें कई मंचों पर सम्मान भी प्राप्त हो चुका है। जागरण में क्षेत्र भर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। माता रानी के जयकारों से पूरा इलाका गूंज उठा। देवी गीतों और भक्ति रस में डूबे लोगों ने पूरी रात भक्ति में लीन होकर माता रानी की आराधना की। इस अवसर पर भाजपा माराफारी मंडल अध्यक्ष धनंजय चौबे के साथ बैजनाथ प्रसाद, द्वारिका सिंह, मुन्ना, डॉक्टर अशोक कुमार, अनिल गोराई, संजय कुमार शर्मा, ज्ञानेश्वर प्रसाद, रमन कुमार, राजेंद्र तिवारी, अरुण चौबे, सोनू कुमार, संतोष वर्मा, रवि कुमार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छ रेलगाड़ी अभियान चलाया गया



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा मंडल में आज स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छ रेलगाड़ी स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर मंडल के अधिकारियों, पर्यवेक्षकों तथा कर्मचारियों की टीम द्वारा ट्रेनों में की सफाई का गहन निरीक्षण किया गया। सभी ऑन-बोर्ड हाउसकीपिंग सर्विस ट्रेनों में सफाई की गुणवत्ता का मूल्यांकन किया गया एवं यात्रियों से स्वच्छता से संबंधित फीडबैक प्राप्त किया गया। साथ ही, यात्रियों के लिए ट्रेनों के कोचों में स्वच्छता एवं कचरा न फेंकने संबंधी करें/न करें पोस्टर लगाए गए। आद्रा मंडल द्वारा आयोजित इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यात्रियों एवं करचारियों मे स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना, ट्रेनों मे साफ-सफाई को सुनिश्चित करना तथा प्लास्टिक-मुक्त वातावरण को प्रोत्साहित करना तथा यात्रियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित एवं स्वास्थ्यवर्धक माहौल सुनिश्चित करना है।

# रोटरी नेत्र मोबाइल क्लीनिक वैन का हुआ उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरीतिलैया :** जिले के सुदूर गांव दुर दराज मे रहनेवाले नेत्र रोग से पीड़ित लोगों का उनके घर के निकट ही होगा इलाज रोटरी क्लब कोडरमा के द्वारा मोबाइल नेत्र क्लिनिक वैन का उद्घाटन आज रोटरी आई हॉस्पिटल सभागार में मुख्य अतिथि पूर्व जिला गवर्नर राजन गंडोत्रा धनबाद एवं शिव प्रकाश बगड़िया गिरिडीह के हाथों हुआ मानवता की सेवा के इस सर्वश्रेष्ठ कार्य में रोटरी आई हॉस्पिटल के अध्यक्ष जय कुमार गंगवाल रोटरी अध्यक्ष संतोष सिन्हा प्रोजेक्ट इंचार्ज महेश दारुका ने मुख्य योगदान दिया सर्वप्रथम राष्ट्रगान से सभा की शुरूआत की गई मंच संचालन शैलेश दारुका एवं गौरांग पुजारा ने किया मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ मंचासीन रोटरी के पदाधिकारी के द्वारा दिया गया स्वागत भाषण अध्यक्ष रोटरी संतोष सिन्हा ने दिया उन्होंने इस मौके पर कहा की आज



का दिन रोटरी क्लब के लिए ऐतिहासिक एवं गौरवशाली दिन है स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में जरूरतमंदों की सेवा के लिए यह मोबाइल क्लीनिक गाड़ी जीवन रक्षक साबित होगी आंख के रोग से पीड़ित दूर दराज गांव के लोग अपने घर के नजदीक ही निशुल्क आंखों का इलाज करा सकेंगे मंच पर उपस्थित रोटरी आई हॉस्पिटल की डॉक्टर संगीता प्रसाद की उन्होंने बहुत प्रशंसा की और कहा कि उनके हाथों में जादू है अपनी सेवा से अंधेरे को प्रकाश में बदल रही है मुख्य अतिथि पूर्व जिला गवर्नर राजन गंडोत्रा एवं शिव प्रकाश बगड़िया ने कहा कि रोटरी क्लब कोडरमा समाज सेवा के क्षेत्र में बहुत अच्छा कार्य कर रही है क्लब के सभी सदस्य तन मन धन से समर्पण की भावना से सेवा का कार्य करते हैं और आज स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में क्लब के द्वारा जो आधुनिक मशीनों से लैस नेत्र मोबाइल क्लीनिक वैन मंगाया गया है यह जिले वासियों के लिए सेवा सुधार में मिल का पत्थर साबित होगा घर बैठे ही उन्हें सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता पूर्ण आंख का इलाज मिलेगा आई हॉस्पिटल के अध्यक्ष जय कुमार गंगवाल ने इस मोबाइल नेत्र क्लिनिक में सहयोग प्रदान करने वाले सभी लोगों के प्रति आभार प्रकट किया कहा कि इस रोटरी नेत्र मोबाइल वेन क्लिनिक मगाने का उद्देश्य गांव देहात के अधिक से अधिक आंख मरीज का निशुल्क इलाज करा कर उन्हें राहत पहुंचाना है जिले की सर्वश्रेष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ संगीता प्रसाद के द्वारा इनका इलाज सर्जरी ऑपरेशन किया जाएगा कार्यक्रम के प्रोजेक्ट इंचार्ज समाजसेवी महेश दारुका जिनकी देखरेख में यह परियोजना धरातल पर उतरी है, ने कहा कि पूरे रोटरी क्लब के अथक प्रयास से रोटरी फाउंडेशन के द्वारा ग्रांट यह नेत्र क्लीनिक मोबाइल वैन आया है जो मानवता की सेवा को समर्पित है आंख मनुष्य का सबसे महत्वपूर्ण अंग है इसके बिना पूरी दुनिया अंधेरी है। पूर्व अध्यक्ष राजकुमार केडिया जिनके अथक प्रयास से दानदाता चंद्र कुमार जी राजगढ़िया ने इस क्लीनिक के लिए आशिक मदद के रूप से आर्थिक सहयोग प्रदान किया। धन्यवाद ज्ञापन पूर्व अध्यक्ष कैलाश चौधरी ने दिया पब्लिक रिलेशन के डायरेक्टर सह मीडिया प्रभारी नवीन जैन ने कहा कि रोटरी क्लब कोडरमा स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रशासन के साथ मिलकर काम करेगी जिले के दूर दराज गांव में जाकर मुखिया सरपंच से बात कर उनकी अनुशंसा पर उनके द्वारा चिह्नित स्थानों पर यह रोटरी मोबाइल नेत्र क्लिनिक वैन कैंप लगाएगी जिससे हजारों जरूरतमंद लोगों को इसका निशुल्क लाभ मिलेगा।

संक्षिप्त खबरें

## भाकपा माले ने डोमचांच गोली कांड की निंदा की, उग्र आंदोलन की चेतावनी दी



**कोडरमा :** भाकपा माले डोमचांच प्रखण्ड कमिटी की बैठक 5 अक्टूबर को ग्राम फुलवरिया मे किया गया डोमचांच प्रखंड अंतर्गत फुलवरिया निवासी व्यवसायी संतोष मेहता पर विगत 2 अक्टूबर 2025 को शाम करीब 7 बजे अपराधी द्वारा गोली चलाया गया। जो संतोष मेहता गंभीर रूप से घायल हो गए। बैठक में इस घटना को लेकर माले कड़ी निंदा करती है। घटना के चार दिन बितने के बाद भी इस घटना का उदभेदन पुलिस प्रशासन नही कर पाई है। इससे साफ जाहिर होता है कि अपराधी को राजनीति सरंक्षण प्राप्त है। इस पर माले का कहना है कि निर्दोष फंसे नही दोषी बचे नही। इस घटना को अंजाम देने वाले अपराधी को अविलंब पुलिस गिरफ्तार कर कडी से कड़ी सजा दे। यदि जिला प्रशासन एक सप्ताह के अन्दर उक्त गोली कांड का उदभेदन नही करती है तो भाकपा माले उग्र आंदोलन करेगी। कोडरमा लोकसभा स्तरीय पार्टी क्लास की बैठक राज धनवार मे किया जाएगा जिसमे प्रखण्ड कमिटी के साथी भाग लेंगे।बैठक मे जिला सचिव कामरेड राजेन्द्र मेहता,प्रखण्ड सचिव विनोद पाण्डेय,माले नेता भागीरथ सिंह घटवार,सुरेश यादव,पवन पासवान,कृष्ण कांत मेहता,सरोज मेहता,लाल बिहारी मेहता विनोद मेहता,राजेन्द्र साव आदि शामिल हुए।

## भाकपा माले प्रखंड कमेटी की पार्टी कटिया गांव में प्रखंड सचिव मुंना यादव के अध्यक्षता में संपन्न



**जयनगर :** भाकपा माले प्रखंड कमेटी की पार्टी कटिया गाँव में प्रखंड सचिव मुंना यादव के अध्यक्षता में संपन्न दिवंगत साथियों के आद में दो मिनट मौन रखकर बैठक की शुरूआत किया गया आईशा के राज्य सम्मेलन 8 अक्टूबर को धनबाद में होना है जिसके कारण धनवार में पार्टी क्लास 14 अक्टूबर को कर दिया गया है सभी साथियों ने निर्णय लिया प्रखंड कमेटी के साथी लोकल कमेटी के सचिव ब्रांच कमेटी के सचिव पार्टी क्लास में भाग लेंगे पश्चिम जोन लोकल कमिटी का सम्मेलन 11 अक्टूबर हिरोडीह में, एवं मध्य जोन लोकल कमेटी का सम्मेलन 10 अक्टूबर पिपचो में किया जाएगा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया मैया सम्मान योजना और पेंशन से वंचित को लेकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा जमीन ऑनलाइन दाखिल खारिज में गड़बड़ी को लेकर पार्टी की ओर से आंदोलन किया जाएगा जिला में पुलिस ड्राइवर के पद पर कार्यरत मंसूर आलम के जहर खाने पर मौत हो जाने के दोषी पुलिस पदाधिकारियों के भूमिका पर जिला प्रशासन जांच कर खुलासा कर दोषियों को अभिलंब बर्खास्त करें नहीं तो पार्टी के ओर से जोरदार आंदोलन किया जाएगा बैठक में अशोक यादव, खरियोडीह पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद यादव पूर्व मुखिया प्रतिनिधि भोला यादव शारदा देवी, एक्टू जिला सचिव विजय पासवान चांद अख्तर शंभू नाथ वर्मा हकीम खान मशरूल होदा अंसारी, राजेंद्र यादव देवानंद कुमार सिंह, कौलेशवर राणा, विजय ठाकुर असगर अंसारी, जागेश्वर साव श्रीकांत ठाकुर मोतीलाल पासवान अलाउद्दीन मोहम्मद मुस्तकीम उपस्थित थे।

## नवलशाही में दुर्गा पूजा के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**मरकच्चो:** दुर्गा पूजा के अवसर पर सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति नवलशाही बच्छेडीह के द्वारा दुर्गा मंडप प्रांगण में शुक्रवार की रात्रि को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घघाटन भूतपूर्व मुखिया अर्जुन साहू, थाना प्रभारी शशिभूषण कुमार, स्थानीय मुखिया बीना देवी,पूजा समिति अध्यक्ष किशोर यादव,झामुमो नेता तारणी प्रसाद सिन्हा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। वहीं इस दौरान बंगाल से आये कलाकारों द्वारा भक्ति वंदना के साथ कार्यक्रम का शुरूवात किया। जहाँ रात भर एक से भक्ति गाना व हिंदी एवं भोजपुरी रिकॉडिंग गाना पर डांस प्रस्तुत कर महफिल में ऐसा समा बांधा की लोग झूमने को मजबूर हो गए और रातभर हजारों दर्शकों ने भरपूर आनंद उठाया।इस मौके पर पूजा समिति सचिव प्रकाश राणा,कोषाध्यक्ष विनय दास, शंकर साहू, बीरेंद्र यादव,उपेंद्र पासवान, अरविन्द सिन्हा, महाबीर राणा, प्रकाश साव, धर्मेन्द्र साहू, सुधीर यादव, सहदेव राम, मंटू साव, ब्यास पासवान, सोनू यादव, राहुल साव, अरुण यादव, हरदेव साव, रविंद्र यादव, संजीत दास, निरंजन दास,अनुज राणा, उमेश साव, लक्ष्मण विश्वकर्मा, पंकज राणा, विकास साव, कृष्णा साव दुली साव, मुन्ना साव, राजू सिंह आदि समेत कई लोग उपस्थित थे।

## बोकारो पुलिस ने मोबाइल चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार



**बोकारो :** रेल फाटक के पास मोबाइल चोरी की शिकायत मिलने के बाद बालीडीह पुलिस ने तेज कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया। शिकायतकर्ता मो० सुलेमान हुसैन ने बताया कि अज्ञात अपराधियों ने उनका मोटोरोला जी 45 मोबाइल छीन लिया था।

बालीडीह थाना ने काण्ड सं. 283/2025 के तहत धारा 304(2) बी०एन०एस० में अनुसंधान शुरू किया। गुप्त सूचना और निशानदेही पर समीर अंसारी को गिरफ्तार कर मोबाइल बरामद किया गया। छापामारी दल में शामिल थे: पु०अ०नि० शशिकान्त ठाकुर, पु०अ०नि० जितेन्द्र कुमार यादव, आरक्षी उमेश कुमार सिंह, लालदेव मोची और मरियानुत्त जोजो। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## एक नजर

### लक्खी पूजा को लेकर हो रही तैयारी

**साहिबगंज:** जिला के कोटालपोखर क्षेत्र में शरद पूर्णिमा के दिन मनाए जाने वाले धन की देवी मां लक्खी पूजा की तैयारी विभिन्न पूजा समितियों ने पूरी कर ली है। सोमवार की संध्या मां लक्खी प्रतिमा स्थापित कर पथरिया, सोनाकंड, कोटालपोखर, मयूरकोला गांव में भक्ति भाव से पूजा अर्चना किया जाएगा। पूजा को लेकर जहां मां लक्खी की प्रतिमा को कारीगर अंतिम रूप देने में जुटे हैं। पूजा कमेटी के सदस्य अरुण साहा ने बताया कि मंगलवार को सोनाकंड व पथरिया गांव में एक दिवसीय लक्खी मेला का आयोजन किया जाएगा।

### सकरीगली में पेड़ से लटका मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

साहिबगंज: जिला के तालझारी थाना क्षेत्र के सकरीगली हाथीगढ़ के आकाश मंडल 21 वर्ष का शव घर के ही पास बगीचे में एक पेड़ से फांसी के फंदा में लटका मिला है। पुलिस के मुताबिक प्रथम दृष्टिया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। ग्रामीणों ने शव को देख इसकी सूचना तुरंत परिजनों को दी। उधर तालझारी थाना पुलिस को घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर दलबल के साथ पहुंची। शव को पेड़ से नीचे उतर गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार घर में मामूली विवाद होने पर गुस्से में आकर मृतक आकाश ने यह कदम उठा लिया है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज भेज दिया। अस्पताल के डॉक्टर मुकेश कुमार ने शव का पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया है। थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडे ने बताया कि प्रथम दृष्टिया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। वैसे शव के पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।


### बरकतुल्लाह खान पुनः बने कांग्रेस जिला अध्यक्ष



**बरहरवा/कोटालपोखर :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने एक बार फिर बरकतुल्लाह खान पर भरोसा जताते हुए उन्हें साहेबगंज जिला कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी पुनर्नियुक्ति की खबर मिलते ही जिलेभर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह और खुशी की लहर दौड़ गई।कोटालपोखर पंचायत के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बरकतुल्लाह खान का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्हें फूल–मालाएं पहनाई गईं, बुके भेंट किए गए और मिठाई खिलाकर बधाई दी गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि बरकतुल्लाह खान के नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा और कांग्रेस जनहित के मुद्दों को और मजबूती से उठाएगी। बरकतुल्लाह खान ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे पूर्ण ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करना होगा।

# पूर्वी रेलवे के आरपीएफ ने "ऑपरेशन नन्हे फरिस्ते" के तहत दो नाबालिग बच्चों को बचाया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** पूर्वी रेलवे के मालदा मंडल के रेलवे सुरक्षा बल ने रेलवे परिसरों में असुरक्षित बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए "ऑपरेशन नन्हे फरिश्तो" के तहत अपने क्षेत्राधिकार में निवारक जाँच और निगरानी अभियान तेज कर दिए हैं। ये अभियान मनीष कुमार गुप्ता, मंडल रेल प्रबंधक, मालदा, के मार्गदर्शन और ए.के. कुल्लू, मंडल सुरक्षा आयुक्त, मालदा के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे हैं। जहां 05 अक्टूबर 2025 को साहिबगंज जिला क्षेत्र के बाकुड़ी रेलवे स्टेशन पर नियमित निगरानी के दौरान, बरहरवा पोस्ट के आरपीएफ ने दो नाबालिगों– एक 14 वर्षीय लड़की और एक 17 वर्षीय लड़के को प्लेटफार्म संख्या 1 पर संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए देखा। जब उनसे पूछताछ की गई, तो उन्होंने बताया कि वे साहेबगंज, झारखंड के निवासी हैं। बातचीत के दौरान पता चला कि दोनों बच्चे पारिवारिक विवाद के चलते अपने माता-पिता को बिना बताए घर से निकलकर बाकुड़ी रेलवे स्टेशन पहुँच गए थे। उनकी नाजुक हालत को देखते हुए, आरपीएफ टीम ने बच्चों को सुरक्षित रेस्क्यू कर आगे की कार्रवाई के लिए बरहरवा आरपीएफ पोस्ट ले आई। इसके बाद, कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद, बचाए गए नाबालिगों को स्थापित प्रक्रियाओं के अनुसार परामर्श और पुनर्वास के लिए बाल संरक्षण मंथन, साहेबगंज, झारखंड को सौंप दिया गया। पूर्वी रेलवे के मालदा डिवीजन के रेलवे सुरक्षा बल द्वारा समय पर और संवेदनशील हस्तक्षेप से बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हुई और उन्हें संभावित खतरों से बचाया गया। मालदा डिवीजन ऑपरेशन नन्हे फरिस्ते के तहत निरंतर प्रयासों के माध्यम से कमजोर बच्चों की सुरक्षा के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

## जिला में बीआरपी-सीआरपी महासंघ का पूर्ण गठन हुआ



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** झारखंड प्रदेश बीआरपी-सीआरपी महासंघ के आह्वान पर साहिबगंज जिला में बीआरपी-सीआरपी महासंघ का पूर्ण गठन किया गया और कमेटी को विस्तार रूप दिया गया। स्टेट के द्वारा नामित पर्यवेक्षक गणेश गौतम और अशोक पाल के देखरेख में शांति पूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से जिला इकाई का गठन किया गया। जिसमें मो. फैसल अफरोज सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए चुने गए, अनुज कुमार महासचिव एवं मो. इंतखाब आलम कोषाध्यक्ष पद के लिए सर सम्मति से चयनित हुए। जिला कमेटी में संजय कुमार सिंह, पुरुषोत्तम दुबे एवं विवेकानंद भारद्वाज उपाध्यक्ष के पद पर हुआ। जिले में दो सचिव का भी चयन किया गया जिसमें रूपक कुमार मित्र और मो. समसुल कबीर सचिव के पद पर चयनित हुए। साहिबगंज जिले के 9 प्रखंडों के लिए प्रखंड प्रभारी एवं प्रखंड अध्यक्ष के रूप में नामित किए गए जो इस प्रकार हैं साहिबगंज से लक्ष्मण दास, बोरियों से सुल्तान आलम, मंडरो से मो. सनाउल्लाह, बरहेट से राहुल कुमार, पतना से श्याम प्रसाद भगत, बरहरवा से मो. रियाजुद्दीन, उधवा से मोहनलाल शाह एवं तालझारी से मो. नजरुल इस्लाम नामित हुए।

## झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक ने संगठन मजबूती विस्तार को लेकर बैठक की

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिला के तालझारी प्रखंड के सार्वजनिक दुर्गा मंदिर महाराजपुर के समीप गांधी चबूतरा में झारखंड मजदूर संघ प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र कुमार मंडल की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक मे केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव मुख्य रूप से मौजूद थे। बैठक में संगठन मजबूती विस्तार और स्थानीय जन मुद्दे को लेकर चर्चा हुई। केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव के द्वारा प्रखंड स्तरीय संगठन की समीक्षा की गई।संगठन मे फेर बदल करने के लिए प्रखंड अध्यक्ष को निर्देश दिया। वही अंसार खान के नेतृत्व में मो अब्दुल रहमान, मुख्तार अंसारी, मो इकरामुल अली को झारखंड मजदूर संघ का सदस्यता दिलाया गया। बैठक में मजदूरों के न्यूनतम मजदूरी जन वितरण प्रणाली में राशन सामग्री कम वितरण करना मानव तस्करी जिससे कई मुद्दों पर चर्चा हुई। वही राजमहल प्रखंड के करबोला सामुदायिक चबुतरा पर झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक का प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित किया गया। इस बैठक में मुख्य अतिथि मिथुन कुमार यादव ने मजदूरों को मिलने वाले सरकारी लाभों की जानकारी दी।और कहा कि जानकारी के अभाव में मजदूर भाई-बहन इन लाभों से वंचित रह जाते हैं।उन्होंने संगठन की मजबूती और विस्तार पर जोर दिया और कहा कि मजदूरों का रजिस्ट्रेशन सरकारी पोर्टल पर होना चाहिए और उन्हें न्यूनतम मजदूरी मिलनी चाहिए। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने करबोला गांव में आंगनबाड़ी का न होना, नल जल योजना के तहत करबोला, भैसमारी मोड़ आदि गांवों में योजना का कोई काम न होना, चिमनी भट्टा में बिना किसी परिचय पत्र के मजदूरों से काम करवाना सहित अन्य समस्याओं से अवगत कराया। मौके पर बैठक मे मिथुन कुमार यादव, प्रखंड अध्यक्ष, दुर्योधन साहा, केंद्रीय सदस्य रवि घोष , गंगाराम पंडित,गणेश यादव, धीरेंद्र यादव, शिबू यादव, दिनेश ठाकुर मौजूद थे।

## अमरपाली होटल संचालक ने एसपी से की शिकायत पत्नी और परिवार के साथ मारपीट का आरोप




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कुजू (रामगढ़):** विगत दिनों पंजाबी ढाबा के संचालक और उसके कर्मियों द्वारा अमरपाली होटल के संचालक की पत्नी बबीता देवी और उसके परिवार वालों के साथ मारपीट को लेकर रामगढ़ एसपी को आवेदन सौंपा है। आवेदन में कहा गया है कि मैं बबीता देवी पति राजेश कुमार साव, ग्राम-आम्रपाली होटल मुरपा पो- कुजू, थाना - मांडू, जिला-रामगढ का निवासी हूँ। यह की दिनांक 30-09-2025 समय रात्रि लगभग 9:30 बजे पंजाबी ढाबा के संचालक (1) विजय राय पिता स्व परशुराम राय (2) विक्की राय पिता-परशुराम राय (3) गुडू राय पिता-न मालूम ने अचानक कुछ लोगों के साथ लाठी-डंडा, लोहा का राड चाकू के साथ मेरे होटल आम्रपाली के अंदर घुसकर विक्की राय ने मेरी सास के ऊपर पीछे से लात मारकर गिरा दिया और मारपीट करने लगा, जिस क्रम में मेरी सास उर्मिला देवी लगभग 85 साल की है उसे काफी चोट लगा और काफी खून हाथ से निकलने लगा। मेरी बेटी प्रिया कुमारी का उम्र लगभग 20 साल के साथ पंजाबी ढाबा होटल के स्टाफ गुडू राय ने मेरी बेटी के साथ मार-पिट करने लगा और गुडू राय ने मेरी बेटी का कपडा फाड़ दिया और मेरी बेटी का मोबाइल से वीडियो बनाने लगा और धमकी देते हुवे कहा कि अगले महीने तुम्हारी शादी है न हम तुम्हारा ऐसा हाल करेंगे की तुम न घर की रहोगी न बाहर की रहोगी। बोलकर मार पिट करने लगा। जब मैं अपनी बेटी का बिच -बचाव करने गया तो मेरे साथ भी विकी राय मार-पिट करने लगा। विकी राय ने भी मेरा ब्लाउज फाड़ दिया। और गुडू राय ने मेरे गर्दन से मंगलसूत्र छीन लिया फिर मैं बचाव के लिए चिलायी और मेरा आवाज सुनकर मेरे पति और मेरा बेटा हमलोगों को बचाया और हमलोगो ने मिलकर पंजाबी ढाबा के संचालक (1) विजय राय (2) विक्की राय (3) गुड्डू राय को पकड़कर कुजू पुलिस गस्ती दाल के ढउफ गाड़ी में आये हुवे पुलिस अधिकारी वीरेंदर सिंह को सौंप दिया, लेकिन ढउफ पुलिस वाले ने ना जाने क्यों और किसके दबाव में आकर कुछ दूर ले जाकर इन तीनो लोगो को छोड़ दिया।

## भक्ति और आस्था के संगम के रूप में मनाई जाएगी छठ पूजा : रामेश्वर गोप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** श्री श्री प्राचीन माँ पंचवाहिनी मंदिर परिसर, लबगा में आज एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंदिर विकास समिति के सचिव सुरेश गोप ने की। इस अवसर पर समिति का पुनर्गठन किया गया तथा आगामी छठ महापर्व की तैयारी को लेकर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में यह तय किया गया कि इस वर्ष भी छठ महापर्व को भक्ति, आस्था और शालीनता के वातावरण में पूरे उत्साह के साथ मनाया जाएगा। साथ ही मंदिर परिसर में सूर्य मंदिर निर्माण कार्य आरंभ करने का संकल्प लिया गया, ताकि श्रद्धालुओं को स्थायी पूजा स्थल की सुविधा मिल सके। बैठक में उपस्थित समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य इस प्रकार हैं –संरक्षक:- नंदलाल महतो, रणजीत यादव, छोटू प्रसाद अध्यक्ष:- रामेश्वर गोप सचिव:- सुरेश गोप कोषाध्यक्ष:- कैलाश मुंडा कार्यकारी अध्यक्ष:- बादल पाहन उपाध्यक्ष:- लखन मुंडा, मनोज यादव, विजय साव, दिलीप साहू, अभिषेक नागवंशी उपसचिव:- विनोद यादव, बोर्ड कृष्ण प्रसाद, प्रिंस कुमार, सागर मुंडा, राहुल कुशवाहा संगठन सचिव: अनिल यादव, प्रभात यादव, अनिल साव, अविनाश तुरी, राहुल कुमार, कन्हैया कुमार, रॉकी कुमार उपकोषाध्यक्ष: संदीप यादव सक्रिय सदस्य: अजीत कुमार यादव, बंटी यादव, विकास साव, सुधांशु कुमार, मुकेश यादव, अमित कुमार, हर्ष यादव, विशाल कुमार, सौरभ यादव, रोशन राजेश यादव, विनोद यादव, बीरबल विश्वकर्मा, अशोक तुरी, शिव कुमार, उमेश यादव, भीमसेन, अर्जुन तुरी, बीरबल दांगी, लखी महतो, महेंद्र साव आदि।

### कलवार समाज समिति की बैठक में महासम्मेलन की रूपरेखा तय



**साहिबगंज:** जिला कलवार समाज समिति की एक बैठक शहर के चैती दुर्गा चौक स्थित एनआर सेंटर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल ने की। बैठक की शुरूआत आपसी अभिनंदन एवं युग गायन के साथ किया गया। पिछले दिनों समिति के माध्यम से की गई विभिन्न सामाजिक गतिविधियों की जानकारी सबों को दी गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 9 नवंबर 2025 रविवार को एनआर सेंटर में समिति की एक महासम्मेलन किया जाएगा जिसमें कुल देवता सहस्त्रबाहु भगवान का पारंपरिक तरीके से पूजन आदि किया जाएगा तथा उसे दिन महाभोज की भी व्यवस्था की जाएगी। बताया गया कि सम्मेलन से पूर्व जाति के बच्चे बच्चियों के बीच सुहाग पूर्ण प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी तथा उन्हें पारितोषिक देकर सम्मानित किया जाएगा। सम्मेलन की तैयारी को लेकर एक कमेटी का गठन किया गया जिसमें सत्येंद्र प्रसाद, रूपेश जायसवाल, राजीव जायसवाल, मनोज जायसवाल, विष्णु कुमार जायसवाल, कृष्णा जायसवाल, को शामिल किया गया। बैठक में अरुण जायसवाल, विक्रम जायसवाल, मनोज चौधरी, सुशील जायसवाल, रंजीत जायसवाल, अमन जयसवाल, अशोक चौधरी, सिकंदर जायसवाल, सत्येंद्र प्रसाद आदि मौजूद थे।

## 40 केवीए जनरेटर चोरी का मामला, पुलिस ने 36 घंटे में बरामद कर चार अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** गोला थाना क्षेत्र में हुई जनरेटर चोरी के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने महज 36 घंटे के भीतर चोरी गया 40 केवीए का डी.जी. जनरेटर बरामद करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। इस संबंध में एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद ने पत्रकार सम्मेलन के दौरान जानकारी दी। घटना 2 अक्टूबर 2025 की संध्या की है, जब आवेदक प्रणव बिहारी (उम्र 33 वर्ष, ग्राम पुरानी राता, जिला बांका, बिहार) ने अपने ब्राह्मण सगातु स्थित पत्थर माइंस से 40 केवीए का जनरेटर चोरी होने की सूचना दी थी। वर्तमान में प्रणव बिहारी सुचिता मिलेनियम प्रोजेक्ट प्रा. लि. में अकाउंटेंट के पद पर कार्यरत हैं। इस संबंध में गोला थाना में कांड संख्या 105/2025, दिनांक 03/10/2025, धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता, 2023 के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए रामगढ़ पुलिस अधीक्षक ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल (रकळ) का गठन किया। टीम ने तकनीकी और भौतिक साक्ष्यों के आधार पर छापेमारी अभियान चलाया और सफलता प्राप्त की।

गिरफ्तार अभियुक्त:
आशीष पाण्डेय (23 वर्ष), पिता- विजय पाण्डेय, सा० सरोनीकलां, थाना मुफ्फसील, जिला हजारीबाग। राजेश कुमार (26 वर्ष), पिता- सुरेश महतो, सा० सरोनीकलां, थाना मुफ्फसील, जिला हजारीबाग। मो. असरफ अंसारी (36 वर्ष), पिता- मो. अयुब अंसारी, सा० बन्दा, थाना गोला, जिला रामगढ़। शाहिल अंसारी (22 वर्ष), पिता- जिलानी अंसारी, सा० बन्दा, थाना गोला, जिला रामगढ़।

## संक्षिप्त खबरें

### केसवारी मेला में दो युवतियों से छेड़छाड़: दो अभियुक्त गिरफ्तार



**सरिया:** सरिया थाना क्षेत्र के केसवारी गांव में दुर्गा पूजा मेले के दौरान दो युवतियों के साथ हुई छेड़छाड़ की घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी है। घटना में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य कमेटी सदस्य भोला मंडल ने रविवार को सरिया बगोदर रोड स्थित पार्टी कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति में भोला मंडल ने बताया कि बीते शुक्रवार को अपने गांव से दो युवतियां केसवारी मेला देखने गई थीं। मेला भ्रमण के बाद गांव लौटते समय बीच रास्ते में कुछ अपराधियों ने उन्हें जबरन रोक लिया और जंगल की ओर ले गए। वहां एक युवती के साथ निर्वस्त्र करने के साथ–साथ मारपीट की गई। पीड़िता किसी तरह भागकर गांव पहुंची और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सरिया थाने की टीम मौके पर पहुंची, जहां एक बालिग और एक नाबालिग अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।मंडल ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि अभियुक्तों को छुड़ाने के लिए थाने में एक राजनीतिक दल के कुछ नेताओं द्वारा लगातार दबाव बनाया जा रहा था। हालांकि, पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए गिरफ्तारी सुनिश्चित की। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि इस घटना में शामिल सभी अपराधियों को सख्त सजा मिलनी चाहिए। पार्टी ने पीड़ित युवतियों को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करने का वादा किया है।यह घटना दुर्गा पूजा जैसे पावन पर्व के दौरान महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर रही है। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। पुलिस ने बताया कि 171 / 25 के तहत मामला दर्ज कर दो अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है तथा मामले की जांच जारी है।

### गोंदली पोखर में भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा आदित्य प्रशाद साहू का भव्य स्वागत



**अनगड़ा:** भाजपा अनगडा और सिकिदिरी मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार महतो के नेतृत्व में गोंदली पोखर चौक में झारखण्ड प्रदेश के नव नियुक्त राज्य सभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू का भव्य स्वागत किया गया मनोज कुमार चौधरी ने कहा कि आदित्य प्रशाद साहू वैसे कार्यकर्ता है जो बूथ स्तर से काम करते करते आज इस मुकाम तक पहुंचे हैं। लंबा राजनीतिक अनुभव है, संसदीय कार्यों का भी अनुभव एक सांसद के रूप में है। इनके अनुभव और कार्यक्षमता का लाभ पार्टी को मिलेगा। राज्य में पार्टी और मजबूत होगी। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहू ने भाजपा नेताओं का और केंद्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया और कहा कि कार्यकर्ता हूं कार्यकर्ता ही रहूंगा` मौके पर पूर्व विधायक राम कुमार पहान पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो जैलेंदर प्रसाद सत्यदेव मुंडा जिला परिषद अनुराधा मुंडा ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष नरेश साहू मीडिया प्रभारी राम शाय मुंडा सोहराई बेदिया रोशन लाल मुंडा साहेब राम महतो देवतुलय राजेन्द्र महतो मंटू चौधरी हिमालय चौधरी आदि शामिल थे।

### रामगढ़ रांची मार्ग पर कांकेबार में फिर एक बार सड़क दुर्घटना,एक की मौत, सड़क जाम



रामगढ़ : रामगढ़ रामगढ़ रांची मार्ग पर कांकेबार में फिर एक बार सड़क दुर्घटना,एक की मौत,सड़क जाम पर सैनी होटल के निकट रविवार की सुबह फिर एक भीषण सड़क दुर्घटना घटी। जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई है। दुर्घटना के बाद सड़क जाम हो गई है। रामगढ़ थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंच चुकी है।
जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह 9 :00 के लगभग रांची की ओर से आ रहा एक हाईवा ने पहले एक मोटरसाइकिल सवार को चपेट में लिया। जिससे मोटरसाइकिल सवार रामगढ़ के दुल्मी के उकरीद के रहने वाले राजमिस्त्री का काम करने वाले बरकेश महतो अपने मोटरसाइकिल से काम करने जा रहे थे। उसकी मौत हो गई। इतने में प्रात: 9 :00 बजे के लगभग सैनी होटल के निकट रांची की ओर से आ रहा एक हाईवा यू पी 64 बी टी 6132 ने पहले बाइक सवार बक्रेश महतो को अपने चपेट में लिया' जिससे कि उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इसके बाद हाईवे ड्राईवर भगाने के क्रम में कुछ कदम आगे ही एक हुंडई क्रेटा कर को चपेट में लिया। हालांकि भगवान की दया रही की क्रेटा कार पर सवार परिवार के किसी लोगों को चोट नहीं लगी। हालांकि कर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया' केट के मालिक ने बताया कि रांची से वह बलिया जा रहे थे। इसी क्रम में दुर्घटना हो गई'वही दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दिया है' जिसके कारण जाम की स्थिति बन गई है। रामगढ़ थाना पुलिस सदर बल घटनास्थल पर पहुंच गई है।

### राज्य स्तरीय खेल प्रतिभा खोज प्रतियोगिता फुटबॉल के लिए जिले से 09 खिलाड़ी रांची रवाना



**साहिबगंज:** खेल कूद एवं युवा कार्य निदेशालय, झारखंड रांची के द्वारा राज्य के विभिन्न जिलों में संचालित आवासीय एवं सेंटर ऑफ एक्सीलेंस प्रशिक्षण केंद्रों में प्रशिक्षुओं के रिक्त पदों हेतु जिला स्तरीय प्रतिभा खोज चयन प्रतियोगिता से चयनित फुटबॉल खेल विद्या के कुल 09 बालक खिलाड़ी 6 से 7 अक्टूबर तक होटवार, रांची स्थित मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित राज्य स्तरीय खेल प्रतिभा खोज फुटबॉल में भाग लेने के लिए साहेबगंज से बस द्वारा रवाना हुए। सभी प्रतिभागियों को जिला शिक्षा अधीक्षक सह जिला खेल पदाधिकारी कुमार हर्ष ने शुभकामना दी। इस मौके पर खेल समन्वयक कौशल किशोर मरांडी, प्रशिक्षक योगेश यादव, जिम ट्रेनर गौरव झा समेत अन्य मौजूद थे। फुटबॉल बालक खिलाड़ी 10 से 14 वर्ष ब्लेसिंग टुडू, मुनकुच हांसदा, सैमुएल हेंब्रम, बड़ा लालू किस्कू, रोहित मुर्मू , जेवियार सोरेन 16 से 22 वर्ष सानू हेंब्रम इश्तियाक शेख।

### लक्खी पूजा को लेकर हो रही तैयारी

**साहिबगंज:** जिला के कोटालपोखर क्षेत्र में शरद पूर्णिमा के दिन मनाए जाने वाले धन की देवी मां लक्खी पूजा की तैयारी विभिन्न पूजा समितियों ने पूरी कर ली है। सोमवार की संध्या मां लक्खी प्रतिमा स्थापित कर पथरिया, सोनाकंड, कोटालपोखर, मयूरकोला गांव में भक्ति भाव से पूजा अर्चना किया जाएगा। पूजा को लेकर जहां मां लक्खी की प्रतिमा को कारीगर अंतिम रूप देने में जुटे हैं। पूजा कमेटी के सदस्य अरुण साहा ने बताया कि मंगलवार को सोनाकंड व पथरिया गांव में एक दिवसीय लक्खी मेला का आयोजन किया जाएगा। लक्खी पूजा को लेकर बंगाली समुदाय लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

# शिक्षा युद्ध मानसिकता को बदलने का सशक्त माध्यम बने

विश्व शिक्षक दिवस 5 अक्टूबर को संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में मनाया जाता है। इस दिन आध्यापकों को सामान्य रूप से और कतिपय कार्यरत एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों को उनके विशेष योगदान के लिये सम्मानित किया जाता है। इसे संयुक्त राष्ट्र द्वारा साल 1966 में यूनेस्को और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की उस संयुक्त बैठक को याद करने के लिये मनाया जाता है, जिसमें शिक्षकों की स्थिति पर चर्चा हुई थी और इसके लिये सुझाव प्रस्तुत किये गये थे। इस दिवस को 1994 के बाद से प्रतिवर्ष लगभग 100 से अधिक देशों में मनाया जा रहा है और इस प्रकार वर्ष 2025 में यह 33वाँ विश्व शिक्षक दिवस होगा। इस साल की थीम है-शिक्षण को सहयोगी पेशे के रूप में फिर से परिभाषित करना। इसका मतलब है कि पढ़ाई सिर्फ एक व्यक्ति का काम नहीं होना चाहिए। शिक्षक आपस में मिलकर अनुभव शेयर करें, नई तकनीकें अपनाएं और मिलकर शिक्षा प्रणाली को और मजबूत बनाएं। इस तरह शिक्षक न सिर्फ अपने पेशे में संतुष्ट रहेंगे, बल्कि छात्रों को भी बेहतर शिक्षा मिल सकेगी। इस साल का संदेश यही है कि शिक्षा को सुधारने के लिए शिक्षण को व्यक्तिगत प्रयास से ऊपर उठाकर साझेदारी और सहयोग का पेशा बनाना होगा। जब शिक्षक मिलकर विचार साझा करेंगे और जिम्मेदारियां बांटेंगे, तभी शिक्षा अधिक प्रभावी और प्रेरक बन पाएगी। शिक्षक सिर्फ ज्ञान देने वाले नहीं होते, बल्कि वे समाज में नवाचार, समानता और परिवर्तन के बीज बोते हैं। वे बच्चों को सपने देखने और उन्हें पूरा करने का साहस सिखाते हैं, शिक्षक ही दुनिया में शांति एवं सह-जीवन का प्रभावी सन्देश दे सकते हैं। शिक्षक को पर्याप्त सम्मान, सहयोग और अवसर मिलें तो शिक्षा के माध्यम से एक आदर्श समाज-व्यवस्था एवं शांति की विश्व-संरचना स्थापित की जा सकती है। 2025 में विश्व शिक्षक दिवस की सबसे बड़ी सभा अदीस अबाबा, इथियोपिया में आयोजित हो रही है।

विश्व शिक्षक दिवस केवल एक औपचारिकता या शिक्षकों का अभिनंदन करने का अवसर भर नहीं है, बल्कि यह अवसर है शिक्षा की दिशा और दशा को लेकर गहन चिंतन करने का। यह अवसर है यह विचारने का कि आज शिक्षा क्या दे रही है और क्या उसे देना चाहिए। यह अवसर है यह पूछने का कि आज की शिक्षा व्यवस्था केवल नौकरी, व्यवसाय और उपभोग की भूख को बढ़ाने का साधन क्यों बन गई है, क्यों उसमें जीवनमूल्य, नैतिकता, शांति, सहअस्तित्व और अहिंसा जैसे आधारभूत तत्व लुप्त होते जा रहे हैं। यदि शिक्षा का ध्येय केवल ज्ञानार्जन या रोजगार प्राप्ति है तो वह अधूरी है। शिक्षा का परम ध्येय है-मनुष्य को मनुष्य बनाना, उसे सह-अस्तित्व, अमन और अयुद्ध की स्थितियों के प्रति उन्मुख करना।

आज दुनिया भय, हिंसा, युद्ध और तनाव के घेरे में है। तकनीक और विज्ञान ने सुविधाएं दी हैं, लेकिन उसके साथ शस्त्र-प्रतिस्पर्धा, परमाणु हथियारों का अंबार, और हिंसक प्रवृत्तियां भी दी हैं। इस भयावह परिदृश्य में शिक्षा का दायित्व केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं रह सकता। शिक्षा को एक आंदोलन बनना होगा, एक वैश्विक अभियान बनना होगा, जो शांति, अहिंसा और अयुद्ध की भावना को संस्कार के रूप में हर हृदय में स्थापित करे। आज की शिक्षा व्यवस्था पश्चिमी उपभोक्तावादी संस्कृति से प्रभावित होकर स्पर्धा, लाभ और अहंकार की मानसिकता पैदा कर रही है। बच्चे स्कूल और कॉलेजों में डिग्री तो प्राप्त कर रहे हैं, लेकिन उनके भीतर करुणा, दया, सत्य, मैत्री और सहयोग जैसे गुणों का विकास नहीं हो रहा। समाज का ढांचा शिक्षा से निर्मित होता है, यदि शिक्षा अधूरी है तो समाज भी अधूरा रहेगा। अतः एक ऐसी नई शिक्षा व्यवस्था की आवश्यकता है, जिसमें विज्ञान और तकनीक के साथ-साथ अध्यात्म और नैतिकता का संगम हो, जिसमें आत्मा की आवाज सुनी जा सके, जिसमें शिक्षा केवल बुद्धि का पोषण न होकर हृदय और संवेदनशीलता का भी निर्माण करे।

# आत्मनिर्भर भारत के रास्ते विकसित भारत का लक्ष्य

पंकज जगन्नाथ जयस्वाल

पहले वैश्विक क्षेत्रों में सीमित भूमिका निभाने वाला भारत अब 18 उच्च-विकासशील, गतिशील मंचों-वैश्विक और राष्ट्रीय दोनों पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए अपनी अंतर्निहित क्षमताओं और बड़े उद्योगों का लाभ उठा रहा है। तेजी से बढ़ते बड़े क्षेत्रों के साथ-साथ भारत की प्राकृतिक संपत्तियों, क्षमताओं और रणनीतिक प्राथमिकताओं का गहन परीक्षण करने के बाद हमने 18 ऐसे क्षेत्रों की पहचान की है जो 2030 तक देश के लिए 2 ट्रिलियन डॉलर का राजस्व उत्पन्न कर सकते हैं, जो 2023 में 690 बिलियन डॉलर से अधिक है। ये 2040 तक अतिरिक्त सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 30% प्राप्त करने में मदद कर सकते हैं।

निःस्संदेह भारतीय उद्योग-इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर हरित ऊर्जा और रक्षा तक—न केवल देश के विकास को गति दे रहे हैं, बल्कि सदियों पुराने स्वदेशी आदर्श को भी कायम रख रहे हैं कि 2047 तक, जब देश का सकल घरेलू उत्पाद 30 ट्रिलियन डॉलर हो जाएगा, ₹विकसित भारत₹ होगा। इस रणनीति का जनसांख्यिकीय लाभांश विशेष रूप से प्रभावशाली साबित होता है। भारत का घरेलू बाजार आकार विकास और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दे सकता है, क्योंकि आधी से ज्यादा आबादी 30 वर्ष से कम आयु की है और वित्त वर्ष 2025 में निजी खर्च सकल घरेलू उत्पाद का 61.4 प्रतिशत से अधिक होगा। अनुमान है कि 2030 तक 7.5 करोड़ मध्यम वर्गीय और 2.5 करोड़ धनी परिवार होंगे, जो कुल जनसंख्या का 56% हिस्सा होगा और जिसके परिणामस्वरूप उपभोक्ता परिष्कार का अब तक का अभूतपूर्व स्तर सामने आएगा। आइए समझते हैं कि विभिन्न क्षेत्र आत्मनिर्भर भारत को कैसे मजबूत करेंगे-

सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग

भारत दुनिया के 20% से ज्यादा चिप डिजाइनरों का घर है और इस क्षेत्र में वैश्विक अग्रणी होने पर गर्व करता है। विडंबना यह है कि भारत की लगभग सारी सेमीकंडक्टर माँग आयात से पूरी हो रही है। इससे निपटने के लिए देश का सेमीकंडक्टर उद्योग संपूर्ण सेमीकंडक्टर निर्माण संयंत्र स्थापित करने, घरेलू और विदेशी दोनों बाजारों के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन का विस्तार करने और 5ऋ क्ङ्मळ और इलेक्ट्रिक कारों जैसी आगामी तकनीकों के लिए महत्वपूर्ण घटकों का उत्पादन करने का इरादा रखता है। सरकार ने 'भारत सेमीकंडक्टर मिशन' के तहत पाँच सेमीकंडक्टर निर्माण इकाइयों को मंजूरी दी है, जिसके परिणामस्वरूप कुल 18.15 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश होगा। यह भारत के सेमीकंडक्टर निर्माण लक्ष्यों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और इससे स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र को लाभ होगा। सरकार का इरादा 2030 तक सेमीकंडक्टर क्षेत्र को 150 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ाने का है, जिससे घरेलू और विदेशी व्यवसायों को भारतीय बाजार में प्रवेश करने के लिए एक व्यापक बाजार उपलब्ध होगा।

कृषि




भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़, कृषि, उत्पादकता बढ़ाने और कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम करने के लिए डिजिटल परिवर्तन से लाभान्वित हो सकती है। जैविक खेती, सटीक खेती, स्मार्ट सिंचाई और कृषि प्रबंधन सॉफ्टवेयर डिजिटल कृषि तकनीकों के उदाहरण हैं जो किसानों को डेटा-आधारित अंतर्दृष्टि और सर्वोत्तम अभ्यास प्रदान कर सकते हैं, जिसके परिणामस्वरूप अधिक टिकाऊ कृषि पद्धतियाँ और खाद्य आत्मनिर्भरता प्राप्त होगी। विनिर्माण और कृषि में डिजिटल तकनीकों को शामिल करने से आत्मनिर्भरता बढ़ेगी, जबकि डिजिटल स्वास्थ्य पहल सभी के लिए स्वास्थ्य सेवा की पहुँच में सुधार लाएगी। साइबर सुरक्षा और डेटा सुरक्षा पर जोर देते हुए, डिजिटल परिवर्तन को अपनाने से भारत की डिजिटल आत्मनिर्भरता का मार्ग प्रशस्त होगा।

प्रमुख विनिर्माण उद्योग

वर्तमान भू-राजनीतिक और आर्थिक परिस्थितियों के साथ, भारत का रक्षा क्षेत्र तेजी से आत्मनिर्भर होता जा रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 में, भारत का घरेलू रक्षा उत्पादन ?1.27 लाख करोड़ के नए उच्च स्तर पर पहुँच गया, जो 2014-15 के ?46,429 करोड़ से लगभग 174% अधिक है। 2029 तक रक्षा उत्पादन को ?3 लाख करोड़ और निर्यात को ?50,000 करोड़ तक बढ़ाने का लक्ष्य है। ?1,800 करोड़ की ब्रह्मा-बीईएमएल रेल विनिर्माण हब परियोजना का शिलान्यास, जो ट्रेनों, मेट्रो कोचों और रक्षा उपकरणों का डिजाइन, निर्माण और परीक्षण करेगी, राष्ट्रीय आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

रक्षा के अलावा, इलेक्ट्रॉनिक्स एक महत्वपूर्ण उद्योग के रूप में उभरा है जिसमें भारत की उत्पादन क्षमता में जबरदस्त वृद्धि हुई है। आज, भारत में बिकने वाले सभी मोबाइल फोन का 99.2% भारत में ही निर्मित होता है, जिससे हम दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल विनिर्माण देश बन गए हैं। दुनिया भर में स्थिरता की बढ़ती लोकप्रियता के साथ, नवीकरणीय ऊर्जा एक क्रांतिकारी व्यवसाय के रूप में उभरी है जो महत्वपूर्ण मात्रा में निवेश आकर्षित करने और आत्मनिर्भरता के मार्ग को पुनर्परिभाषित करने में सक्षम है। मॉडल और निमार्ताओं की अनुमोदित सूची में सूचीबद्ध 100 गीगावाट सौर पीवी मॉड्यूल निर्माण क्षमता की भारत की ऐतिहासिक उपलब्धि, एक मजबूत और आत्मनिर्भर सौर विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने में देश की तीव्र प्रगति को दशार्ती है, जो आत्मनिर्भर भारत के राष्ट्रीय दृष्टिकोण और स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण की वैश्विक अनिवार्यता के अनुरूप है।

इस तरह के मजबूत प्रोत्साहन के साथ, भारत का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक जून 2025 में सालाना आधार पर 1.5% बढ़ा, जिसका नेतृत्व विनिर्माण क्षेत्र में 3.9% की वृद्धि ने किया। इसी प्रकार, मजबूत मांग, मजबूत विस्तार और सकारात्मक व्यावसायिक दृष्टिकोण के कारण, भारत का विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (ढटक) जुलाई में 16 महीने के उच्चतम स्तर 59.1 पर पहुंच गया।

बढ़ता मध्यम वर्ग

भारत की मध्यम वर्गीय आबादी में 2040 तक 597 मिलियन से अधिक वृद्धि होने का अनुमान है, जो इसकी आर्थिक वृद्धि का एक बड़ा हिस्सा है। बढ़ती मध्यम वर्गीय आबादी के व्यय वृद्धि में 75% से अधिक योगदान देने, नए बाजार अवसर पैदा करने और लाखों लोगों को गरीबी से बाहर निकालने का अनुमान है, जिससे 2031 तक गरीब परिवारों का अनुपात वर्तमान 15% से घटकर केवल 6% रह जाएगा। मजबूत समष्टि आर्थिक संकेतक

बाहरी बाधाओं के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था प्रभावशाली रूप से लचीली बनी हुई है। नाममात्र के संदर्भ में, देश के 2047 तक 30 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था तक पहुँचने की उम्मीद है, जिसकी औसत नाममात्र जीडीपी वृद्धि दर सालाना 9%-10% होगी। भारत के सकल बचत-से-जीडीपी अनुपात में भी सुधार होने का अनुमान है, जो एक रेखीय प्रवृत्ति परिदृश्य के तहत 2036-37 तक बढ़कर 48% हो जाएगा, जिससे मजबूत निवेश-संचालित विकास बना रहेगा। देश के चालू खाता घाटे और मुद्रा अवमूल्यन को लेकर कुछ चिंताओं के बावजूद, समग्र विकास स्वस्थ है, और सेवा एवं औद्योगिक क्षेत्रों के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि के प्राथमिक चालक होने की उम्मीद है। शहरीकरण और बुनियादी ढाँचा विकास से 2035 तक बाजारों में वृद्धि, उत्पादकता में वृद्धि, निवेश आकर्षित करने और लाखों नए रोजगार सृजित होने का अनुमान है, जिससे शहर भारत के आर्थिक उत्थान के प्रमुख इंजन बनेंगे। बड़े शहरों, बड़े क्षेत्रों और बड़े गलियारों के उद्भव से भारत की शहरीकरण दर, जो वर्तमान में 36% है, अगले दशक में बढ़कर 50% हो जाने का अनुमान है। 2036 तक इन शहरी क्षेत्रों का भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 70% से अधिक योगदान होने की उम्मीद है। इस शहरी परिवर्तन को समर्थन देने के लिए भारत 2030 तक बुनियादी ढाँचे में सालाना 290 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश करेगा।

# विदेशी धरती पर भारतीयों पर बढ़ते हमले

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

विदेशों में भारतीयों की मौत और हमलों की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। यह अब केवल आंकड़ों या खबरों का विषय नहीं रह गया है, यह भारत की प्रवासी सुरक्षा और वैश्विक प्रतिष्ठा का गंभीर प्रश्न बन चुका है। अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और यूरोप जैसे विकसित देशों में भारतीय छात्रों और प्रवासियों पर हो रहे हमले इस सदी के सबसे दर्दनाक सामाजिक परिदृश्यों में से एक बन गए हैं।

ताजा घटना अमेरिका के टेक्सास राज्य के डलास शहर की है, जहां 27 वर्षीय भारतीय छात्र चंद्रशेखर पोल की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह हैदराबाद के रहने वाले थे और टेक्सास में डेंटल सर्जरी में मास्टर डिग्री की पढ़ाई कर रहे थे। वह गैस स्टेशन पर अपनी पार्ट-टाइम नौकरी में व्यस्त थे, तभी एक अज्ञात बंदूकधारी ने उन पर गोलियां दाग दीं। अस्पताल ले जाने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

यह खबर जैसे ही भारत पहुंची, हैदराबाद में उनके घर पर कोहराम मच गया। माता-पिता, जिन्होंने बेटे की पढ़ाई के लिए घर गिरवी रख दिया था, अब उसके पार्थिव शरीर के लौटने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। पिता ने कहा, वह डॉक्टर बनना चाहता था, लेकिन हमें अब सिर्फ उसका शव मिल रहा है।

तेलंगाना के बीआरएस विधायक सुधीर रेड्डी और पूर्व मंत्री टी. हरीश राव ने परिवार से मुलाकात की और इसे राज्य की सामूहिक त्रासदी बताया। हरीश राव ने सोशल मीडिया पर लिखा, जिस बेटे के ऊंचाइयों तक पहुंचने की उम्मीद थी, उसके लिए अब केवल शोक ही बचा है। राज्य सरकार को तुरंत कदम उठाकर शव को भारत लाना चाहिए।

पांच सालों में बढ़े विदेशी हमलेः डर और असुरक्षा की रेखा

यह घटना किसी अपवाद की तरह नहीं आई। विदेश मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, पिछले पांच वर्षों (2021-2025) में भारतीय नागरिकों पर कई हमले हुए हैं, जिनमें अनेक लोगों की हत्या तक कर दी गई।

वर्षवार घटनाओं की संख्या

2021- 29

2022- 57

2023- 86

2024- 91

2025 के आंकड़े अभी आंशिक हैं, लेकिन शुरूआती महीनों में ही कई गंभीर घटनाएं हिंसा की सामने आ चुकी हैं।) इन आंकड़ों में विशेष रूप से चिंताजनक बात यह है कि अकेले 2024 में 30 भारतीय छात्रों की हत्या हुई। इनमें से कनाडा में 16, अमेरिका में 12 और ब्रिटेन व सऊदी अरब में 10-10 मामलों की पुष्टि हुई। यह संख्या बताती है कि विदेशों में भारतीय छात्रों की सुरक्षा कितनी नाजुक हो चुकी है।

विदेशों में हिंसा के नए केंद्र

अमेरिका, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में पिछले कुछ वर्षों में भारतीयों पर हुए हमले नस्ली भेदभाव और अपराध दोनों से जुड़े दिखे हैं।

अमेरिकाः डलास, इंडियाना, शिकागो, और ह्यूस्टन जैसे शहरों में भारतीय छात्रों और टैक्सी ड्राइवरों पर हमले हुए हैं। जनवरी 2025 में इंडियाना में एक भारतीय छात्रा पल्लवी राव की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। चंद्र मौली नागमल्लैया नामक भारतीय व्यक्ति की हत्या 10 सितंबर 2025 को डलास, टेक्सास (अमेरिका) में की गई ।

कनाडाः 2024 में ही टोरंटो और ब्रैम्पटन में भारतीय युवकों की हत्याएं हुईं। कुछ मामलों में गैंगवार का संदेह जताया गया।

ब्रिटेन और यूरोपः आयरलैंड की राजधानी डबलिन में जुलाई 2025 में 40 वर्षीय भारतीय मूल के व्यक्ति को बेरहमी से पीटा गया, जिससे उसकी मौत हो गई।

ऑस्ट्रेलियाः मेलबर्न में एक 23 वर्षीय भारतीय छात्र पर नस्ली गालियां देते हुए हमला किया गया।

मध्य-पूर्वी देशों में स्थिति अलग है, वहां हत्याओं से अधिक कानूनी जटिलताएं, श्रमिकों के शोषण और सजा-ए-मौत के मामलों ने भारतीयों की सुरक्षा पर सवाल उठाए हैं। यूएई में 29, सऊदी अरब और कुवैत में कई भारतीय नागरिकों को अब भी कठोर दंड का सामना करना पड़ रहा है।

अर्थशास्त्र और असुरक्षा के बीच भारतीय प्रवासी

हर वर्ष लगभग 15 लाख भारतीय विदेशों में रोजगार या शिक्षा के लिए जाते हैं। इनमें से सबसे बड़ा हिस्सा अमेरिका, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में उच्च शिक्षा और तकनीकी नौकरियों के लिए जाता है। परंतु इस प्रवास के साथ एक मूक संकट भी चलता है, विदेशी समाजों में असमान पहचान, नस्लीय टिप्पणियां, और सुरक्षा का असंतुलन।

भारतीय छात्र आमतौर पर कम लागत वाले क्षेत्रों में रहते हैं और खर्च पूरा करने के लिए रात में पार्ट-टाइम काम करते हैं, जैसे चंद्रशेखर गैस स्टेशन पर करते थे।

सरकारी रुख और प्रवासी नीति

अप्रैल 2025 में भारतीय विदेश मंत्रालय ने संसद में बताया कि पिछले पांच वर्षों में भारतीय छात्रों पर हुए हिंसक हमलों में 30 छात्रों की मौत हो चुकी है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि वह दूतावासों और स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर हरसंभव सहायता प्रदान कर रहा है। विदेश मंत्री ने हाल ही में एक बयान में कहा, सरकार हर नागरिक की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। दूतावासों को अधिक संवेदनशील बनाया गया है और प्रभावित परिवारों को आर्थिक और कानूनी सहायता दी जा रही है। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि केवल सहायता से काम नहीं चलेगा, भारत को प्रवासी सुरक्षा समझौते जैसी दीर्घकालिक नीति अपनानी होगी।

कूटनीति और अंतरराष्ट्रीय दबाव की जरूरत

भारत आज वैश्विक स्तर पर बड़ी आर्थिक और रणनीतिक शक्ति है, परंतु जब उसके नागरिकों पर विदेशी धरती पर बार-बार हमले होते हैं, तो यह उसकी कूटनीतिक क्षमता पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। क्या भारत इन देशों से औपचारिक रूप से सुरक्षा की गारंटी मांग सकता है? क्या नस्लीय हिंसा पर संयुक्त राष्ट्र जैसे मंचों पर दबाव बनाया जा सकता है? विशेषज्ञों के अनुसार, अब भारत को केवल मामले की जांच या दूतावास की निगरानी से आगे जाकर इन देशों के साथ संयुक्त सुरक्षा पहल करनी चाहिए।

विश्वविद्यालयों में भारतीय छात्रों के लिए सुरक्षा ऑडिट, रात के कार्यस्थलों के लिए स्थानीय पुलिस की निगरानी और इंडियन हेल्पलाइन जैसी व्यवस्थाएं तत्काल आवश्यक हैं। यानी ऐसा कॉमन संपर्क नंबर कि दुनिया के किसी भी देश में भारतीय संकट की स्थिति में उस नंबर को डायल कर सकें और वहां से संबंधित देश के साथ समन्य स्थापित कर तत्काल सहायता जरूरतमंद भारतीय तक पहुंचाई जा सके। हालांकि भारत ने हाल के वर्षों में MADAD पोर्टल, प्रवासी सहायता मिशन और हेल्पलाइन जैसी व्यवस्थाएं शुरू की हैं, लेकिन इनका प्रभाव सीमित रहा है। इसलिए जरूरत है, विदेशों में भारतीय छात्रों के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल अनिवार्य बनाए जाएं। प्रत्येक विश्वविद्यालय में भारतीय छात्र समन्वयक नियुक्त हों। रात्रिकालीन कार्यस्थलों की सुरक्षा जांच भारत और स्थानीय प्रशासन संयुक्त रूप से करें।

## सूडोकु नवताल- 7574

✶✶✶✶✫ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7573 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

# हरियाणा शिक्षक स्थानांतरण : नीति, प्रक्रिया और उलझन

डॉ. सत्यवान सौरभ

हरियाणा में शिक्षक स्थानांतरण और पदस्थापन की प्रक्रिया वर्षों से विवादों और असंतोष का कारण रही है। शिक्षक और कर्मचारी यह महसूस करते हैं कि नीतियाँ जितनी स्पष्ट घोषणाओं में दिखाई देती हैं, उतनी ही वास्तविकता में जटिल और उलझी हुई हैं। यह मामला केवल कर्मचारियों के हित का नहीं है, बल्कि पूरे शिक्षा तंत्र की पारदर्शिता, निष्पक्षता और गुणवत्ता से जुड़ा हुआ है।

जब वित्त विभाग से किसी पद की स्वीकृति मिल जाती है, तब भी कई बार स्थानांतरण प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब हो जाता है। ऐसा बजट संबंधी बाधाओं, दस्तावेजी प्रक्रियाओं या प्रशासनिक स्तर पर बार- बार अनुमोदन की अनावश्यकता के कारण होता है। इस विलंब से केवल प्रक्रिया धीमी नहीं होती, बल्कि नीति के उचित और समय पर पालन में बाधा आती है। कर्मचारी महीनों तक अनिश्चितता में रहते हैं, जिससे उनका मनोबल गिरता है और शिक्षा प्रणाली की दक्षता प्रभावित होती है। दंपत्ति मामलों में, जहाँ शिक्षक अपने जीवनसाथी के साथ पदस्थापन चाहते हैं, पहले से लंबित मामलों के बावजूद पुनः जांच और अनुमोदन की प्रक्रिया शुरू कर दी जाती है। इससे कर्मचारी अनावश्यक असुविधा में पड़ते हैं और यह नीति की जटिलता को स्पष्ट करता है। इससे यह भी संकेत मिलता है कि प्रशासन कई बार प्रक्रिया को जानबूझकर लंबा खींचता है।

स्थानांतरण रोकने वाले पक्षों की बात करें, तो इसमें कई स्तर शामिल हैं। लंबे समय से किसी स्थान पर तैनात कर्मचारी अपने स्थान से हटना नहीं चाहते। संघ और संगठन अपने सदस्यों के हित की रक्षा के लिए हस्तक्षेप करते हैं। इसके अलावा, प्रशासन भी अनुभवी कर्मचारियों को संवेदनशील पदों पर लंबे समय तक बनाए रखना पसंद करता है। इन सभी कारकों के कारण स्थानांतरण प्रक्रिया अक्सर संतुलित और निष्पक्ष नहीं होती।

शिक्षा मंत्री ने प्रेस में कहा था कि मध्य-अवधि स्थानांतरण लागू होंगे, लेकिन वास्तविकता में इसका कोई प्रभाव नजर नहीं आता। यह विरोधाभास कर्मचारियों में भ्रम और असंतोष पैदा करता है। घोषणाओं और वास्तविक कार्यान्वयन के बीच यह अंतर यह संदेश देता है कि केवल बयानों से नीति लागू नहीं होती।

अन्य विभागों में ऑनलाइन स्थानांतरण प्रणाली सहज रूप से लागू हो रही है, जबकि शिक्षा विभाग में यह प्रक्रिया धीमी और जटिल बनी हुई है। इसका कारण केवल तकनीकी कठिनाई नहीं है। प्रशासनिक प्रतिरोध, पारंपरिक कार्य संस्कृति और स्थानीय अधिकारियों की प्राथमिकताएँ इसमें योगदान करती हैं। जब तक सभी पक्ष पारदर्शिता और समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित नहीं करेंगे, ऑनलाइन प्रणाली प्रभावी नहीं हो सकती।

नई नियुक्तियों के समय पर्याप्त स्थान उपलब्ध होने के बावजूद स्थानांतरण में देरी होती है। इससे प्रश्न उठता है कि क्या कर्मचारियों को जानबूझकर दूर भेजा जा रहा है या कुछ को सुविधा दी जा रही है। आने वाले वर्ष में जनगणना के कारण स्थानांतरण न होने की संभावना इस प्रश्न को और गंभीर बना देती है।

प्रत्यायोजन की प्रथा भी समस्या बनी हुई है। इसके तहत अपने कर्मचारियों को विशेष पदों या स्थानों पर समायोजित किया जाता है। यह न केवल पारदर्शिता और निष्पक्षता पर प्रश्न उठाता है, बल्कि पक्षपात और प्रशासनिक भेदभाव को भी बढ़ावा देता है। यदि समय रहते इसे रोका और सुधारात्मक कदम उठाए जाएँ, तो शिक्षक और विभाग दोनों को लाभ होगा।

इन सभी जटिलताओं के बावजूद शिक्षक समुदाय चाहता है कि नीति स्पष्ट, समयबद्ध और निष्पक्ष हो। केवल घोषणाओं और प्रेस विज्ञप्तियों से समाधान नहीं होगा। आवश्यकता है कि प्रशासन ऑनलाइन प्रणाली को प्रभावी बनाए, पक्षपात और व्यक्तिगत लाभ पर आधारित निर्णयों को रोके। शिक्षक और छात्र यह विश्वास रखें कि स्थानांतरण प्रक्रिया शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता और संतुलन बनाए रखने के लिए है, न कि किसी व्यक्तिगत लाभ के लिए।

हरियाणा में शिक्षक स्थानांतरण नीति केवल जटिल और उलझी हुई नहीं है, बल्कि इसका कार्यान्वयन भी संतुलित और निष्पक्ष नहीं है। प्रशासनिक देरी, अनावश्यक अनुमोदन, पक्षपात और तकनीकी बाधाओं के कारण शिक्षक असंतोष में हैं। इसके परिणामस्वरूप शिक्षा प्रणाली पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

सरकार को चाहिए कि वह स्पष्ट नियमावली और नीति लागू करे, समयबद्ध और पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करे, ऑनलाइन प्रणाली को प्रभावी बनाए, और पक्षपात तथा व्यक्तिगत लाभ पर आधारित निर्णयों को रोके। तभी शिक्षक अपने कार्य में संतुष्ट रह पाएँगे और छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सकेगी। अन्यथा यह प्रक्रिया केवल विवाद, असंतोष और भ्रम का स्रोत बनी रहेगी।

हरियाणा सरकार के सामने यह चुनौती है कि वह शिक्षक स्थानांतरण प्रक्रिया में स्थिरता, न्याय और पारदर्शिता सुनिश्चित करे। तभी शिक्षा प्रणाली का वास्तविक उद्देश्य गुणवत्ता, संतुलन और विद्यार्थियों के हित झ पूरा हो सकेगा। हरियाणा में शिक्षक स्थानांतरण नीति केवल जटिल और उलझी हुई नहीं है, बल्कि इसका कार्यान्वयन भी संतुलित और निष्पक्ष नहीं है। वित्त विभाग से अनुमोदन मिलने के बावजूद विलंब, दंपत्ति मामलों में पुनः प्रक्रिया, और प्रत्यायोजन के माध्यम से पक्षपात जैसी समस्याएँ लगातार बनी हुई हैं।

## दैनिक पंचांग

**6 अक्टूबर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | तुला | 06.46 बजे से |
| चंद्र | मीन में | वृश्चिक | 09.01 ब.से |
| मंगल | तुला में | धनु | 11.17 बजे से |
| बुध | तुला में | मकर | 13.22 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कुंभ | 15.08 बजे से |
| शुक्र | सिंह में | मीन | 16.41 बजे से |
| शनि | मीन में | मेष | 18.12 बजे से |
| राहु | कुंभ में | वृष | 19.52 बजे से |
| केतु | सिंह में | मिथुन | 21.50 बजे से |
| **राहुकाल** | | कर्क | 00.03 बजे से |
| 7.30 से 9.00 | | सिंह | 02.20 बजे से |
| बजे तक | | कन्या | 04.31 बजे से |

**सोमवार** 2025 वर्ष का 279 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** आश्विन **पक्ष** शुक्ल **तिथि** चतुर्दशी 12.24 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाभाद्रपदा 06.16 बजे तदनन्तर उत्तराभाद्रपदा 04.02 बजे रात्र को समाप्त। **योग** वृद्धि 13.14 बजे को समाप्त। **करण** वणिज 12.24 बजे तदनन्तर विष्टि 22.54 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 14.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 05° 08' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872489 **जूलियन दिन** 2460954.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** रबी उस्सानी **तारीख** 13 **विशेष** कोजागरा पूजा, शरद पूर्णिमा, पूर्णिमा उपवास।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# चंदौली डैम से झरने जैसा गिरा पानी, 8 गेट खोले

## 27 जिलों में बारिश का अलर्ट, कल से ओले गिरेंगे





**लखनऊ।** यूपी में लौटता मानसून जमकर बरस रहा है। मौसम विभाग ने आज रविवार को 27 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें से 15 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। शनिवार को पूर्वी यूपी के 41 जिलों में झमाझम बारिश हुई। जबकि पश्चिम यूपी के सिर्फ 7 जिलों में हल्की बारिश दर्ज की गई। वाराणसी में 125 साल बाद अक्टूबर महीने में सबसे ज्यादा बारिश रिकॉर्ड की गई। प्रदेश में 1 से 4 अक्टूबर तक यूपी में 28.6 मिमी बारिश हुई।

हालांकि, मौसम विभाग ने सिर्फ 6.4 मिमी बारिश का अनुमान लगाया था। ऐसे में इन 4 दिनों में औसत से 346% ज्यादा बारिश रिकॉर्ड की गई। बारिश के चलते चंदौली और मिजार्पुर में बांध ओवरफ्लो हो गए। चंदौली के लतीफशाह डैम के 8 गेट खोलकर कर्मनाशा नदी में 45 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। इससे नदी के तटवर्ती इलाकों में बाढ़ जैसे हालात हो गए। सोनभद्र के खुटहां गांव में एक दुकान में 8 फीट लंबा अजगर घुस गया। अजगर दुकान में काउंटर के नीचे छिपा था। वन विभाग की टीम ने अजगर को रेस्क्यू कर मुक्खा पहाड़ी पर छोड़ा। वहीं, मिजार्पुर में अहरौरा बांध से पानी छोड़ा गया है। इसके बाद जमालपुर विकास खंड के 20 गांव बाढ़ की चपेट में आ गए। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के गांव औड़ी में भी पानी घुस गया। यूपी में इस साल मानसून के सीजन में ( 1 जून - 30 सितंबर) के दौरान सामान्य बारिश रही। पश्चिमी यूपी में 12 प्रतिशत अधिक यानी 752.5 मिमी बारिश हुई। पूर्वी यूपी में यह आंकड़ा 17 प्रतिशत कम यानी 666 मिमी. रहा। पूरे प्रदेश में 701.6 मिमी बारिश हुई, जो कि नॉर्मल 746.2 मिमी से 6 प्रतिशत कम है। मौसम विभाग का कहना है कि अक्टूबर में प्रदेश सामान्य से ज्यादा बारिश का अनुमान है। मिजार्पुर के अहरौरा डैम से छोड़े गए पानी के चलते चंदौली में गड़ई नदी उफान पर है। चकियाझनौगढ़ मार्ग जलमग्न हो गया है। राहगीर ठेले पर बाइक लादकर सड़क पार कर रहे हैं। बहराइच में 6 फीट लंबा मगरमच्छ रिहायशी इलाके में घुस गया। शनिवार रात सड़क पर बैठे मगरमच्छ को एक ग्रामीण ने देखा। इसके बाद गांव के लोग जुटे और वन विभाग को सूचना दी गई। थोड़ी देर बाद टीम पहुंची और मगरमच्छ को पकड़कर क्रेन की मदद से नाले में छोड़ दिया गया। कुशीनगर में बारिश का पानी बिजली घर में भर गया है, जिससे 100 से अधिक गांवों में पिछले 48 घंटे से लाइट नहीं आ रही है। रविवार सुबह से पंपसेट और वाटर टैंक की मदद से जल निकाला जा रहा है। ललितपुर में 15 मिनट से बारिश हुई। अब 25 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल रही है। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले 5 दिनों में कुल 10 मिमी तक बारिश होने की संभावना है। बहराइच के कतर्नियाघाट में सरयू नहर में एक डॉल्फिन कम पानी के बीच फंस गई। चौधरी चरण सिंह घाघरा बैराज के पास हुई। रविवार को वन विभाग और WWF की टीम ने डॉल्फिन को बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। टीम ने डॉल्फिन को बैराज की ओर भगाने का प्रयास किया, लेकिन नहर में पानी कम होने के कारण उन्हें सफलता नहीं मिली। WWF के परियोजना अधिकारी दबीर हसन ने बताया कि दो दिन पहले बैराज पर सरयू नहर के सभी गेट बंद कर दिए गए थे। इसके कारण नहर में पानी का स्तर कम हो गया, जिससे डॉल्फिन फंस गई। फरुर्खाबाद के अमृतपुर इलाके के मजरा कोटियापुर में शनिवार रात 6 फीट का अजगर बरगद के पेड़ में मिला। ग्रामीणों में विभाग को इसकी सूचना दी। फिर टॉर्च, लकड़ी और डंडे लेकर मौके पर पहुंचे। अजगर को पेड़ से बाहर निकालने की कोशिश की। हालांकि, अजगर बाहर नहीं निकला। बारिश के बाद चंदौली में पहाड़ी क्षेत्रों से बाधों में लगातार पानी पहुंच रहा है। डैम ओवरफ्लो हो गए। लतीफशाह डैम के 8 गेट खोलकर कर्मनाशा नदी में 45 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इसके चलते तटवर्ती इलाकों में बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं। बबुरी क्षेत्र के करीब 7-8 गांवों में पानी घुस गया है। सोनभद्र में घोरावल के खुटहां गांव में एक दुकान में 8 फीट लंबा अजगर देखा गया। अजगर दुकान में काउंटर के नीचे छिपा था। सूचना पर वन्य जीवरक्षक अभिलाष कुमार वर्मा और वन दरोगा राजन मिश्रा वनकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने अजगर का रेस्क्यू किया। शनिवार सुबह अजगर को मुक्खा पहाड़ी पर सुरक्षित छोड़ दिया गया। मिजार्पुर में भारी बारिश के चलते अहरौरा बांध से पानी छोड़ा गया। इसके बाद जमालपुर विकास खंड के लगभग 20 गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। जल संसाधन मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के गांव औड़ी में भी पानी घुस गया। चारों ओर पानी भरने से पास का हसौली गांव टापू में बदल गया। मिजार्पुर में हो रही झमाझम बारिश से चलते बांध का जलस्तर बढ़ने पर अहरौरा बांध और जरगो जलाशय का गेट खोल दिया गया है। पानी छोड़े जाने से कई मार्गों पर आवाजाही बंद कर दी गई है। जिलाधिकारी के निर्देश पर 4 अक्टूबर को कक्षा 1 से 8 तक के सभी स्कूल बंद कर दिए गए हैं। सिरसी बांध का जलस्तर बढ़ने पर सात फाटक खोले गए हैं। मिजार्पुर में पिछले दो दिनों लगातार बारिश से हो रही है। नदियों, तालाबों और बांधों का जलस्तर बढ़ गया है। सड़कों पर आवागमन बाधित है। अहरौरा-चकिया मार्ग भी बंद हो गया है। मदारपुर गांव के पास गड़ई नदी पर बने पुल पर गुरुवार शाम से ही पानी का तेज बहाव जारी है, जिससे पुल जलमग्न हो गया है। शुक्रवार सुबह से बांध के आठ गेट आठ इंच खोलकर लगभग 800 क्यूसेक पानी प्रति सेकेंड निकाला जा रहा है। लकुरा, बीबी पोखर, रेखईपुर दादो, हुसैनपुर और रतिगढ़ जाने वाले रास्ते भी पानी में डूब गए हैं, जिससे इन गांवों का संपर्क टूट गया है। चंदौली जिले के चकिया तहसील क्षेत्र के लतीफ शाह बांध से एक बार फिर पानी ओवरफ्लो होने लगा है। शुक्रवार को सुबह से शाम तक हुई मूसलाधार बारिश के बाद बांध का जलस्तर तेजी से बढ़ा, जिससे शनिवार रात से पानी बहना शुरू हो गया। सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता राकेश तिवारी ने बताया कि बांध से 11600 क्यूसेक पानी ओवरफ्लो हो रहा है। जिला प्रशासन ने बांध के आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। देवरिया जिले में रात से तेज हवा के साथ बारिश हो रही है। जिससे शहर की नालियां ओवर फ्लो होकर सड़क बह रही हैं। तेज हवा के चलते कई स्थानों पर पोल टूट गए। शहर से लेकर गांव तक रात से ही बिजली आपूर्ति ठप है। बारिश से सीएचसी लार में बाढ़ जैसा नजारा देखने को मिला। एक फीट पानी भरा है।

## संक्षिप्त डायरी

### उत्तम मिश्रा के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकताओं ने कांग्रेस (इंटक) के सीनियर सेक्रेटरी बाबर सलीम पासा का डाला शहीद स्थल पर किया भव्य स्वागत



**संवाददाता**

**डाला (सोनभद्र)।** राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) के सीनियर सेकेट्री एनटीपीसी/ पावर ग्रिड फेडरेशन के अध्यक्ष एवं सेन्ट्रल लीडर बाबर सलीम पासा एनटीपीसी रिहंद नगर बीजपुर के पूर्व यूनियन लीडर आर.के. मिश्र (रामू मिश्र) के साथ एनटीपीसी रिहंद नगर इंटक यूनियन के चुनावी सिलसिले में शामिल होने जा रहे थे जिसकी सूचना डाला सीमेंट फैक्ट्री श्रमिक संघ (इंटक) यूनियन लीडर उत्तम मिश्रा को हुई तुरंत डाला शहीद स्मारक पर अपने साथियों के साथ खड़े रहे सेन्ट्रल लीडर का माल्यार्पण कर स्वागत किया उन्होंने तत्पश्चात सेन्ट्रल लीडर ने डाला के वीर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया डाला सीमेंट फैक्ट्री के यूनियन लीडर ने कर्मचारीगण की समस्याओ का उल्लेख किया और निदान के लिए निवेदन किया सेन्ट्रल लीडर ने आश्वासन देते हुए इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी. संजीवा रेड्डी को मोबाईल द्वारा डाला सीमेंट के कर्मचारियों की समस्याओं का उल्लेख किया राष्ट्रीय अध्यक्ष ने डाला के कर्मचारीगण की समस्या का जल्द समाधान कराने आश्वासन दिया। सभी लोग एनटीपीसी रिहंद नगर के लिए रवाना हो गये। डाला इंटक से उत्तम मिश्रा के साथ दिलीप सिंह, राजेश कुमार, ऋषिराज पाठक , अवध राय, विनय सिंह, अतीश पाठक व अन्य लोग उपस्थित रहे।

### राजन शुक्ला समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव नियुक्त



**संवाददाता**

**कु शीनगर।** समाजवादी पार्टी के युवा मोर्चा समाजवादी लोहिया वाहिनी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में जिले से एक नई आवाज को बड़ी जिम्मेदारी मिली है। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राजन शुक्ला को समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव पद पर नामित किया गया है। यह नियुक्ति वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव द्वारा की गई है। अपनी नियुक्ति पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राजन शुक्ला ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने जो भरोसा मुझ पर जताया है, मैं उस पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करूंगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में देश और प्रदेश में सामाजिक न्याय की जो लड़ाई लड़ी जा रही है, उसमें युवाओं की भागीदारी सबसे अहम है। मैं युवाओं को जोड़ने और संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने के लिए पूरी ताकत झोंक दूंगा। शुक्ला ने यह भी कहा कि वह अपने दायित्व को केवल पद नहीं, बल्कि एक आंदोलन के रूप में देख रहे हैं और पार्टी की नीतियों को हर तबके तक पहुंचाने का संकल्प लेते हैं। राजन शुक्ला को राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने पर समाजवादी पार्टी कार्यकताओं और समर्थकों में जबरदस्त उत्साह है। सपा जिलाध्यक्ष राम अवध यादव, पूर्व मंत्री राधेश्याम सिंह, पूर्व विधायक डा पीके राय,मु.इलियास अंसारी,पं.अजय शुक्ला ,वरिष्ठ नेता मधुरश्याम राय,राजेश प्रताप राव 'बंटी', संतोष तिवारी,विधानसभा अध्यक्ष विजय यादव, चंद्रजीत यादव, समसुल हक मंसूरी, कामरान अंसारी, मारकंडे त्रिपाठी, निरंजन सिंह समेत तमाम समाजवादी नेताओं ने हर्ष जताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

### खड़े कंटेनर में घुसा तेज रफ्तार ट्रक, 4 की मौत



**आगरा।** आगरा-मथुरा हाईवे पर शनिवार रात एक तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे खड़े कंटेनर में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ट्रक की केबिन में बैठी महिला, एक पुरुष, चालक और किशोर की मौके पर ही मौत हो गई। बताया गया कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक की केबिन के परखच्चे उड़ गए और उसका अगला हिस्सा टूटकर हाईवे पर जा गिरा। ट्रक में बल्लियां भरी थीं, जो टक्कर के दौरान केबिन में बैठे किशोर के सिर में घुस गईं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान ट्रक चालक विजेंद्र सिंह पुत्र नरेंद्र सिंह निवासी शैलाई फिरोजाबाद, रीमा ठाकुर पत्नी श्यामबाबू ठाकुर निवासी गोपालपुर शमशाबाद के रूप में हुई है। इसके अलावा एक बच्चा और एक अन्य व्यक्ति की भी मौत हुई है, जिनकी शिनाख्त अभी नहीं हो सकी है। वहीं, हादसे में घायल एक अन्य युवक को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया था, जहां इलाज के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। युवक की पहचान उपेंद्र निवासी भरतपुर के रूप में हुई है। वह ग्वालियर से परीक्षा देकर गुरुग्राम लौट रहा था। पुलिस के मुताबिक, हादसे का कारण ट्रक चालक का शराब के नशे में होना सामने आया है। ट्रक में बांस-बल्लियां भरी हुई थीं और वह तेज रफ्तार से सिकंदरा की ओर से मथुरा जा रहा था। जैसे ही वह रुनकता फ्लाईओवर से उतरा, वह लोहरे की पंक्चर की दुकान के पास खड़े कंटेनर से पीछे से जा टकराया। हादसे के बाद कुछ देर के लिए हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई। पुलिस ने रात करीब 2 बजे कंटेनर व ट्रक को कब्जे में लेकर चौकी में खड़ा कर दिया। एसीपी हरीपर्वत अक्षय संजय महाडिक ने बताया कि मृतक महिला और पुरुष मथुरा जा रहे थे। किशोर की पहचान अभी नहीं हो सकी है। सभी शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है, रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि कैंटर के पीछे से अन्य वाहन एक बाद एक आधा दर्जन वाहन घुसते चले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से केबिन तोड़कर मृतकों के शवों व घायलों को बाहर निकाला। हादसे के बाद हाईवे पर चीख पुकार के साथ अफरा तफरी मच गई।

# माकपा का जिला सम्मेलन आयोजित



**संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की जिला इकाई का एक दिवसीय सम्मेलन नगर के सपहा मार्ग स्थित एड. विजय कुमार श्रीवास्तव के आवास पर संपन्न हुई। जिसमें वक्ताओं ने आंधी व बारिश से बर्बाद धान और गन्ने की फसल का मुआवजा की मांग सरकार से की। रविवार को आयोजित जिला सम्मेलन में मुख्य अतिथि राज्य समिति सदस्य का० सतीश कुमार ने केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का आह्वान किया। सम्मेलन में आंधी और बारिश से फसलों से हुई क्षति का मुद्दा छाया रहा। आम, सागौन के पौधे, मेले बड़ी संख्या में गिर गए हैं। किसानों को काफी क्षति हुई है। अध्यक्षता करते हुए जिला सचिव अयोध्या लाल श्रीवास्तव ने कहा कि भजपा सरकार संविधान, लोकतंत्र, धर्म निरपेक्षता भाई चारा में विश्वास नहीं करती। उन्होंने जन समस्याओं को हल करने के लिए संघर्ष करने पर जोर दिया। इस अवसर पर का० विजय कुमार श्रीवास्तव, का० गेंदा सिंह, दुर्गा प्रसाद यादव, का० इदरीश सिद्दकी, होसिल, का० केदार यादव, का० कैलाश गिरी, का० जवाहर शर्मा आदि मौजूद रहे।

# पूरी तैयारी से एमएलसी चुनाव लड़ेगी भाजपा: क्षेत्रीय संयोजक डॉ प्रेमचंद मिश्र



**संवाददाता**

**कुशीनगर।** एमएलसी चुनाव को लेकर हुई तैयारी बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष व शिक्षक एमएलसी चुनाव के क्षेत्रीय संयोजक डॉ प्रेमचंद मिश्र ने कहा कि अगले वर्ष शिक्षक व स्नातक विधान परिषद सदस्य का निर्वाचन होना है। इसके लिए भाजपा ने पूरी तैयारी से चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। विगत तमाम चुनावों की तरह इस चुनाव में भी हमें ऐतिहासिक सफलता मिले इसके लिए। हमें प्रत्येक कार्यकर्ता को उसकी योग्यता और क्षमता के अनुसार चुनाव में जिम्मेदारी सौंपनी है। इस अभियान को विचार परिवार के लोगों के साथ मिलकर आगे बढ़ना है। शिक्षक व स्नातक निर्वाचन में सबसे महत्वपूर्ण और परिश्रम का कार्य वोट बनाने का है। महाविद्यालय व विद्यालयों के साथ ही घर-घर संपर्क की रणनीति बनाकर मतदाता बनाने का काम करना है। जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने बताया कि शिक्षक एमएलसी चुनाव के लिए पार्टी के निर्देशानुसार सभी जिला, विधानसभा तथा मतदान केंद्र संयोजक की जिम्मेदारी तय कर लिया गया है। पदाधिकारी विद्यालयों में सम्पर्क कर मतदाता बनाने का कार्य तेजी से कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों तथा तपस्वी कार्यकताओं के परिश्रम से विगत लोकसभा व विधानसभा चुनावो की तरह शिक्षक एमएलसी चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी कुशीनगर जिला में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त करेगी। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष विजय कुमार शुक्ल, जिला मंत्री विवेकानंद शुक्ल, बाबू नन्दन सिंह,जिला मीडिया प्रभारी विश्वरंजन कुमार आनन्द, आई टी विभाग जिला संयोजक नमो नारायण मौर्य, शिक्षक एमएलसी चुनाव के जिला सह संयोजक शैलेन्द्र सिंह विधानसभा संयोजक पशुपति जायसवाल, धन्नजय तिवारी, रामव्यास सिंह, राना प्रताप मिश्र, कन्हैया शर्मा आदि उपस्थित थे।

# चंदेश्वर शर्मा परवाना की कृति मेला का हुआ विमोचन



**संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** तहसील क्षेत्र के साखोपार में अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति, जनपद इकाई द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में राहुल सांकृत्यान सम्मान प्राप्त कविवर चंदेश्वर शर्मा परवाना की कृति मेला का विमोचन अतिथियों ने किया। रविवार को आयोजित पुस्तक विमोचन समारोह को संबोधित करते हुए बीओसीडब्ल्यू बोर्ड सदस्य उप्र सरकार अभय प्रताप नारायण सिंह ने कहा कि भोजपुरी कवि परवाना ने अपनी रचनाओं के माध्यम से कुशीनगर का मान देश विदेश में बढ़ाया है। इस तरह का आयोजन उदीयमान प्रतिभाओं को मंच देता है और उनकी प्रतिभा निखरती है। रचनाकार का सम्मान साहित्य सृजन के लिए प्रेरित करता है। इसलिए हमें कवियों की रचनाओं को पढ़ना चाहिए। प्रधानाचार्य अखिलेश कुमार सिंह ने कहा कि कवि परवाना ने भोजपुरी भाषा का संग्रह देकर पूरे समाज को गौरवान्वित किया है। किसान नेता गोबर्द्धन प्रसाद गोंड कहा कि रचना काफी कठिन काम है। सृजन का कार्य कर परवाना ने युवा रचनाकारों को प्रोत्साहित किया है। कवि दिनेश कुमार तिवारी भोजपुरिया ने मेला की समीक्षा करते हुए पुस्तक को गंवई परिवेश की उत्कृष्ट रचना बताया। दिनेश कुमार पाण्डेय डीके ने अपने संबोधन में कवि परवाना की रचनाओं को भोजपुरी लोक साहित्य की धरोहर बताया। कवि परवाना ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लोक समृद्धि के लिए कवि एवं पत्रकार कार्य करें। गद्य लिखें, पद्य लिखें, नाटक लिखें और साहित्य मेला लगवाएं। कवि जनार्दन जी, अश्वनी द्विवेदी, आकाश महेशपुर, राम नरेश शर्मा, विश्व भोजपुरी मंच के जिलाध्यक्ष आरके भट्ट बावरा, डॉ अवधेश नन्द ने अपनी रचनाएं पढ़ी। अतिथियों का स्वागत अभा पत्रकार सुरक्षा समिति के प्रदेश अध्यक्ष अजय प्रताप नारायण सिंह, विनय कुमार उपाध्याय, दिनेश कुमार ओझा, विनोद तिवारी, ग्राम प्रधान शैलेश प्रताप नारायण सिंह, जिलाध्यक्ष हृदया नन्द शर्मा, असफाक अंसारी, विजय राव, आदित्य कुमार दीक्षित, संदीप मिश्रा, एहतेशाम मिंटू लारी, एड कुशल प्रताप सिंह, मस्तराज शर्मा, मुन्ना राय आदि ने श्री परवाना का माल्यार्पण किया और अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। काव्यात्मक संचालन डॉ घनश्याम तिवारी ने किया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत रक्षा वाहिनी एसपी सिंह, चन्द्र भूषण पाण्डेय, संजय सिंह, आफताब आलम, मंतोष जायसवाल, दया शंकर सिंह, फेकू सिंह, ब्रह्मा सिंह, आशुतोष शर्मा सहित साहित्य मर्मज्ञ मौजूद रहे।

# लापता बच्चे का घर में शव मिला



**झांसी।** 8 साल के मासूम बच्चे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। दादी उसे कमरे में खेलते हुए छोड़ गई थी। थोड़ी देर बाद लौटी तो बच्चा नहीं था। तलाश करने पर नहीं मिला तो पुलिस को बुलाया गया। लगभग 8 घंटे बाद शनिवार रात को घर के अंदर बने भूसा वाले कमरे में उसकी लाश मिली। बच्चे की लाश मिलने से हड़कंप मच गया। हत्या कर लाश को भूसा वाले घर में फेंकने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पूरा मामला लहचूरा थाना क्षेत्र के चकारा गांव का है। लहचूरा के चकारा गांव के रहने वाले राजवेंद्र का 8 साल का बेटा मुकेश गांव के सरकारी स्कूल में कक्षा तीन में पढ़ता था। शनिवार को वह स्कूल नहीं गया था। बच्चे के दादा राम श्रवण ने बताया कि राजवेंद्र अपनी पत्नी चंद्रमुखी के साथ खेत पर गया था। जबकि, मैं बकरी चराने और मेरी पत्नी शांति मोहल्ले में गई हुई थी। मुकेश घर पर अकेला था और खेल रहा था। दोपहर में दादी लौटकर घर आई तो मुकेश नहीं मिला।

# मानवता की सेवा और एकता का संदेश: हर शनिवार खिचड़ी का विशाल भंडारा



**संवाददाता**

**ओबरा, सोनभद्र।** श्रीराम सेवा समिति द्वारा शुरू किया गया साप्ताहिक खिचड़ी भंडारा अब समाज में आपसी सद्भाव और मानव सेवा की भावना को बढ़ावा देने का एक उत्कृष्ट उदाहरण बन गया है। यह पहल पत्रकार अजीत सिंह की एक छोटी सी संकल्पना के रूप में शुरू हुई, जिसका मुख्य उद्देश्य मानवता की सेवा और सच्ची एकता स्थापित करना है। समिति इस आयोजन के माध्यम से समानता और भाईचारे का सशक्त संदेश दे रही है। 4 सितंबर 2025 को ओबरा के सुभाष तिराहे पर स्थित हनुमान मंदिर में सातवें शनिवार खिचड़ी भंडारे का सफल आयोजन किया गया। यह धार्मिक और जनकल्याणकारी आयोजन हर शनिवार को शाम 5:00 बजे प्रारंभ होता है।

समिति का मुख्य ध्येय 'न कोई अमीर न कोई गरीब' की भावना को स्थापित करना है। भंडारे में क्षेत्र के गरीब और अमीर सभी लोगों ने एक समान रूप से भक्तिभाव से खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। समिति की यह विशेषता भेदभाव को मिटाकर सभी को एक साथ भोजन के लिए एक मंच पर लाती है, जिसकी स्थानीय लोगों ने खूब सराहना की है। भंडारे में खिचड़ी वितरित करने के पीछे शनिवार की पुरानी परंपरा भी जुड़ी है। भारत के कई हिस्सों में शनिवार को खिचड़ी खाने की परंपरा है, जिसके पीछे धार्मिक, आयुर्वेदिक और व्यावहारिक कारण हैं। इसे सुपाच्य और शनिदेव से जुड़ी मान्यताओं के कारण शुभ माना जाता है। ओबरा में अब यह परंपरा सामुदायिक एकता का प्रतीक बन चुकी है। इस आयोजन को सफल बनाने में श्रीराम सेवा समिति के प्रमुख सदस्यों का सेवा और समर्पण का भाव सराहनीय रहा। समिति के सदस्यों ने एकजुट होकर प्रसाद बनाने से लेकर शांतिपूर्ण वितरण और पूरी व्यवस्था बनाए रखने तक, सभी जिम्मेदारियाँ निभाईं।

इस नेक पहल की शुरूआत अजीत सिंह ने की, और उन्हें सहयोग देने वाले अन्य समर्पित सेवकों में शामिल हैं।सरिता सिंह,पुष्पा सिंह,रणजीत तिवारी, रीता कुमारी,सर्वेश दुबे,ओमप्रकाश सिंह,अरविंद सिंह,आलोक पांडे,इन सभी के प्रयासों से भंडारे का आयोजन सुचारू रूप से संपन्न हुआ और सामाजिक समरसता का भाव मजबूत हुआ।इस बार भंडारे में सहयोग देने वाले रोशन सिंह संकट मोचन झा और श्री राम सेवा समिति की टीम पत्रकार अजीत सिंह का मानना है कि जब मानव ही मानव की सेवा करेगा, तभी समाज में सच्ची एकता स्थापित हो पाएगी। उनके शब्दों में, यह आयोजन सिर्फ एक धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज को एक साथ लाने और सबको एक का संदेश देने का एक सशक्त माध्यम बन गया है। श्री राम सेवा समिति का यह निरंतर प्रयास क्षेत्र में सामुदायिक सेवा और धार्मिक सौहार्द की भावना को मजबूत करता है। स्थानीय लोगों ने इस निस्वार्थ सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा है कि यह आयोजन सामाजिक एकता और भाईचारे के लिए एक प्रेरणास्रोत है।

# प्रॉपर्टी बेच कर निवेशकों का पैसा लौटाना चाहता है सहारा ग्रुप

## सहारा इंडिया कमर्शियल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एसआईसीसीएल) ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की

**मुंबई**

सहारा समूह अब अपनी कुछ बड़ी संपत्तियों को अडानी प्रॉपर्टीज को बेचकर निवेशकों का पैसा वापस करना चाहता है। इस सौदे को पूरा करने की अनुमति देने के लिए सहारा समूह ने सुप्रीम कोर्ट में आवेदन किया है।

अगर सुप्रीम कोर्ट इस सौदे को मंजूरी दे देता है तो वर्षों से हजारों निवेशकों का पैसा वापस मिलने का रास्ता खुल सकता है। सहारा समूह की कंपनी, सहारा इंडिया कमर्शियल कॉरपोरेशन लिमिटेड ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर जिन संपत्तियों को बेचने की अनुमति मांगी है उनमें महाराष्ट्र की एंबी वैली और लखनऊ का सहारा शहर भी शामिल हैं।

याचिका पर संभवतः 14 अक्टूबर को सुनवाई होगी। अधिवक्ता के माध्यम से दायर याचिका में सहारा समूह से संबंधित विभिन्न संपत्तियों को अडानी प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड को 6 सितंबर 2025 की 'टर्म शीट' में निर्धारित नियमों एवं शर्तों पर बेचने की बात कही गई है। याचिका में कहा गया कि इस न्यायालय द्वारा समय-समय पर पारित विभिन्न आदेशों के अनुसरण और अनुमति से एसआईसीसीएल और सहारा समूह बड़ी मुश्किल से अपनी कुछ चल एवं अचल संपत्तियों को बेचने में सक्षम हुए हैं।

इन संपत्तियों को बेचने से मिलने वाली राशि को बाजार नियामक सेबी-सहारा 'रिफंड' खाते में जमा कर दिया गया है। याचिका में कहा गया है कि कुल 24,030 करोड़ रुपये की मूल राशि में से सहारा समूह ने अपनी चल एवं अचल संपत्तियों की बिक्री/परिसमापन के माध्यम से लगभग 16,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं और उसे सेबी-सहारा 'रिफंड' खाते में जमा कर दिया है। समूह ने कोर्ट से अनुरोध किया है कि 6 सितंबर 2025 की टर्म शीट के तहत एसआईसीसीएल और अडानी प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड के बीच हुई डील, जिसमें 88 संपत्तियों की बिक्री का प्रस्ताव है, को मंजूरी दी जाए। कंपनी ने कहा कि यह प्रस्तावित लेन-देन न केवल सहारा समूह की संपत्तियों से महत्वपूर्ण मूल्य निकालने में मदद करेगा, बल्कि कोर्ट के आदेशों के अनुसार उसकी वित्तीय देनदारियाँ पूरी करने में भी सहायक होगा।

# तेल-तिलहन बाजार में भारी गिरावट, मांग कमजोर

### कमजोर मांग, ऊंचे थोक भाव और खराब कारोबारी धारणा के कारण बाजार दबाव में रहा



**नई दिल्ली**

बीते सप्ताह भारत के तेल-तिलहन बाजार में त्योहारों के मौसम के बावजूद कीमतों में व्यापक गिरावट देखी गई। सरसों, मूंगफली, सोयाबीन, कच्चा पामतेल (सीपीओ), पामोलीन और बिनौला तेल के थोक भाव गिरावट के साथ बंद हुए।

विशेषज्ञों के अनुसार, कमजोर मांग, ऊंचे थोक भाव और खराब कारोबारी धारणा के कारण बाजार दबाव में रहा। मलेशिया एक्सचेंज में पाम तेल की कीमतें सट्टेबाजी के चलते मजबूती दिखा रही हैं, लेकिन भारत में ठंड के मौसम के कारण पाम तेल की मांग सामान्यतः घटती है, क्योंकि यह ठंड में जम जाता है। इस वजह से घरेलू बाजार में पाम और पामोलीन तेल के दाम दबाव में आए। वहीं सरसों तेल की कीमतें भी आयातित रिफाइंड तेलों की तुलना में अधिक होने से उसकी मांग कमजोर रही।

सरकार ने आयात शुल्क मूल्य में भी वृद्धि की है। सीपीओ के आयात शुल्क में 41, पामोलीन में 107 और सोयाबीन डीगम तेल में 21 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है। इसके अलावा, आगामी रबी तिलहन फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में भी वृद्धि की गई है।

डॉलर के मुकाबले रुपये की कमजोरी के चलते आयात महंगा हुआ है, जिससे बाजार में अतिरिक्त दबाव बना। सरसों की फसल किसानों और स्टॉकिस्टों के पास होने के कारण बिकवाली तेज हुई, जिससे दामों में गिरावट आई।

बीते दो महीनों में सरसों तेल के थोक दाम लगभग 20-22 रुपए प्रति किलो तक टूट चुके हैं। हालांकि, खुदरा बाजार में इस गिरावट का कोई खास असर नहीं दिखा है, जो बाजार पारदर्शिता के लिए चिंता का विषय है। सोयाबीन, मूंगफली और बिनौला तेलों के दाम भी कमजोर मांग और निर्यात में कमी के कारण नीचे आए। इस तरह तेल-तिलहन बाजार फिलहाल अस्थिर बना हुआ है, जबकि त्योहारों के बाद मांग में सुधार की उम्मीद है।

# भारतीय कार बाजार में कई नई कारें और एसयूवी देंगी दस्तक




**नई दिल्ली**

त्यौहारी मौसम को देखते हुए अक्टूबर 2025 में कई नई कारें और एसयूवी भारतीय सड़कों पर दस्तक देने वाली हैं। इस लिस्ट में महिंद्रा, निसान, स्कोडा, सिट्रोन और मिनी जैसी ब्रांड्स शामिल हैं। महिंद्रा अपने लोकप्रिय बोलेरो और बोलेरो नियो को मॉडल ईयर अपडेट के साथ पेश करने वाली है। जानकारी के अनुसार इन एसयूवी में नई ग्रिल, नया एयर डैम, नए एलॉय व्हील्स, ब्लैक और ब्राउन इंटीरियर्स, फॉग लाइट और 10.25-इंच टचस्क्रीन जैसे फीचर्स मिलेंगे। बोलेरो के समान ही बोलेरो नियो में भी अपडेटेड फीचर्स की उम्मीद है। इसके अलावा, महिंद्रा थार 3-डोर का रिफ्रेश्ड वर्जन लॉन्च होगा। ऑफ-रोडिंग पर फोकस्ड इस एसयूवी में नए ग्रिल, डुअल-टोन बंपर, फ्रंट आर्मरेस्ट, रिवर्स पार्किंग कैमरा और अन्य कई बदलाव शामिल होंगे।

निसान की नई सी-एसयूवी अगले साल की शुरुआत में लॉन्च होगी।

यह टेरानो की उत्तराधिकारी होगी और नई पीढ़ी की रेनो डस्टर जैसी खूबियों से लैस होगी। 7 अक्टूबर को इसका अनावरण होगा, और यह मारुति ग्रैंड विटारा, किआ सेल्टोस और हुंडई क्रेटा जैसी कारों को टक्कर देगी। स्कोडा अपनी पॉपुलर ऑक्टेविया आरएस सेडान को भारत में फिर से पेश करेगी।17 अक्टूबर को कीमतों का ऐलान होगा और केवल 100 यूनिट ही देश में आयात होंगी। इसमें 2.0-लीटर, टर्बो-पेट्रोल इंजन और 7-स्पीड डीएसटी ऑटोमैटिक गियरबॉक्स मिलेगा। इसमें 2.0-लीटर टर्बो-पेट्रोल इंजन होगा, जो 300 बीएचपी और 400 एनएम टॉर्क जनरेट करेगा और 0-100 किमी/घंटा की रफ्तार 5.4 सेकंड में पकड़ लेगा। सिट्रोन एयरक्रॉस एक्स में नए फीचर्स, ऑल-एलईडी लाइटिंग, वेंटिलेटेड फ्रंट सीट्स और एआई वॉइस असिस्टेंट जैसी खूबियां होंगी।

# सेंसेक्स की 10 प्रमख कंपनियों में सात का मार्केट कैप 74,573 करोड़ बढ़ा

## एचडीएफसी बैंक को सबसे ज्यादा लाभ हुआ, रिलायंस का मार्केट कैप घटा

**नई दिल्ली**

बीते सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में सात का संयुक्त बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 74,573.63 करोड़ रुपये बढ़ गया। इस दौरान एचडीएफसी बैंक को सबसे ज्यादा लाभ हुआ। एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को फायदा हुआ, जबकि रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल और इंफोसिस के मूल्यांकन में गिरावट आई। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 30,106.28 करोड़ रुपये बढ़कर 14,81,889.57 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 20,587.87 करोड़ रुपये बढ़कर 5,72,507.17 करोड़ रुपये हो गया। भारतीय स्टेट बैंक का मूल्यांकन 9,276.77 करोड़ रुपये बढ़कर 8,00,340.70 करोड़ रुपये और हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 7,859.38 करोड़ रुपये बढ़कर 5,97,806.50 करोड़ रुपये हो गया। हालांकि, रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 19,351.44 करोड़ रुपये घटकर 18,45,084.98 करोड़ रुपये रह गया। भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 12,031.45 करोड़ रुपये घटकर 10,80,891.08 करोड़ रुपये और इंफोसिस का बाजार पूंजीकरण 850.32 करोड़ रुपये घटकर 6,00,954.93 करोड़ रुपये रह गया।



देश में रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे मूल्यवान कंपनी बनी रही। इसके बाद एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी का स्थान रहा।

# भारत-यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौता वार्ता शुरू

## निवेश और व्यापार में उम्मीदें बढ़ीं 'मेक इन इंडिया' की ओर झुका यूरोप

**नई दिल्ली**

6 अक्टूबर से ब्रसेल्स में भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की 14वीं दौर की वार्ता शुरू हो रही है। इस समझौते के जरिए दोनों पक्ष व्यापार, निवेश और रोजगार के नए अवसरों को साकार करना चाहते हैं। यूरोपीय कंपनियों ने भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और 'मेक इन इंडिया' पहल में गहरी रुचि दिखाई है। यूरोपीय बिजनेस फेडरेशन इन इंडिया (फेबी) के सर्वे के मुताबिक भारत में 6,000 से अधिक यूरोपीय कंपनियां सक्रिय हैं, जो करीब 30 लाख लोगों को रोजगार देती हैं। ये कंपनियां न केवल निवेश कर रही हैं, बल्कि भारत में निर्माण, नवाचार और निर्यात को भी बढ़ावा दे रही हैं, जो 'मेक इन इंडिया' मिशन को गति दे रहा है। यूरोपीय संघ भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। दोनों के बीच वस्तुओं का व्यापार 120 अरब यूरो तक पहुंच चुका है, जो अमेरिका और चीन से अधिक है।



सेवाओं सहित यह व्यापार 180 अरब यूरो तक पहुंच गया है। इसके बावजूद व्यापार और निवेश की बड़ी संभावनाएं बाकी हैं, जिन्हें एफटीए के माध्यम से खोला जा सकता है। वार्ता में निवेश सुरक्षा समझौते पर भी चर्चा हो रही है, जिससे निवेशकों के लिए स्थिर और पारदर्शी वातावरण सुनिश्चित होगा। साथ ही ईयू भारत रणनीतिक एजेंडा भी पेश किया गया है, जिसमें प्रौद्योगिकी, रक्षा, सतत विकास और गतिशीलता जैसी महत्वपूर्ण पहलें शामिल हैं। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस समझौते को 2025 के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य रखा है।

# अक्टूबर में दो दिन में एफपीआई ने बेची 3,842 करोड़ की इक्विटी




**मुंबई** अक्टूबर 2025 की शुरुआत विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के लिए मंदी भरी रही। महीने के पहले दो कारोबारी दिनों में एफपीआई ने भारतीय इक्विटी बाजार से 3,842 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की है। 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के चलते बाजार बंद रहा, जिससे अब तक केवल दो दिन ही कारोबार हो पाया है। वित्त मंत्रालय और एक्सचेंज आंकड़ों के अनुसार एफपीआई की कुल शुद्ध निकासी 1,262 करोड़ रुपये रही, जिसमें अन्य पूंजी बाजार निवेश शामिल हैं। एफपीआई द्वारा इतनी बड़ी बिकवाली से बाजार में सतर्कता बढ़ गई है। विशेषज्ञ मानते हैं कि वैश्विक ब्याज दरें, डॉलर की मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जैसे कारक निवेशकों की धारणा को प्रभावित कर रहे हैं। यदि यह रुझान जारी रहा, तो निकट भविष्य में बाजार पर दबाव बढ़ सकता है।

# बीएल एग्रो का पांच वर्षों में 3,000 करोड़ के निवेश का लक्ष्य

**नई दिल्ली** उत्तर प्रदेश स्थित बीएल एग्रो अपने कारोबार को बढ़ाने के` लिए अगले पांच वर्षों में अपने राजस्व को 2.5 गुना बढ़ाकर 20,000 करोड़ रुपये प्राप्त करने का लक्ष्य हासिल करने के लिए 3,000 करोड़ रुपये का निवेश करने पर` विचार कर रही है। कंपनी मुख्य रूप से खाद्य तेल और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ का` विक्रय करती है। बीएल एग्रो के एक प्रमुख अधिकारी ने कहा कि कंपनी चावल और दूध जैसी विभिन्न खाद्य श्रेणियों में विस्तार योजनाओं के वित्तपोषण के लिए ये निवेश करेगी। बीएल एग्रो समूह बैल कोल्हू ब्रांड के तहत खाद्य तेल और नरिश तथा अन्य ब्रांडों के तहत प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ बेचती है। उसने वित्त वर्ष 2024-25 में लगभग 8,000 करोड़ रुपये का कारोबार किया। बरेली स्थित इस पारिवारिक स्वामित्व वाले समूह की अगले पांच वर्षों में कई परियोजनाओं के विस्तार पर लगभग 3,000 करोड़ रुपये निवेश करने की योजना है, जिसमें दूध के साथ ही चावल का व्यवसाय भी शामिल है।

# रेनॉल्ट लागत कम करने 3,000 कर्मचारियों की छंटनी करेगी

### कंपनी ने हाल ही में लगभग 13 अरब डॉलर) का भारी नुकसान दर्ज किया

**नई दिल्ली** फ्रांसीसी ऑटोमोबाइल कंपनी रेनॉल्ट अपनी लागत में कटौती करने के लिए बड़े स्तर पर कदम उठाने जा रही है। कंपनी ने सपोर्ट फंक्शन्स जैसे मानव संसाधन, वित्त और मार्केटिंग में लगभग 15 फीसदी कर्मचारियों की छंटनी करने की योजना बनाई है। इससे करीब 3,000 नौकरियां प्रभावित हो सकती हैं। यह छंटनी मुख्य रूप से कंपनी के मुख्यालय बूलोन-बिलांकॉर्ट (पेरिस के पास) और दुनिया भर के अन्य कार्यालयों में की जाएगी। इस योजना को रेनॉल्ट ने ÷एरो÷ नाम दिया है। 2024 के अंत तक रेनॉल्ट के पास कुल 98,636 कर्मचारी थे। कंपनी ने हाल ही में 11.2 अरब यूरो (लगभग 13 अरब डॉलर) का भारी नुकसान दर्ज किया है, जिसमें से 9.3 अरब यूरो का हिस्सा उनके पार्टनर निसान के राइट-डाउन से जुड़ा है। इसके बावजूद, रेनॉल्ट की आय पिछले वर्ष की तुलना में काफी कम हो गई है, जो केवल 461 मिलियन यूरो रही। वैन मार्केट की कमजोरी, इलेक्ट्रिक वाहनों की महंगी उत्पादन लागत और चीनी कार कंपनियों की कड़ी प्रतिस्पर्धा ने कंपनी पर अतिरिक्त दबाव डाला है। जुलाई में नई नियुक्ति फ्रांस्वा प्रोवोस्ट ने सीईओ के रूप में कार्यभार संभाला है। उनके सामने कंपनी की माली हालत सुधारने और क्रेडिट रेटिंग को निवेश योग्य स्तर तक लाने की चुनौती है। साथ ही, उन्हें अमेरिकी टैरिफ और चीनी प्रतिस्पर्धा से निपटने के लिए भी रणनीति बनानी होगी। इस वजह से कंपनी तेजी से खर्च कम करने और संचालन को बेहतर बनाने के उपाय कर रही है। हालांकि अभी कोई अंतिम फैसला नहीं लिया गया है, लेकिन यह योजना साल के अंत तक फाइनल हो सकती है।

# सुरक्षा मानकों को सिट्रोन सी 3 एयरक्रॉस ने नई ऊंचाई पर पहुंचाया

**नई दिल्ली** भारत में सुरक्षा मानकों को सिट्रोन सी 3 एयरक्रॉस ने नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया है। इस एसयूवी अब भारत न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम से 5-स्टार रेटिंग हासिल की है। यह रेटिंग इसके 5-सीटर वेरिएंट को मिली है। एडल्ट ऑक्यूपेंट प्रोटेक्शन में इसे 32 में से 27.05 अंक और चाइल्ड ऑक्यूपेंट प्रोटेक्शन में 49 में से 40 अंक मिले हैं। हालांकि बच्चों की सुरक्षा के लिए इसे 4-स्टार रेटिंग दी गई है। डाइनामिक टेस्टिंग में एसयूवी ने बच्चों की सुरक्षा के लिए 24 में से पूरे 24 अंक हासिल किए। ब्रिटेक्स रोमर आई-साइज चाइल्ड सीट्स और सीआरएस इंस्टॉलेशन के चलते इसे 12 में से पूरे अंक मिले। यह साबित करता है कि एसयूवी बच्चों की सुरक्षा में पूरी तरह सक्षम है। सी3 एयरक्रॉस की मजबूती का राज इसका हाई-स्ट्रेंथ, एडवांस्ड और अल्ट्रा-हाई-स्ट्रेंथ स्टील स्ट्रक्चर है। इससे टक्कर की स्थिति में केबिन की सुरक्षा बेहतर रहती है। एसयूवी के सभी वेरिएंट्स में 6 एयरबैग्स, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल, इसोफिक्स चाइल्ड सीट एंकर, सीट बेल्ट रिमाइंडर, टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम और हिल-होल्ड असिस्ट जैसी सुविधाएं स्टैंडर्ड हैं। सुरक्षा के अलावा इसमें एलईडी प्रोजेक्टर हेडलैंप्स, ऑटोमैटिक क्लाइमेट कंट्रोल, रियर एसी वेंट्स और फ्लेक्सिबल सीटिंग जैसे फीचर्स भी हैं। यह एसयूवी 1.2 लीटर टर्बो पेट्रोल और 1.2 लीटर नैचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन में आती है, दोनों मैनुअल और ऑटोमैटिक गियरबॉक्स विकल्पों के साथ। हालांकि यह रेटिंग फिलहाल केवल 5-सीटर वेरिएंट पर लागू होती है। इसके बावजूद, यह एसयूवी अब भारत एनकैप द्वारा टेस्ट की गई सबसे सुरक्षित मिड-साइज़ एसयूवी में शामिल हो गई है।

# तिमाही नतीजे आईपीओ और वैश्विक संकेत तय करेंगे बाजार की दिशा

### अमेरिकी एफओएमसी मिनट्स और शटडाउन जैसे अहम कारकों पर रहेगी निवेशकों की नजर



**मुंबई** भारतीय शेयर बाजार के लिए यह सप्ताह कई अहम घटनाओं से भरपूर रहने वाला है। निवेशकों की नजर मुख्य रूप से दूसरी तिमाही के नतीजों, नए आईपीओ और वैश्विक आर्थिक संकेतों पर टिकी रहेगी। 9 अक्टूबर को आईटी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और टाटा एलेक्सी अपने जुलाई-सितंबर तिमाही के नतीजे घोषित करेंगी। टीएसीएस के नतीजे आईटी सेक्टर की दिशा निर्धारित कर सकते हैं, खासकर जब सेक्टर में धीमी ग्रोथ को लेकर चिंताएं बनी हुई हैं। इस सप्ताह का एक और बड़ा आकर्षण होगा टाटा कैपिटल का आईपीओ, जिससे निवेशकों के बीच खासा उत्साह है। साथ ही एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स के संभावित आईपीओ से जुड़ी किसी भी अपडेट पर भी बाजार की नजर रहेगी। अंतरराष्ट्रीय मोर्चे पर यूएस फेडरल` रिजर्व की बैठक के एफओएमसी मिनट्स जारी किए जाएंगे, जो यह स्पष्ट करेंगे कि अमेरिका में ब्याज दरें आगे क्या रुख लेंगी। इसके साथ ही, अमेरिकी सरकार के शटडाउन की स्थिति भी वैश्विक निवेश धारणा को प्रभावित कर सकती है। पिछले सप्ताह बाजार में मजबूती देखी गई। इस सप्ताह बाजार में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। निवेशकों को सतर्कता और विवेकपूर्ण निर्णय की आवश्यकता होगी।

# अमेरिकी सरकार के शटडाउन के बीच बिटकॉइन की बड़ी छलांग, कीमत 1.25 लाख डॉलर के पार



**नई दिल्ली**

अमेरिकी सरकार के शटडाउन के बीच, बिटकॉइन की कीमतों में एक बार फिर से तेजी देखी जा रही है और कीमत 1,25,000 डॉलर के पार निकल गई है। बिटकॉइन की कीमतों में बीते आठ सत्रों से बढ़त देखी जा रही है। इसकी वजह बिटकॉइन एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड में इनफ्लो आना है। इससे पहले बिटकॉइन का उच्चतम स्तर 1,24,480 डॉलर था, जो कि अगस्त के मध्य में रिकॉर्ड किया गया है।

बिटकॉइन में तेजी की वजह अमेरिकी सरकार की ओर से क्रिप्टोकरेंसी समर्थित नीतियां, डॉलर का अन्य विदेशी मुद्राओं के खिलाफ कमजोर प्रदर्शन और अमेरिकी सरकार के शटडाउन के कारण अस्थिरता का बढ़ना है, जिससे अमेरिका में सरकारी कामकाज ठप हो गया है। विश्लेषकों का कहना है कि यह तेजी का रुझान बिटकॉइन के हाफिंग इवेंट के बाद के प्रदर्शन के अनुरूप है।

आमतौर पर, हाफिंग इवेंट को बिटकॉइन के लिए दीर्घकालिक मूल्य वृद्धि को गति देने वाले उत्प्रेरक के रूप में देखा जाता है, क्योंकि इसमें क्रिप्टोकरेंसी की वॉल्यूम में आधी कटौती की जाती है। डिसइन्फो लैब के अनुसार, अमेरिका पाकिस्तान के साथ संबंध मजबूत कर रहा है और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के परिवार के वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल और पाकिस्तान में सैन्य-संबंधित फंडों से जुड़े एक क्रिप्टोकरेंसी समझौते पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। एक ब्रिटिश-पाकिस्तानी उद्यमी बिलाल बिन साकिब जो अब पाकिस्तान की हाल ही में बनाई गए क्रिप्टो काउंसिल (पीसीसी) के सीईओ और ब्लॉकचेन पर प्रधानमंत्री के विशेष सहायक के रूप में कार्यरत हैं, डब्ल्यूएलएफ के सलाहकार भी हैं, जिससे हितों के टकराव की चिंताएं बढ़ रही हैं। जून 2025 में, पाकिस्तान ने ब्लॉकचेन इन्फ्रास्ट्रक्चर का विस्तार करने और डीसेंट्रलाइज्ड फाइनेंस (डीईएफआई) को बढ़ावा देने के लिए ट्रंप समर्थित क्रिप्टो वेंचर वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल (डब्ल्यूएलएफ) और बिनेंस के साथ समझौतों पर हस्ताक्षर किए थे।

# दिल्ली में चांदी की कीमत स्थिर, निवेशकों की बढ़ी दिलचस्पी

**नई दिल्ली** दिल्ली में रे विवार को चांदी की कीमतों में स्थिरता देखी गई है। बाजार में चांदी 155 रुपए प्रति ग्राम, 15,500 रुपए प्रति 100 ग्राम और 1,55,000 रुपए प्रति किलोग्राम के भाव पर बिक रही है। यह दरें पिछले दिन के मुकाबले समान हैं। हाल के दिनों में अंतरराष्ट्रीय बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद भारत में चांदी की मांग में कमी नहीं आई है। चांदी न सिर्फ गहनों में बल्कि निवेश और सजावटी उपयोग के लिए भी काफी लोकप्रिय हो रही है। त्योहारों और शादी के सीजन में इसकी मांग में और भी तेजी आती है। महिलाएं अब चांदी के गहनों जैसे पायल, झुमके और कड़े में ज्यादा रुचि दिखा रही हैं। वहीं निवेशक इसे गोल्ड के बाद दूसरा सबसे सुरक्षित मेटल मानते हैं।

# ईडी ने ओजोन अर्बाना पर की कार्रवाई, 423 करोड़ की संपत्तियां कुर्क

## ग्राहकों के साथ की गई धोखाधड़ी के कई मामलों की जांच के बाद हुई कार्रवाई

**बेंगलुरु**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बेंगलुरु में मेसर्स ओजोन अर्बाना इंफ्रा डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड और उसके प्रमोटर एस वासुदेवन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत 423.38 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियां कुर्क की गई हैं।

यह कार्रवाई कंपनी द्वारा ग्राहकों के साथ की गई धोखाधड़ी के कई मामलों की जांच के बाद हुई है। कंपनी पर आरोप है कि उसने ग्राहकों को समय पर फ्लैट नहीं दिए और निर्माण कार्य में देरी की। ग्राहकों से अग्रिम भुगतान लेकर न तो फ्लैट दिए गए और न ही उनकी राशि वापस की गई। इसके साथ ही कंपनी ने परियोजना पूरा होने तक ईएमआई भुगतान करने का वादा किया था, जिसे पूरा नहीं किया गया। ईडी की जांच में पता चला कि कंपनी और प्रमोटर वासुदेवन ने मिलकर कुल 927.22 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की है।

यह रकम विभिन्न समूह कंपनियों और संबद्ध व्यक्तियों के माध्यम से बेईमानी से रोक रखी गई है। ईडी ने ओजोन अर्बाना की कई परियोजनाओं में बिना बिके फ्लैट, व्यावसायिक भूमि और प्रमोटर व उनकी पत्नी की निजी संपत्तियां कुर्क की हैं। इनमें एवेन्यू के 92 फ्लैट, एक्वा 2 के 13 फ्लैट और मुदिगेरे के कन्नहल्ली गांव में 179 एकड़ भूमि शामिल है। कुल संपत्तियों का मूल्य 423.38 करोड़ रुपए बताया गया है।




पीएमएलए के तहत इस मामले में जांच जारी है।

साथ ही सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर सीबीआई ने भी इस मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राहकों के हितों की रक्षा के लिए यह कार्रवाई अहम कदम माना जा रहा है।

# पहली छमाही में 5जी हैंडसेट की हिस्सेदारी बढ़कर 87 प्रतिशत हुई

**नई दिल्ली** भारत के स्मार्टफोन शिपमेंट में साल 2025 की पहली छमाही में 5जी हैंडसेट की हिस्सेदारी बढ़कर 87 प्रतिशत हो गई है। भारत अब कुल स्मार्टफोन शिपमेंट में 5जी हिस्सेदारी के मामले में वैश्विक स्तर पर 14वें स्थान पर है। 2023 की पहली छमाही में भारतीय बाजार में स्मार्टफोन शिपमेंट की हिस्सेदारी 47 प्रतिशत थी और देश वैश्विक स्तर पर 40वें स्थान पर था। काउंटरपॉइंट रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार, 5जी स्मार्टफोन का चलन तेजी से बढ़ रहा है और 2025 की पहली छमाही में कुल वैश्विक स्मार्टफोन शिपमेंट में इनकी हिस्सेदारी 71 प्रतिशत थी। विकसित और उभरते दोनों ही बाजारों में 5जी स्मार्टफोन की पहुंच तेजी से बढ़ी है, जिसका मुख्य कारण बढ़ती उपभोक्ता मांग, अफोर्डेबल डिवाइस और तेज 5जी नेटवर्क रोलआउट हैं। हालांकि, वेनेजुएला और इक्वाडोर जैसे कुछ देशों में स्मार्टफोन शिपमेंट में 5जी की हिस्सेदारी में बहुत धीमी वृद्धि देखी जा रही है। 2025 की पहली छमाही में, क्रम में नीचे के 10 देशों में 5जी की औसत हिस्सेदारी केवल 15 प्रतिशत थी और एशिया वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ा 5जी स्मार्टफोन बाजार था। हालांकि, पाकिस्तान और बांग्लादेश सबसे कम 5जी अपनाने वाले देशों में शामिल थे। 2025 की पहली छमाही में एशिया में स्मार्टफोन शिपमेंट के मामले में पाकिस्तान सातवां सबसे बड़ा बाजार था, लेकिन उसने अभी तक 5ज सेवाएं शुरू नहीं की हैं।

# बिहार के कई जिलों में बारिश से हाहाकार, वज्रपात से चार मौत



## रेलवे ट्रैक, सड़क, अस्पताल जलमग्न

पटना। बिहार के पटना, मुजफ्फरपुर, वैशाली, गोपालगंज, पूर्णिया समेत कई जिलों में सुबह से बारिश हो रही है। पटना में मीठापुर फ्लाईओवर की सड़क धंस गई। गोपालगंज में अस्पताल में बारिश का पानी घुस गया। सारण, रोहतास और मुजफ्फरपुर में रेलवे ट्रैक के ऊपर बारिश का पानी चढ़ गया है। रोहतास में दलित बस्ती में 15 मकान गिर गए हैं। कई जिलों में सड़कों पर घुटने भर पानी भर गया है। लोगों परेशान हैं। सीतामढ़ी जिले में बाढ़ और बरसात के कारण आमलोगों की परेशानी काफी बढ़ गई है। एक ओर जहां शहर के कई इलाके जलमग्न हो गए हैं, वहीं सोनबरसा और सुरसंड इलाके में बाढ़ का पानी फैल गया है। सोनबरसा में हनुमान चौक पर चार फीट पानी का बहाव हो रहा है। एसएसबी कैम्प में भी पानी घुस गया है और जवान कैम्प से बाहर आ गए हैं। वहीं यातायात भी बाधित हो गया है। हनुमान चौक की कई दुकानें धराशाई हो गई हैं। छपरा-सीवान रेल खंड के एकमा स्टेशन के पास मेन लाइन पर पेड़ गिरने से छह घंटे से अपलाइन बंद है। इधर, सारण और गोपालगंज में खराब मौसम को देखते हुए जिलाधिकारी ने शनिवार को स्कूल बंद करने की चिट्ठी जारी कर दी है। बेतिया में आकाशीय बिजली गिरने से मां-बेटी की मौत हो गई। वहीं गोपालगंज और आरा में एक युवक की जान वज्रपात की चपेट में आने से चली गई। मौसम विज्ञान केंद्र पटना ने आज पूरे बिहार में



32 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं सारण, मुजफ्फरपुर, सुपौल में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। गोपालगंज, सीवान, सारण, भोजपुर वैशाली, दरभंगा और मधुबनी जिले में अत्यंत भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, शिवहर, समस्तीपुर, वैशाली, पटना, बक्सर, भोजपुर, सारण, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, अरवल, जहानाबाद, गया, नालंदा, नवादा, दरभंगा, मधुबनी, शेखपुरा, बांका, भागलपुर, पूर्णिया, अररिया, कटिहार, किशनगंज, सहरसा, सुपौल में अगले दो से तीन घंटे में मध्यम दर्जे की मेघ गर्जन, वज्रपात, 30 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चलने के साथ बारिश होने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, चार और पांच अक्टूबर को पूरे बिहार में अधिकांश स्थानों पर बारिश के आसार हैं। वहीं छह अक्टूबर को उत्तर-पश्चिम बिहार, दक्षिण पश्चिम बिहार अनेक स्थानों पर बारिश के आसार हैं। सात अक्टूबर से मौसम ठीक होने के आसार हैं। पिछले 24 घंटे में गोपालगंज में 49.6 एमएम, रोहतास में 43 एमएम, नवादा में 42.8 एमएम, सहरसा में 40.2 एमएम, अरवल 36.2 एमएम, बांका में 32.2 एमएम बारिश के आसार हैं।पटना, मुजफ्फरपुर, बेगूसराय, वैशाली, पूर्णिया, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर समेत कई जिलों में शनिवार अहले सुबह से ही मूसलाधार बारिश हो रही है। पटना, पूर्णिया में तो सुबह में ही अंधेरा जैसा लगने लगा। इसके बाद झमाझम बारिश शुरू हुई। इस कारण पटना, मुजफ्फरपुर, वैशाली शहर के कई इलाकों में जलजलमाव की स्थिति बन गई। लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। वहीं



गोपालगंज में पिछले 13 घंटे से रुक-रुककर बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने इन इलाके में रहने वाले लोगों से सावधान रहने की अपील की है। कहा कि खराब मौसम में घर से बाहर निकलने से बचें। कैमूर में पिछले 24 घंटों से हो रही रुक-रुक कर बारिश ने क्षेत्र की जनजीवन को काफी प्रभावित किया है। रामगढ़ पंचायत से मुंडेश्वरी रोड तक का मुख्य मार्ग पूरी तरह से जलमग्न हो गया है, जिससे सड़क पर पानी बहने लगा है और प्रशासन ने खतरे की आशंका को देखते हुए रास्ता अस्थायी रूप से बंद कर दिया है। स्थानीय लोगों शीतल प्रसाद के अनुसार, बारिश का पानी रोड के ऊपर से बह रहा है, जिससे आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया है। लोग अब रामगढ़ पंचायत से उमापुर के वैकल्पिक रास्ते से होकर मुंडेश्वरी और भभुआ भगवानपुर की ओर जा रहे हैं। बारिश शुक्रवार रात से शुरू होकर आज दिन भर रुक-रुक कर होती रही, और रात में फिर तेज बारिश ने स्थिति को और गंभीर बना दिया।

# छिनतई का विरोध करने पर मारी गोली



## फाइनेंस कर्मी की हालत गंभीर

वैशाली। हाजीपुर-जंदाहा मुख्य मार्ग के जंदाहा थाना क्षेत्र अंतर्गत मुकुंदपुर भात बायो पेट्रोल पंप के पास बाइक सवार बदमाशों ने एक फाइनेंस कर्मी को छिनतई का विरोध करने पर गोली मारकर घायल कर दिया। गोली लगने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर राहगीर मौके पर जुट गए और उन्होंने जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। जंदाहा थाने की पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और घायल युवक को आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। घायल युवक की स्थिति नाजुक बताई गई है। जानकारी के अनुसार घायल युवक राघोपुर निवासी गुलशन कुमार हैं। पुलिस ने घायल के परिवार वालों को घटना की सूचना दी, जिसके बाद परिवार वाले अस्पताल पहुंचे। परिवार के अनुसार गुलशन कुमार का भाई बीमार था और वह रोसरा से बाइक पर सवार होकर अपने भाई से मिलने पटना जा रहा था। इसी दौरान तीन बाइक सवार बदमाशों ने उन्हें गोली मार दी। युवक को एक गोली लगी है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। जंदाहा थाना अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि मुकुंदपुर भात पेट्रोल पंप के पास छिनतई का विरोध करने पर फाइनेंस कर्मी को गोली मारी गई। घटना के बाद थाना की गश्त में तैनात पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और अपनी वाहन से घायल युवक को सदर अस्पताल पहुँचाया। पुलिस ने बताया कि घायल युवक राघोपुर का निवासी है और वह पटना में अपने रिश्तेदार से मिलने जा रहा था। फिलहाल गुलशन कुमार का अस्पताल में इलाज जारी है और पुलिस घटना की गंभीरता से जांच कर रही है।

## शरद पूर्णिमा आज मनेगी

पटना। शरद पूर्णिमा का पर्व वृद्धि एवं ध्रुव योग के संयोग में 6 अक्टूबर को मनाया जाएगा। 7 अक्टूबर को स्नान-दान की पूर्णिमा रहेगी। इस दिन चंद्रमा के प्रकाश में औषधीय गुण मौजूद रहते हैं। जिनमें कई असाध्य रोगों को दूर करने की शक्ति होती है। माना जाता है कि इस दिन चंद्रमा से अमृत की वर्षा होती है जो धन, प्रेम और सेहत तीनों देती है। प्रेम और कलाओं से परिपूर्ण होने के कारण भगवान कृष्ण ने इसी दिन महारास रचाया था। शरद पूर्णिमा के दिन चंद्रमा सोलह कलाओं के साथ अपनी शीतलता पृथ्वी पर प्रसारित करता है। धन, वैभव की देवी माता लक्ष्मी पृथ्वी पर आती हैं।

## संक्षिप्त डायरी

### बिहार में किशोरी के साथ दुष्कर्म, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार



वैशाली। जिले के महनार थाना क्षेत्र के एक गांव में 17 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आई है। घटना की शिकायत मिलने के तुरंत बाद पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए हाजीपुर के सदर अस्पताल भेजा गया है। जानकारी के अनुसार, महनार थाना क्षेत्र के एक गांव के आम के बगीचे में किशोरी बेहोशी की हालत में मिली। स्थानीय लोगों ने मदद कर उसे महनार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। घटना की सूचना पाकर थानाध्यक्ष वेदानंद सिंह भी अस्पताल पहुंचे। एसआई गुड़िया कुमारी ने पीड़िता से घटना की जानकारी ली। पीड़िता के आरोप के अनुसार, महनार के टांडा चौरी वार्ड संख्या 14 निवासी विकास कुमार ने उसे फोन कर बुलाया और फिर बगल के आम के बगीचे में ले जाकर धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने पीड़िता के साथ मारपीट भी की और उसका मोबाइल छीन लिया। पुलिस ने घटनास्थल से पीड़िता के मोबाइल का कवर बरामद किया है। साथ ही आरोपी ने पीड़िता को फोटो वायरल करने की धमकी भी दी थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पटना से आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया है। महनार थाना पुलिस ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी हो चुकी है और पूरे मामले की जांच जारी है। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद मामले के और तथ्य सामने आएंगे।

### नीतीश कुमार- अब न बाएं जाएंगे, न दाएं: नालंदा में बोले- कुछ लोगों ने साथ में रहकर गड़बड़ी किया

पटना। बिहार के सीएम नीतीश कुमार विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले गृह जिला नालंदा पहुंचे। सबसे पहले हिलसा के रामबाबू हाई स्कूल में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में भाग लिया। अपने संबोधन में सीएम ने कहा कि आज बिहार लगातार विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। उनके सहयोग से ही राज्य में अनेक विकास योजनाएं तेजी से धरातल पर उतर रही हैं। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा अब हम कभी इधर-उधर नहीं करेंगे। न बाएं जाएंगे, न दाएं। अब हम सिर्फ जनता के लिए काम करेंगे। जब महागठबंधन की सरकार थी, तब कुछ लोग सत्ता में रहकर केवल पैसा कमाने में जुटे थे। नीतीश कुमार सबके लिए काम करता है, लेकिन लालू परिवार सिर्फ अपने परिवार के लिए काम करता है। जब कुछ लोगों ने साथ रहकर भी गड़बड़ी कि तब हमने उनसे अलग होने का निर्णय लिया। सीएम ने अपने संबोधन में राज्य सरकार की नई पहल का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हाल ही में हमने निर्णय लिया है कि राज्य की प्रत्येक पंचायत में विवाह मंडप का निर्माण किया जाएगा। इस योजना को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को सामाजिक कार्यक्रमों के लिए बेहतर व्यवस्था मिल सके। कार्यकर्ता संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने सरकार की मुख्य कल्याणकारी योजनाओं जल-जीवन-हरियाली, मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना, सात निश्चय योजना का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य बिहार को आत्मनिर्भर और आधुनिक राज्य बनाना है।

# छपरा में बिजली बहाली के लिए प्रशासन सक्रिय



छपरा। शहर में लगातार हो रही बारिश और तकनीकी गड़बड़ी के कारण ठप हुई बिजली आपूर्ति को बहाल करने के लिए विद्युत विभाग की पूरी टीम लगातार युद्धस्तर पर काम कर रही है। शनिवार की रात जिलाधिकारी अमन समीर स्वयं अन्य वरीय अधिकारियों के साथ तेलपा ग्रिड पहुंचे और वहां चल रहे मरम्मत कार्य का निरीक्षण किये। उन्होंने मौके पर मौजूद अभियंताओं और कर्मचारियों से विस्तृत जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि छपरा शहर में विद्युत आपूर्ति बहाल करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि बिजली आपूर्ति बहाल होते ही बुडको (BUDCO) के सभी पंप सक्रिय हो जाएंगे, जिससे शहर के विभिन्न इलाकों में जलनिकासी का कार्य तेजी से शुरू हो सकेगा। बारिश के कारण कई क्षेत्रों में जलजमाव की स्थिति बनी हुई है, ऐसे में बिजली बहाली लोगों की बड़ी राहत साबित होगी। तेलपा ग्रिड में तकनीकी समस्या को दूर करने के लिए बिजली विभाग की टीमें लगातार काम कर रही हैं। शनिवार देर रात तक ट्रायल रन भी किया गया, जिसमें कुछ तकनीकी खामियां सामने आईं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी दोषों को शीघ्र दूर किया जाए ताकि बिजली आपूर्ति पूरी तरह सुचारू हो सके। जिला प्रशासन ने उम्मीद जताई है कि अगले दो से तीन घंटे में बिजली की आपूर्ति बहाल हो जाएगी। डीएम ने कहा कि आमजन से अपील है कि थोड़ी देर धैर्य बनाए रखें, प्रशासन पूरी तत्परता के साथ कार्य में जुटा हुआ है।

# 14 करोड़ की लागत से विकसित होगा पटना का 26 हजार साल पुराना तालाब

पटना । लगभग 26 हजार साल पुराना गांधी सरोवर (मंगल तालाब) जल्द ही पटना साहिब में विकास की एक नई मिसाल बन कर उभरेगा। 25 एकड़ में फैले काजू के आकार वाले इस तालाब और आसपास के क्षेत्र को विकसित करने के लिए बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा जल्द ही काम शुरू किया जाएगा। निगम के कार्यपालक अभियंता करुणेश कुमार सिंह ने बताया कि 1405.37 लाख रुपए से तैयार परियोजना को प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है। योजना अनुसार तालाब और क्षेत्र के विकसित होते ही पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। तालाब किनारे ऐतिहासिक बिहार हितैषी पुस्तकालय, अतिप्राचीन खानकाह इमादिया है। देश-विदेश से चल कर तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब आने वाले सिख व अन्य पर्यटकों के लिए यह क्षेत्र आकर्षक, रोचक, मनोरंजक, ज्ञानवर्धक, स्वास्थ्यवर्धक, रमणीक स्थल के




रूप में उभर कर सामने आएगा।पन्ना लाल यादव मुक्ताकाश मंच के साथ ही सरोवर के चारो ओर निर्मित भवनों का भी जीर्णोद्धार कर इसे जन उपयोगी बनाया जाएगा। बच्चों, युवाओं, महिलाओं, वृद्धों सभी के लिए यह क्षेत्र बेहद खास बन जाएगा। राजधानी पटना में विकसित होने वाले कई स्थलों में गांधी सरोवर क्षेत्र अनूठा होगा। लोग यहां सपरिवार खिंचे चले आएंगे। गांधी सरोवर परिसर को विकसित करने के साथ ही उसका सौंदर्यीकरण होगा। राजधानी के इको पार्क की तरह गांधी सरोवर में पर्यटकों के लिए नौका विहार शुरू होगा। इसमें रंग-बिरंगी रोशनी वाला म्युजिकल झरना बनेगा। सरोवर के चारो ओर दर्शकों के बैठने के लिए सुविधाजनक गैलरी होगी। भारतीय संगीत के साथ बिहार के लोक गीत व संगीत पर पानी का फव्वारा थिरक कर दर्शकों को आनंदित करेगा। सरोवर के खुले आकाश पर लेजर शो होगा। भारतीय एवं बिहार की परंपरा, संस्कृति, गौरवशाली इतिहास और सुनहरे भविष्य की झलक लेजर के माध्यम से दिखायी जाएगी। योजना के अनुकूल गांधी सरोवर का विकास हुआ तो यह क्षेत्र हर किसी को शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक रूप से स्वस्थ बनाएगा। बच्चों के लिए पार्क, युवाओं के लिए ओपेन जिम, हर किसी के लिए जागिंग के साथ वाकिंग ट्रैक, योगा स्थल विकसित होगा। रंग-बिरंगे फूलों वाले बगीचे के साथ हर्बल उद्यान भी होगा। बगीचा का आनंद उठाने के लिए गार्डेन चेयर के साथ छतरी वाले सीमेंटेड चेयर की व्यवस्था होगी। शुक्र गुलजार व शनि बहार जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। गांधी सरोवर परिसर में उत्तर के द्वार से प्रवेश करते ही 120 फीट ऊंचा तिरंगा लहराता मिलेगा। यह भारतीय होने के गौरव का अहसास कराएगा। बच्चों व युवाओं को देश सेवा के लिए प्रेरित करेगा। गांधी सरोवर के पूर्वी प्रवेश द्वार पर पांच सुनहरी मछलियों की स्थायी आकृति परिसर का आकर्षण बढ़ाएगी। आपस में अटखेलियां करती ये मछलियों बच्चों को खूब भाएगी। उत्तर के प्रवेश द्वार पर लगे कलात्मक खुले पिंजरे से बाहर निकल कर आकाश की ओर जाती तीन सुनहरी चिड़ियों की कलाकृति हर किसी के लिए अनूठी होगी। परिसर की दीवार को कलात्मक तरीके से सजाया जाएगा।

# मशहूर यूट्यूबर मणि मेराज 'लव जिहाद' के आरोप में गिरफ्तार, को-एक्ट्रेस ने लगाए थे गंभीर आरोप

पटना। मशहूर यूट्यूबर और कॉमेडियन मणि मेराज और उनकी टीम के सदस्य सैफुल अंसारी को यूपी पुलिस ने 'लव जिहाद' और दुष्कर्म के आरोपों में पटना के अनीसाबाद से गिरफ्तार किया है। मणि मिराज की गिरफ्तारी अनीसाबाद स्थित अपने दोस्त के फ्लैट से निकलते हुए की गई है। वह उस समय साहेबगंज जाने के लिए निकल रहे थे, तभी उत्तर प्रदेश की पुलिस ने उन्हें घेर लिया और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उत्तर प्रदेश की पुलिस उन्हें पटना कोर्ट से ट्रांजिट रिमांड पर लेकर उत्तर प्रदेश ले गई। मणि मेराज मूल रूप से मुजफ्फरपुर जिले के साहेबगंज प्रखंड के रहने वाले हैं। वह यूट्यूबर पर अपनी शॉर्ट कॉमेडी के कारण काफी मशहूर हुए थे। हाल ही में उन्होंने अपनी को-एक्ट्रेस के साथ एक भोजपुरी फिल्म भी बनाई थी। मेराज इन दिनों अपनी को-एक्ट्रेस के साथ चल रहे विवादों को



लेकर चर्चा में थे। को-एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर लाइव आकर उन पर कई गंभीर आरोप लगाए थे, जिसके बाद यह मामला और भी तूल पकड़ चुका था। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि मणि मेराज को यूपी के खोड़ा थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती की शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। युवती ने यूट्यूबर मणि मेराज पर दुष्कर्म और धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए खोड़ा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।घटना के संबंध में पीड़िता का आरोप है कि मनिमेराज पहले से शादी-शुदा है और उसने मुझसे शादीशुदा होने की बात छिपाई। युवती का आरोप है कि करीब ढाई साल पहले यूट्यूबर मनिमेराज ने खुद को अविवाहित बताकर उससे दोस्ती की। फिर एक दिन कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर मेराज ने उसे बेहोश कर दिया और फिर बेहोशी की हालत में उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। होश आने पर लड़की को जब इस बात का एहसास हुआ तब उसने इस बात का विरोध किया। विरोध करने पर मेराज ने उसे शादी का झांसा देकर उसे चुप करा दिया था।फिर मेराज युवती को अपने घर ले गए और शादी भी कर ली, लेकिन इस शादी को छिपाकर रखने को कहा। इस दौरान वह लगातार उसका शारीरिक शोषण करता रहा। युवती ने यह भी लगाया कि इस दौरान वह गर्भवती हो गई, जिसका मेराज ने गर्भपात करा दिया।

# पटना में राजनीतिक दलों के साथ मुख्य चुनाव आयोग ज्ञानेश कुमार ने की मीटिंग, यह दल शामिल हुए






पटना। बिहार चुनाव की तारीखों का एलान होने में अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। चुनाव की तैयारियों की अंतिम समीक्षा के लिए भारत निर्वाचन आयोग की टीम मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में पटना पहुंच चुकी है।

उनके साथ चुनाव आयुक्त विवेक जोशी और एस. एस. संधू भी शुक्रवार देर रात पटना पहुंचे। चुनाव आयुक्त अपनी टीम के साथ दो दिन बिहार में रहेंगे। ज्ञानेश कुमार ने अपनी टीम के साथ राजनीतिक दलों के साथ पटना के एक बड़े होटल में मीटिंग की। चुनाव आयोग की ओर से बताया गया कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधु एवं चुनाव आयुक्त डॉ. विवेक जोशी, बिहार के मुख्य चुनाव अधिकारी विनोद गुंजियाल तथा आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बिहार के सभी 12 मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक की। इस बैठक राष्ट्रीय पार्टियों में आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सीसिस्ट), इंडिया नेशनल कांग्रेस, नेशनल पीपुल्स पार्टी के प्रतिनिधि शामिल हैं।

\कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सीसिस्ट लेनिनिस्ट) (लिबरेशन), जनता दल यूनाईटेड, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), राष्ट्रीय जनता दल, राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी, राष्ट्रीय लोक समता पार्टी शामिल है। मुख्य चुनाव आयुक्त इस बैठक के बाद पुलिस और प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। साथ ही प्रमंडलीय आयुक्त, सभी जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी और एसएसपी व एसपी के साथ बैठक करेंगे। रविवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार अपनी टीम के साथ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद मुख्य सचिव, सचिव, डीजीपी, समेत कई वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। यह जानकारी चुनाव आयोग के अधिकारियों ने दी। 243 सदस्यीय बिहार विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर को समाप्त हो रहा है और राज्य में चुनाव अक्टूबर के अंत या नवंबर में कई चरणों में कराए जा सकते हैं।





# रोग, दोष व क्लेश से मुक्ति के लिए तुलसी लगाएं

ज्योतिष के मतानुसार जिस घर में तुलसी के पौधे का आरोपण होता है वहां स्वंय श्री हरि का निवास होता है। वहां की वायु शुद्ध होगी और ऊपरी बाधाएं भी प्रभावहीन हो जाती है। इस प्रकार देखा जाए तो तुलसी की सत्ता मानव जीवन की पवित्रता और गरिमा को बढाने में सराहनीय सहयोगी की भूमिका निभाती है। धर्मग्रंथों के अनुसार जिस घर में तुलसी का पौधा होता है वहां रोग, दोष या क्लेश नहीं होता वहां हमेशा सुख-समृद्धि का वास होता है। सुबह स्नान के बाद घर के आंगन या देवालय में लगे तुलसी के पौधे की गंध, फूल, लाल वस्त्र अर्पित कर पूजा करें। फल अथवा मिष्ठान का भोग लगाएं। धूप व दीप जलाकर उसके नजदीक बैठकर तुलसी की ही माला से तुलसी गायत्री मंत्र का श्रद्धा से सुख की कामना से कम से कम 108 बार स्मरण कर अंत में तुलसी की पूजा करें -

**ऊँ श्री तुलस्यै विद्महे।**
**विष्णु प्रियायै धीमहि।**
**तन्नो वृन्दा प्रचोदयात।।**

पूजा व मंत्र जप में हुई त्रुटि की प्रार्थना आरती के बाद कर प्रसाद ग्रहण करें।

# आप वास्तव में धार्मिक व्यक्ति हैं खुद अपनी पहचान कीजिए

मनुष्य जिसे अपने आचरण में लाता है। वह धर्म कहा जाता है। धर्म के नियमों का पालन करते हुए व्यक्ति मानव जीवन की पूर्ण गरिमा को देवत्व को पा लेता है। विश्व के सर्वप्राचीन ग्रंथ ऋग्वेद में धर्म शब्द का प्रयोग संसार को चलाने वाले नियम के अर्थ में किया जाता है।



धर्म का एक प्रमुख एवं महत्वपूर्ण अर्थ आचार है। आचार अर्थात सदाचार। श्रेष्ठ गुण जैसे सत्य, अहिंसा, बह्मचर्य, दान, दया, धैर्य, क्षमा, इंद्रियों और मन का संयम, क्रोध न करना, चोरी न करना आदि अनेक गुण हैं, जिनका पालन करना धर्म कहा गया है। इससे जीवन में सुव्यवस्था, अनुशासन, पूर्णता और पवित्रता आती है। इसलिए यह अनिवार्य मानव धर्म कहे गए हैं। हमारे धर्मग्रंथों में सदाचार को प्रथम धर्म माना गया है। मोक्षोन्मुख एकांतिक दोनों के लिए ऋषियों ने सदाचार अनिवार्य बताया। ऋग्वेद के अनुसार सत्कर्म करना इस परमात्मा की पूंजी है। एतरेय उपनिषद में एक सुंदर वर्णन मिलता है जिसमें बताया गया है, कि मानव देह की विविध इंद्रियों में देवताओं ने अपना निवास बनाया। अतएव मनुष्य को सदा सत्कर्म ही करने चाहिए। आचारहीन का समस्त ज्ञान और धार्मिक कर्मकांड बिलकुल व्यर्थ है। वरिष्ठ धर्मसूत्रम के अनुसार आचारहीन व्यक्ति को वेद भी पवित्र नहीं कर सकते। आचारहीन व्यक्ति का वेदों का समस्त ज्ञान, सभी यज्ञादि का अनुष्ठान वैसे ही व्यर्थ है, जैसे किसी अंधे व्यक्ति के लिए उसकी रूपसी पत्नी का अनुपम सौंदर्य।

धार्मिक कर्मकांड- पूजा पाठ मंत्र जप आदि कर लेने भर से कोई सच्चा धार्मिक नहीं बन जाता। कोई भले ही हजारों बार गायत्री मंत्र जप ले, लेकिन वह मन से पवित्र नहीं है, तो सब आडंबर है। पूजा उपासना की विविध विधियां तो धर्म का एक छोटा सा साधन भर है। ये धार्मिक आचार का एक अंगमात्र है। कालांतर में अधिकांश मनुष्य धार्मिक आचार की विधि मात्र को ही धर्म समझने लगे। वे धर्म के वास्तविक अर्थ को ही भूल गए। धर्म की इसी उपयोगिता के कारण स्वामी विवेकानंद ने कहा था, मानव समाज से धर्म पृथक कर लो तो क्या रह जाएगा। कुछ नहीं केवल पशुओं का समूह।

# इसलिए आशीर्वाद का लाभ आपको नहीं मिलता है

आप जब भी कभी किसी के प्रति शुभकामना व्यक्त करते हैं, तो आपके भीतर जितनी प्राणऊर्जा है और जिसे आशीर्वाद दे रहे हैं, उसमें कितनी ग्रहणशीलता है उसी आधार पर दूसरे का भला होता है।




लोग आशीर्वाद देते समय कहते हैं तुम्हारा भला हो और भला हो ही जाएगा, यह जरूरी नहीं है। अगर ऐसा होता तब तो दुनिया में कोई दुखी दरिद्र नहीं रहता। दरअसल आप जब भी कभी किसी के प्रति शुभकामना व्यक्त करते हैं, तो आपके भीतर जितनी प्राणऊर्जा है और जिसे आशीर्वाद दे रहे हैं, उसमें कितनी ग्रहणशीलता है उसी आधार पर दूसरे का भला होता है। आशीर्वाद दे कर भक्तों का कष्ट दूर करने के दावों की असलियत जानने के लिए रामकृष्ण मिशन के संन्यासी स्वामी तेजोवलयानंद ने कुछ प्रकरणों का अध्ययन किया और पाया कि समस्याओं का हल कह देने भर से नहीं होता। उसके लिए आशीर्वाद देने वाले का तप तेज और लाभ उठाने वाले की इच्छाशक्ति भी जरूरी है। स्वामीजी के अनुसार इच्छाशक्ति जगाने में जप, भजन और योगासन से मदद मिलती है। भजन आसन आदि से मदद मिलती है पर आशीर्वाद के प्रभाव को असरदार बनाता है मंत्रजप। जप के दौरान उपयोग किए गए मंत्र की ध्वनि पूरे शरीर में प्रभाव उत्पन्न करती है।

इसका पहला प्रभाव मस्तिष्क में शीतलता और स्थिरता लाता। इससे न केवल शारीरिक लाभ मिलता है, बल्कि अध्यात्मिक लाभ भी मिलता है। जप और उससे उत्पन्न हुई स्थिरता अपने से उच्च आध्यात्मिक स्थिति वाले व्यक्तियों, संतों और गुरुजनों की शुभाकांक्षा को ग्रहण करने लायक मनोभूमि बनाते हैं। शरीर और चित्त के परिष्कार के लिए अपनाए गए योगासनों का लाभ उन्हें सही ढंग से करने पर ही मिलता है। आसन, भजन और ध्यान आदि से चित्त निर्मल हो जाता है तो यह स्थिति बनती है कि किसी का आशीर्वाद ग्रहण किया जा सके। याद रहे 'चिरायु भव' कहने मात्र से आशीर्वाद पूरा नहीं हो जाता। आशीर्वाद से सुखपूर्वक जीने का संकल्प भी जाग रहा होता है। व्यक्ति के संकल्प को ऋषि या गुरु के आशीष पुष्ट करने से उसमें कार्य सिद्धि के प्रति आत्मविश्वास जागता है। कार्य को करने की प्रेरणा भी जगती है।

# कैसे पाई जा सकती है कोई सिद्धि?

- धन की इच्छा है तो कमलगट्टे, वैजन्ती, स्फटिक व मूंगे की माला से लक्ष्मी देवी का जाप करना चाहिए।
- विद्या प्राप्त करने के लिए स्फटिक की माला अथवा रुद्राक्ष की माला से सरस्वती मंत्रों का जाप करें। - उत्तम व मन भावन वर प्राप्त करने के लिए रुद्राक्ष की माला से शिव मंत्रों का जाप करें।
- सुसंस्कारित व मन भावन पत्नी पाने के लिए स्फटिक की माला से शिव मंत्रों का जाप करें। - घर में सुख शांति का वातावरण बना रहे और उत्तम स्वास्थ्य के लिए महामृत्युंजय मंत्र का जाप रूद्राक्ष की माला से करें।
- शत्रुओं का नाश करने के लिए बगला मुखी मंत्र का



जाप हल्दी माला से करें।
- रुद्राक्ष की माला गले में धारण करने से ह्रदय रोग और ब्लड पराशर नियंत्रित रहता है। - गुस्सेल जातक को वैजन्ती माला धारण करनी चाहिए।
- पुत्र प्राप्ति के लिए मोती की माला धारण करनी चाहिए।
- मानसिक और नवग्रह शांति के लिए नवरत्न की माला धारण करें।
- निसंतान महिलाएं संतान प्राप्ति के लिए पुत्र जीवा की माला से मंत्र जाप करें।
- शरीर में ताजगी व स्फूर्ति का संचार करने के लिए सफ़ेद चन्दन की माला को धारण करें।
- मंगल ग्रह की शांति के लिए लाल चन्दन की माला धारण करें।
- शरीर और आत्मा की शुद्धि के लिए तुलसी की माला धारण करें।
- हनुमान जी की साधना के लिए मुंगे की माला से मंत्रों का जाप करें।
- देवी की आराधना लिए स्फटिक की माला से मंत्र जाप करने पर मंत्र शीघ्र सिद्ध हो जाते हैं।
- हकिक माला को धारण करने से भाग्य वृद्धि, सौभाग्य प्राप्ति, भुत प्रेत, बाधा, दुर्भाग्य और कई बुराइयों को नाश करने की विशेष शक्ति होती है।

# हमारे शरीर के अंगो पर तिल और उनका राज

**ढोड़ी पर तिल** - ढोड़ी पर तिल हो तो ऐसा जातक बहुत मिलनसार नहीं होता। उसके गिने-चुने ही घनिष्ठ होते हैं। वह आत्मिक संबंध हर किसी से नहीं रखता। ऐसे जातक अक्सर अंतर्मुखी ही होते हैं।

**पेट पर तिल** - पेट पर तिल हो तो व्यक्ति खाने का शौकीन होता है। ऐसे जातक को स्वादिष्ट खाद्य पदार्थों की बिक्री के स्थान पता होते हैं। यह अधिकतर मिष्ठान-प्रेमी होता है। ऐसे लोग अपने मित्रों को भी खूब खिलाने-पिलाने के शौकीन होते हैं। ये लोग छोटी-छोटी उपलब्धि पर भी पार्टी देते हैं।

**भुजा पर तिल** - दाहिनी भुजा का तिल जातक को प्रतिष्ठित व बुद्धिमान बनाता है। लोग उसका आदर करते हैं। वहीं बाईं भुजा पर तिल हो तो व्यक्ति झगड़ालु होता है। उसका निरादर हो सकता है। उसकी संगत बिगड़ सकती है।

**कंधे पर तिल** - दाएं कंधे पर तिल व्यक्ति को जिम्मेदार बनाता है। ऐसा व्यक्ति जो भी निर्णय ले लेता है उसे पूर्ण करके ही दम लेता है। वहीं बाएं कंधे पर तिल वाला जातक छोटी-छोटी बातों का क्रोध करने लगता है। वह प्रसन्नता के साथ अपने जिम्मेदारी नहीं निभाता है।

**पैर का तिल** - पैरों पर तिल हो तो जीवन में भटकाव रहता है। किन्तु यात्राओं का शौकीन होता है। दाएं पैर पर तिल हो तो यात्राएं सोद्देश्य और बाएं पैर पर हो तो निरुद्देश्य होती है। दाएं घुटने पर तिल होने से गृहस्थ जीवन सुखमय और बाएं पैर पर होने से दाम्पत्य जीवन दुखमय होता है।

**गले का तिल** - गले में तिल वाला जातक आरामतलब होता है। गले पर सामने की ओर तिल हो तो जातक के घर मित्रों का जमावड़ा लगा रहता है। मित्र सच्चे होते हैं। गले के पृष्ठ भाग पर होने पर जातक कर्मठ होता है।

# गोकुल में क्यों रहते हैं श्री कृष्ण

गोकुल के दो अर्थ हैं- पहला तो वो जहां गैय्याओं का समूह हों, जहां गायें समूह में रहती हों। दूसरा इसका अगर आध्यात्मिक अर्थ देखें तो गौ यानि इन्द्रियां और कुल यानि समूह इन्द्रियों का समूह। मनुष्य भी इन्द्रियों का समूह ही है। गोकुल गोपियों का भी समूह है।

एक बार गोपियों ने श्री कृष्ण से पूछा कि आपका जन्म तो मथुरा में हुआ है फिर आप गोकुल में क्यों रहते हो?

कृष्ण ने सीधा सा जवाब दिया, मुझे मौज में रहने का शौक हैं। मैं मेरे भक्तों को सहजता से उपलब्ध होना चाहता हूं। मथुरा में तो मुझे महलों में रहना पड़ता। महलों की अपनी मर्यादाएं होती है न मैं किसी से आसानी से मिल सकता और न कोई मुझसे आसानी से मिल सकता। विष्णु धर्मोतर में कहा गया है भूख प्यास तथा गिरते पड़ते में जो श्री कृष्ण का नाम संकीर्तन करता है उस पर भगवान श्री कृष्ण प्रसन्न होते हैं। भगवदनाम में श्री कृष्ण को वशीभूत करने की कैसी अद्भुत शक्ति है। ऐसे भक्तों को श्री कृष्ण स्वंय कहते हैं - दूर देश में रहकर द्रोपदी ने चीरहरण के समय जो मुझे हे गोविन्द ! ऐसा कहकर जोर से पुकारा था, उसका वह ऋण बढ़ गया है और मेरे ह्रदय से अब तक उतर नहीं रहा है।



# महिला विश्व कप में भारत और पाकिस्तान की कप्तानों ने नहीं मिलाया हाथ

**कोलंबो (एजेंसी)।** पाकिस्तान के खिलाफ अपने मैचों में भारत के हाथ न मिलाने के रुख को जारी रखते हुए, कप्तान हरमनप्रीत कौर और फातिमा सना ने रविवार को कोलंबो में महिला विश्व कप 2025 के अपने मुकाबले में टॉस के समय एक-दूसरे से हाथ न मिलाने का रुख अपनाया। रिपोर्ट में पहले बताया था कि आईसीसी मैच अधिकारी मैदान पर किसी भी अवांछित घटना से बचने के लिए मैच के दिन के प्रोटोकॉल के बारे में दोनों टीमों को पहले से ही अलग-अलग जानकारी देने वाले थे।

यह फैसला दोनों क्रिकेट बोडरं के बीच चल रहे तनाव के बीच आया है, जो पुरुष एशिया कप 2025 के दौरान हुए कई विवादों के बाद सामने आया है। इसकी शुरुआत तब हुई जब सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय पुरुष टीम ने पाकिस्तान के खिलाफ ग्रुप-स्टेज मैच के बाद मैच के बाद हाथ मिलाने से इनकार कर दिया। इसके बाद पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने प्रसारणकर्ता के साथ मैच के बाद के साक्षात्कार में हिस्सा नहीं लिया, जिसके बाद पीसीबी ने मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट के साथ उनकी बैठक का फुटेज सार्वजनिक रूप से जारी किया।

पाकिस्तान ने उपमहाद्वीपीय टूर्नामेंट में पाइक्रॉफ्ट को हटाने की मांग की थी, लेकिन इस मामले पर उनकी अचानक हुई बैठक - जिसका एक वीडियो सामने आया - के कारण उन्हें टूर्नामेंट अधिकारियों ने आचरण उल्लंघन के लिए आधिकारिक फटकार लगाई। पाकिस्तान ने उपमहाद्वीपीय टूर्नामेंट में उनकी निरंतर भागीदारी के लिए पाइक्रॉफ्ट को हटाने की मांग की थी, जिसके बाद एक अचानक हुई बैठक हुई, जिसके वीडियो के कारण उन्हें टूर्नामेंट अधिकारियों ने आचरण उल्लंघन के लिए आधिकारिक फटकार लगाई।

अगले सुपर फॉर मैच के दौरान यह मतभेद और गहरा गया जब कुछ पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने मैदान पर तीखे इशारे किए। फ़ाइनल में कड़ी टक्कर के बाद, भारतीय टीम ने मोहसिन नकवी से विजेता ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया, जो वर्तमान में एशियाई क्रिकेट परिषद और पीसीबी दोनों के अध्यक्ष हैं और पाकिस्तान के गृह मंत्री भी हैं। नकवी ट्रॉफी देने के लिए किसी और को न सौंपने के लिए तैयार नहीं थे, इसलिए भारतीय खिलाड़ियों ने 90 मिनट की लंबी देरी के बाद बिना ट्रॉफी के ही जश्न मनाया।

महिला टीमें हाथ मिलायेंगी या नहीं, यह एक बड़ा मुद्दा था, यहां तक कि क्रिकेट पर भी इसका असर पड़ा, विश्व कप मुकाबले से पहले, जिसके लिए कोलंबो पाकिस्तान का तटस्थ बेस है। भारत इस टूर्नामेंट का निर्धारित मेजबान है, लेकिन दोनों देश एक-दूसरे की धरती पर नहीं खेलते। भारत और पाकिस्तान की टीमों ने मैच के दिन की अपनी दिनचर्या मैच के निर्धारित समय से लगभग 90 मिनट पहले शुरू की, जब आसमान धूप से बादलों में बदल गया। शनिवार को इसी मैदान पर शाम तक लगातार बारिश के कारण श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के बीच मैच रद्द हो गया था।

भारत ने मैदान के एक तरफ अपना अभ्यास सत्र आयोजित किया, उसके बाद कुछ खिलाड़ियों ने फुटबॉल खेला, जबकि



अरुंधति रेड्डी और राधा यादव ने अपनी निर्धारित साइड पिच पर थोड़ी देर के लिए गेंदबाजी की। भारत के मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने मैच से पहले टीम को संबोधित किया, जिसके बाद उन्होंने और हरमनप्रीत ने सेंटर पिच का निरीक्षण किया।

मैच के दिन के प्रोटोकॉल से पहले शुक्रवार को आर प्रेमदासा मैदान पर भारत के पहले प्रशिक्षण सत्र से पहले पिच को ढक दिया गया था, और अंततः बारिश के कारण वे रविवार तक इसका निरीक्षण नहीं कर पाए। इस बीच, पाकिस्तान की टीम ने अपने डगआउट में अभ्यास करने का फैसला किया, जहां कप्तान सना ने एक संक्षिप्त बैठक में अपने खिलाड़ियों को संबोधित किया।

# डब्ल्यूटीसी में सबसे ज्यादा रन और विकेट लेने वाले शीर्ष पांच भारतीय खिलाड़ियों में शामिल हैं जडेजा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में सबसे ज्यादा रन और विकेट लेने वाले शीर्ष पांच भारतीय खिलाड़ियों की सूची में शामिल हैं।

### डब्ल्यूटीसी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले शीर्ष 5 भारतीय

खिलाड़ियों में रनों के मामले में विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत नंबर एक पर हैं। वहीं शुभमन गिल 2697 रनों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। ऋषभ 2731 और पूर्व कप्तान रोहित शर्मा 2716 रनों के साथ ही पहले और दूसरे नंबर पर हैं। वहीं रवींद्र जडेजा विराट कोहली के पीछे पांचवें स्थान पर हैं।

वहीं विकेटों की बात करें तो डब्ल्यूटीसी में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड आर अश्विन के नाम है। उनके नाम 195 विकेट हैं। वहीं जसप्रीत बुमराह 173 विकेट के साथ ही सूची में दूसरे नंबर पर हैं। इन दोनों के अलावा अभी तक कोई भारतीय डब्ल्यूटीसी में 150 विकेट भी नहीं ले पाया है। रवींद्र जडेजा सूची में 142 विकेट के साथ तीसरे स्थान पर हैं। वहीं मोहम्मद सिराज कुल 130 विकेट के साथ चौथे नंबर पर हैं। भारतीय टीम से बाहर चल रहे मोहम्मद शमी 85 विकेट के साथ पांचवें और आखिरी नंबर पर हैं।

# एशिया कप 2025 ट्रॉफी चोरी का मामला- लखनऊ के क्रिकेट प्रेमी ने दुबई पुलिस को दर्ज करवाई शिकायत

**लखनऊ (एजेंसी)।** दुबई में 27 सितंबर 2025 को संपन्न हुए एशिया कप 2025 फाइनल के दौरान हुई ट्रॉफी चोरी के गंभीर मामले पर लखनऊ निवासी एक क्रिकेट प्रेमी संजय शर्मा ने दुबई पुलिस को औपचारिक शिकायत की है। बीते 30 सितम्बर को भेजी गई शिकायत में बताया गया है कि एशियाई क्रिकेट परिषद (ACC) के अध्यक्ष एवं पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने ट्रॉफी को कानूनी तरीके से विजेता भारतीय टीम को सौंपने के बजाय अपने कब्जे में ले लिया।




शिकायत में इस गैरकानूनी कृत्य को क्रिकेट समुदाय के लिए गहरा आघात बताया गया है, जिससे भारतीय क्रिकेट प्रेमियों में व्यापक रोष व्याप्त है। शिकायतकर्ता ने दुबई पुलिस विभाग से मामले की त्वरित और निष्पक्ष जांच करने, दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कारर्वाई करने तथा ट्रॉफी की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

इस शिकायत की सूचना अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC), भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (BCCI) और संबंधित अन्य क्रिकेट संस्थाओं को भी दी गई है। दुबई पुलिस ने प्राप्त शिकायत का शीघ्र उत्तर देते हुए 48 कार्यघंटों में वापसी का भरोसा भेजा है। यह मामला न केवल खेल के नैतिक आदर्शों के उल्लंघन का प्रश्न है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट की प्रतिष्ठा और खेलों में पारदर्शिता व जवाबदेही के सिद्धांतों की भी परीक्षा है। भारतीय क्रिकेट समर्थक संजय शर्मा के प्रयास और दुबई पुलिस की इस कारर्वाई से खुश हैं और उम्मीद करते हैं कि जल्द ही न्याय होगा।

# महिला विश्व कप : जीत का खाता खोलने के इरादे से उतरेंगे न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका

**इंदौर (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका की टीमें सोमवार को जब महिला विश्व कप के मैच में आमने-सामने होंगी तो अपने शुरुआती मुकाबलों में मिली करारी हार की निराशा को भुलाकर जीत का खाता खोलने का प्रयास करेंगी। न्यूजीलैंड को जहां अपनी गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होती तो वहीं दक्षिण अफ्रीका की नजरें अपनी बल्लेबाजों की फॉर्म पर होगी।

न्यूजीलैंड को पहले मैच में गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 89 रन से शिकस्त झेलनी पड़ी तो वहीं दक्षिण अफ्रीका को इंग्लैंड ने 10 विकेट से रौंद दिया। दोनों ही मुकाबलों में हारने वाली टीम की बल्लेबाजों ने निराश किया। न्यूजीलैंड की गेंदबाजों ने हालांकि ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 22वें ओवर में पांच विकेट पर 128 रन करने के बावजूद उसे 326 रन बनाने दिए।

ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर एश्ले गार्डनर ने शानदार शतक जड़कर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की और कप्तान सोफी डिवाइन की 112 रन की पारी के बावजूद न्यूजीलैंड की टीम लक्ष्य के करीब भी नहीं पहुंच पाई। न्यूजीलैंड ने आखिरी




पांच विकेट केवल 19 रन पर गंवा दिए। दक्षिण अफ्रीका के मामले में यह एकतरफा मुकाबला रहा क्योंकि उनकी टीम 69 रन पर आउट हो गई और उसकी केवल एक खिलाड़ी दोहरे अंक तक पहुंच पाई। दक्षिण अफ्रीका को प्रतिस्पर्धी बनने के लिए लॉरा वोलवार्ट, ताजमिन ब्रिट्स, सुने लुस और मारिजैन कैप के बल्ले से बेहतर योगदान की उम्मीद होगी।

विश्व कप से पहले अपने आखिरी मैच में दक्षिण अफ्रीका की टीम पाकिस्तान से हार गई थी और सिर्फ 115 रन ही बना पाई थी जो बल्ले से उनकी लगातार नाकामी को दर्शाता है। हालांकि कागजों पर न्यूजीलैंड प्रबल दावेदार है क्योंकि उनके पास गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों में बेहतर क्षमता है, विशेषकर स्पिन गेंदबाजी में जहां अमेलिया केर के 10 ओवर निर्णायक साबित होंगे। एक और पहलू यहां की परिस्थितियां हैं जिन्हें न्यूजीलैंड बेहतर समझता है क्योंकि वे इस मैदान पर अपना लगातार दूसरा मैच खेल रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका गुवाहाटी से आएगा और उसकी बल्लेबाज एक अच्छी पिच पर बल्लेबाजी करना चाहेंगी जहां गेंद आसानी से बल्ले पर आती हो।

### टीमें

**न्यूजीलैंड** = सोफी डिवाइन (कप्तान), सूजी बेट्स, ईडन कार्सन, फ्लोरा डेवोनशर, इजी गेज, मैडी ग्रीन, ब्रुक हॉलिडे, ब्री इलिंग, पॉली इंग्लिस, बेला जेम्स, मेली केर, जेस केर, रोजमेरी मायर, जॉर्जिया प्लिमर, लिया ताहुहु।

**दक्षिण अफ्रीका** = लॉरा वोलवार्ट (कप्तान), ताजमिन ब्रिट्स, एनेरी डर्कसेन, मारिजेन कैप, एनेके बॉश, सिनालो जाफ्टा (विकेटकीपर), क्लो ट्रायोजन, नादिन डि क्लार्क, अयाबोंगा खाका, मसाबाता क्लास, नॉनकुलुलेको म्लाबा, सुने लुस, तुमी सेखुखुने, नोंदुमिसो शंगासे और काराबो मेसो।

# पेरीकार्ड ने शंघाई मास्टर्स में फिट्ज को हराकर किया उलटफेर



शंघाई । फ्रांस के जियोवानी म्पेत्शी पेरीकार्ड ने चौथी रैंकिंग के खिलाड़ी टेलर फिट्ज को 6-4, 7-5 से हराकर रविवार को शंघाई मास्टर्स के चौथे दौर में प्रवेश किया। लंबे कद के पेरीकार्ड ने अमेरिका के खिलाड़ी के खिलाफ एक घंटे 25 मिनट में अपनी पहली जीत दर्ज की। पेरीकार्ड के सामने अंतिम 16 दौर में 10वें वरीय होल्गर रूने की चुनौती होगी। अन्य मैचों में रूने ने 21वें वरीय यूगो हम्बर्ट को 6-4, 6-4 से हराया जबकि जिजोयू बर्ग्स ने 19वें वरीय फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को 7-6, 6-3 से मात दी। डेविड गोफिन के पहले सेट के दौरान जल्दी रिटायर होने के कारण 31वें वरीय गेब्रियल डियालो को वॉकओवर मिल गया।

# विश्वकप 2027 है हमारा लक्ष्य : शुभमन

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के नये एकदिवसीय कप्तान बने शुभमन गिल ने कहा है कि उनका लक्ष्य विश्व कप 2027 है। शुभमन को ऑस्ट्रेलिया दौरे से ठीक पहले रोहित शर्मा की जगह पर एकदिवसीय प्रारुप की कप्तानी सौंपी गयी है। जिससे ये युवा बल्लेबाज बेहद उत्साहित है। इससे पहले उन्हें टेस्ट कप्तान बनाया गया था। एकदिवसीय प्रारुप की कप्तानी मिलने के बाद शुभमन ने कहा कि 2027 विश्वकप से पहले टीम को कुल 20 एकदिवसीय मैच खेलने को मिलेंगे। इसमें टीम अपने प्रदर्शन को निखारने पर ध्यान देगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक वीडियो में शुभमन ने कहा, 'अपने देश की एकदिवसीय में कप्तानी करना एक बड़ा सम्मान है, जिससे वह गर्व का अनुभव कर रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि वह बेहतर प्रदर्शन कर पायेंगे।' इस बल्लेबाज ने




आगे कहा, 'दक्षिण अफ्रीका में विश्व कप खेलने से पहले हमारे पास करीब 20 एकदिवसीय मैच हैं, जिसमें हमारे पास प्रदर्शन सुधारने का अच्छा अवसर है। साथ ही कहा कि हम जो भी खेलेंगे और जिन खिलाड़ियों के साथ भी खेलेंगे, वे विश्व कप से पहले एक शानदार सत्र खेलने का पूरा प्रयास करेंगे। ऐसे में खिताब के लिए दक्षिण अफ्रीका जाने से पहले हम पूरी तरह से लय में रहेंगे।' वहीं दूसरी ओर रोहित को अचानक ही कप्तानी से हटाए जाने पर हरभजन सिंह सहित कई दिग्गज क्रिकेटर्स ने नाराजगी जतायी है। उनका कहना है कि छह महीने पहले ही रोहित की कप्तानी में टीम ने आईसीसी चैम्पयंस ट्रॉफी जीती थी। ऐसे में उन्हें कप्तानी से नहीं हटाया जाना चाहिये था। उन्हें ऑस्ट्रेलिया दौरे तक तो कप्तान बनाया जाना चाहिये था।

# विदर्भ ने तीसरी बार जीती ईरानी ट्रॉफी, फाइनल में शेष भारत को बड़े अंतर से हराया

**नागपुर (एजेंसी)।** हर्ष दुबे (चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत विदर्भ ने रविवार को शेष भारत को 93 रनों से हराकर तीसरी बार ईरानी ट्रॉफी का खिताब जीता। शेष भारत ने कल के दो विकेट पर 30 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में शेष भारत ने अपना तीसरा विकेट कप्तान रजत पाटीदार (10) का विकेट 28 रन जोड़कर गंवा दिया। उन्हें आदित्य ठाकरे ने अपनी ही गेंद पर आउट किया। इसके बाद दर्शन नालकंडे ने ऋतुराज गायकवाड़ (सात) को आउटकर पवेलियन भेज दिया।

यश ढुल ने इशान किशन के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 26वें ओवर में हर्ष दुबे ने इशान किशन (35) को आउटकर शेष भारत की मैच जीतने की उम्मीद को झटका दिया। सारांश जैन और यश ढुल के बीच छठे



विकेट के लिए 53 रनों की साझेदारी हुई। पार्थ रेखड़े ने सारांश जैन (29) को पगबाधा आउटकर विदर्भ को छठी सफलता दिलाई। इसके बाद यश ठाकुर ने यश ढुल को भी आउटकर पवेलियन भेज दिया। यश ढुल ने शेष भारत के लिए सबसे अधिक 92 रनों की पारी खेली। उन्होंने अपनी इस पारी में 117 गेंदों में आठ चौके और एक छक्का लगाया।

अंशुल कम्बोज (तीन) और आकाश दीप (शून्य) पर आउट हुये। 74वें ओवर की पांचवीं गेंद पर हर्ष दुबे ने गुरनूर बरार (सात) को आउटकर 267 के स्कोर पर शेष भारत की दूसरी पारी का अंत करते हुए 93 रनों से मुकाबला जीत लिया। विदर्भ के लिए हर्ष दुबे ने चार विकेट लिये। आदित्य ठाकरे और यश ठाकुर को दो-दो विकेट मिले। पार्थ रेखड़े और दर्शन नलकंडे ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले विदर्भ ने पहली पारी में 342 रन तथा दूसरी पारी में 232 रन का स्कोर किया। शेष भारत ने पहली पारी में 214 रन बनाये थे और उसे दूसरी में जीत के लिए 361 रनों का लक्ष्य मिला था। उल्लेखनीय है कि इससे पहले विदर्भ ने वर्ष 2017-18 और 2018-19 में दो बार ईरानी ट्रॉफी का खिताब जीता है। अभी तक खेले 63 फाइनल मैचों में शेष भारत 31वीं बार उपविजेता रहा है।

# बहन की शादी में भी शामिल नहीं हो पाये अभिषेक

लुधियाना । आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा भारत ए टीम की ओर से खेलने के कारण अपनी बहन की शादी में भी शामिल नहीं हो पाये। हाल ही में अभिषेक की बहन कोमल की शादी कारोबारी लोविश ओबरॉय के साथ हुई थी। ऑस्ट्रेलिया ए टीम के खिलाफ जारी सीरीज को देखते हुए अभिषेक को कानपुर जाना पड़ा था और इसी कारण वह बहन की शादी में शामिल नहीं हो सके। अभिषेक ने जिस प्रकार देश के लिए इतना बड़ा फैसला लिया। उसके लिए उनकी प्रशंसा भी हो रही है। देश के लिए उनके समर्पण से प्रशंसक बेहद प्रभावित हैं।, जिसके बाद से ही हर तरफ उनकी तारीफ हो रही है। अभिषेक 30 सितंबर को शुगन की रस्म में ही शामिल हुए थे। इस समारोह में अभिषेक के साथ उनके गुरु और पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह सहित कई क्रिकेटर भी शामिल हुए थे। शगुन समारोह के बाद ही अभिषेक सीधे ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ सीरीज के लिए कानपुर के लिए रवाना हो गए थे।

# सैमसन अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शायद ही नजर आयें

## -बोर्ड की भविष्य की योजनाओं का हिस्सा नहीं




मुम्बई । ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम चयन में एक बार फिर अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन की उपेक्षा हुई है। सैमसन को इस दौरे के लिए टीम में जगह नहीं मिली है। उनकी जगह पर चयनकर्ताओं ने युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल को प्राथमिकता दी है। चयनसमिति ने उन्हें बैकअप विकेटकीपर के तौर पर भी शामिल नहीं किया है। इससे साफ है कि अब सैमसन भविष्य की योजनाओं का हिस्सा नहीं हैं और उनका अंतरराष्ट्रीय कैरियर समाप्त होने की ओर है। चयन समिति के फैसले से सभी को हैरानी इस लिए भी हुई है क्योंकि सैमसन ने दक्षिण अफ्रीका दौरे पर खेले गये अपने अंतिम एकदिवसीय मैच में शतक लगाया था। इसके बाद भी उनके नाम पर विचार नहीं हुआ। वहीं इससे पहले चैंपियंस ट्रॉफी में भी उन्हें जगह नहीं मिली थी। तब केएल राहुल मुख?य विकेटकीपर जबकि ऋषभ पंत इस टीम में वैकल्पिक विकेटकीपर थे। यही कारण है कि इस आईसीसी इवेंट में सैमसन को जगह नहीं मिली थी। वहीं अभी ऋषभ चोटिल होने के कारण बाहर हैं। ऐसे में राहुल के विकल?प के तौर पर सैमसन नहीं बल्कि जुरेल को रखा गया है। अजीत अगरकर के नेतृत?व वाली भारतीय चयनसमिति ने सैमसन की जगह पर जुरेल को रखे जाने पर कहा कि जुरैल मध्य क्रम खेलते हैं जिसमें हमें बल्लेबाज की जरुरत थी जबकि सैमसन शीर्ष क्रम में खेलते हैं जिसमें पहले ही कई बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। यहा कारण है कि दूसरे विकेटकीपर के तौर पर जुरैल को अवसर दिया गया हैं। इससे साफ है कि अब सैमसन भविष्य की योजनाओं का हिस्सा नहीं हैं और उनका अंतरराष्ट्रीय कैरियर समाप्त होने की ओर है।

# विराट और रोहित का क्या होगा भविष्य? 2027 वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया में हुआ बड़ा बदलाव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। दोनों खिलाड़ियों ने आईपीएल 2025 के बाद से कोई प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है, जिसके चलते फैन्स उनकी मैदान पर वापसी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह इंतजार 19 अक्टूबर को खत्म होगा, जब भारत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहला वनडे मुकाबला खेलेगा।

### रोहित से छीनी गई कप्तानी

बड़ी खबर यह है कि रोहित शर्मा अब वनडे टीम की कप्तानी नहीं करेंगे और इस सीरीज में बतौर विशेषज्ञ बल्लेबाज खेलेंगे। उनकी जगह शुभमन गिल को टेस्ट के बाद वनडे टीम का नया कप्तान नियुक्त किया गया है। अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति के इस फैसले ने क्रिकेट प्रशंसकों को हैरान कर दिया है। फैन्स सवाल उठा रहे हैं कि शानदार कप्तानी रिकॉर्ड के बावजूद रोहित से कप्तानी क्यों छीनी गई, जिन्होंने हाल ही में आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 में भारत को खिताब दिलाया था।

टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई और टीम प्रबंधन ने 2027 वनडे वर्ल्ड कप को ध्यान में रखते हुए दीर्घकालिक रणनीति तैयार की है। इस दौरान यह सहमति बनी कि शुभमन गिल को वनडे कप्तान बनाया जाए। इस बदलाव की सबसे बड़ी चुनौती रोहित शर्मा को मनाना था, जिनका कप्तानी रिकॉर्ड शानदार रहा है।

### मैदान से दूरी रही रोहित के खिलाफ

बीसीसीआई अधिकारियों का मानना है कि अगला वनडे वर्ल्ड कप दो साल बाद है और रोहित शर्मा केवल वनडे फॉर्मेट में खेलते हैं, जिसके कारण उन्हें पर्याप्त मैच अभ्यास नहीं मिलता। रोहित ने सभी फिटनेस मानक पूरे किए हैं, लेकिन हाल में क्रिकेट से उनकी दूरी उनके खिलाफ गई। चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी ओर इशारा करते हुए कहा कि रोहित का सीमित क्रिकेटिंग एक्शन चयन समिति के फैसले का एक कारण रहा।

रोहित ने आखिरी बार आईपीएल 2025 में मुंबई इंडियंस के लिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेला था, जबकि उनका पिछला अंतरराष्ट्रीय मैच आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 में था। शुरुआत में बीसीसीआई के भीतर कप्तानी बदलाव को लेकर मतभेद थे, लेकिन ऑस्ट्रेलिया दौरे के नजदीक आने पर इस बदलाव के पक्ष में सहमति बन गई।

### विराट कोहली की स्थिति भी समान

रिपोर्ट में बताया गया कि विराट कोहली की स्थिति भी रोहित शर्मा जैसी है, क्योंकि दोनों खिलाड़ी इस समय केवल वनडे क्रिकेट खेल रहे हैं। रोहित 38 वर्ष के हैं, जबकि विराट 36 साल के हैं। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ÷अगर हम बदलाव को और टालते हैं, तो यह और जटिल हो जाएगा। दो खिलाड़ियों में से एक 38 और दूसरा 36 साल का है। युवा खिलाड़ियों पर दांव लगाना अपेक्षाकृत सुरक्षित विकल्प है, क्योंकि वे फॉर्म या फिटनेस खो सकते हैं, लेकिन भविष्य के लिए यह जरूरी है।÷

### अगरकर का बयान: 2027 वर्ल्ड कप के लिए कोई गारंटी नहीं

अजीत अगरकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्पष्ट किया कि रोहित शर्मा और विराट कोहली ने 2027 वनडे वर्ल्ड कप के लिए प्रतिबद्धता नहीं दिखाई है। उन्होंने कहा कि बीसीसीआई की नीति के अनुसार, टीम में चयन के लिए घरेलू क्रिकेट खेलना अनिवार्य होगा। अब यह देखना होगा कि रोहित और विराट विजय हजारे ट्रॉफी जैसे घरेलू वनडे टूर्नामेंट में हिस्सा लेते हैं या नहीं। अगर बीसीसीआई घरेलू क्रिकेट खेलने का दबाव बढ़ाती है, तो दोनों खिलाड़ी निकट भविष्य में बड़ा फैसला ले सकते हैं।

### आकाश चोपड़ा की राय

पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा का मानना है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास नहीं लेना चाहिए था, क्योंकि इससे उन्हें पर्याप्त गेम टाइम मिलता। चोपड़ा ने कहा, 'रोहित और कोहली को अब लगातार रन बनाने होंगे, वरना कोई और उनकी जगह ले सकता है।'

### बीसीसीआई की नजर भविष्य पर

बीसीसीआई अब 2027 वनडे वर्ल्ड कप को ध्यान में रखते हुए युवा खिलाड़ियों के इर्द-गिर्द टीम तैयार करना चाहती है। शुभमन गिल की कप्तानी इसी रणनीति का हिस्सा है। रोहित शर्मा और विराट कोहली भारतीय क्रिकेट के दो बड़े सितारे हैं, लेकिन चयन समिति ने संकेत दे दिया है कि अब भविष्य की ओर देखने का समय है। यह बदलाव




प्रशंसकों के लिए भावनात्मक रूप से कठिन हो सकता है, लेकिन यह भारतीय क्रिकेट में एक नई शुरुआत का संकेत भी है।

## यूपी में अलग-अलग घटना में बारिश और बिजली गिरने से दो की मौत, तीन बच्चे बुरी तरह झुलसे

लखनऊ (एजेंसी)। बलिया जिले में तेज बारिश के कारण पेड़ गिरने से एक महिला की मौत हो गई। वहीं देवरिया में भी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से तीन बच्चे झुलस गए। कुशीनगर जिले में आंधी-बारिश में पेड़ गिरने से दबकर नौवीं कक्षा के छात्र की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट में पुलिस के हवाले से बातया गया है बलिया जिले के बांसडीह थाना क्षेत्र के आकोली गांव में शनिवार को तेज बारिश के कारण पेड़ गिरने से दबकर फूल कुमारी (50) की मौत हो गई। पेड़ महिला के घर के पास लगा था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला। पुलिस के मुताबिक देवरिया जिले के भाटपाररानी थाना क्षेत्र के खरहरी गांव में शनिवार सुबह करीब 10 बजे आकाशीय बिजली की चपेट में आने से तीन बच्चे बुरी तरह झुलस गए। प्रशासन के मुताबिक शनिवार सुबह गरज के साथ हो रही बारिश में आकाशीय बिजली गिर गई और बच्चे उसकी चपेट में आकर घायल हो गए। घायल बच्चों की पहचान नेहा (13), स्नेहा (10) व शुभम (9) के रूप में हुई। स्थिति गंभीर देख चिकित्सकों ने उन्हें रेफर कर दिया, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस के मुताबिक कुशीनगर जिले के तमकुही राज थाना क्षेत्र में तेज आंधी और बारिश के कारण पेड़ गिरने से नौवीं कक्षा में पढ़ने वाले एक किशोर की मौत हो गई। तमकुही राज के थाना प्रभारी ने बताया कि टोला मटिया में राजेश यादव अपने पुत्र आयुष (15) के साथ दोपहर अपने खेत में गिरे एक पेड़ को काट रहे थे। तभी पास में खड़ा एक और पेड़ आयुष के ऊपर गिर गया, जिससे आयुष की उसके नीचे दबकर मौत हो गई। उन्होंने बताया कि इस घटना में मनु यादव, पुष्पा देवी और निशा भी घायल हुई हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्मी कराया गया।

## पुलिस और देवी-देवताओं के लिए अपशब्द कहने वाला आरोपी गिरफ्तार

नईदिल्ली (एजेंसी)। दक्षिण-पश्चिम दिल्ली में एक व्यक्ति को सोशल मीडिया पर हिंदू देवी-देवताओं और पुलिसकर्मियों के बारे में अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। वसंत कुंज (दक्षिण) थाने में व्यक्ति के बारे में पीसीआर को फोन आया और बाद में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पश्चिम) ने कहा कि पुलिस टीम तुरंत छतरपुर मेट्रो स्टेशन के पास रूबी नर्सरी के पास पहुंची। इलाके में शिकायतकर्ता विहिप के कई सदस्य मौजूद थे। उन्होंने पुलिस को सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो दिखाया जिसमें आलम को हिंदू देवी-देवताओं और पुलिस अधिकारियों के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करते हुए दिखा गया। पुलिस ने बताया कि शिकायत के बाद वसंत कुंज (दक्षिण) थाने में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामला दर्ज किए जाने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## उत्तराखंड में पेपर लीक कांड के बाद अब टोकन मनी की अफवाह

देहरादून (एजेंसी)। उत्तराखंड में पेपर लीक कांड के बाद अब प्रदेश में टोकन मनी की अफवाह है। शिक्षा विभाग ने सोशल मीडिया में इस तरह की अफवाह फैलाने वालों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसा कर विभाग की छवि को धूमिल किया जा रहा है। मामला प्रधानाचार्य भर्ती और शिक्षक तबादलों में 'टोकन मनी' की अफवाह से जुड़ा है। विभाग ने प्रधानाचार्य सीधी भर्ती, शिक्षक भर्ती और स्थानांतरण को लेकर स्थिति स्पष्ट की है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. मुकुल कुमार सती ने सोशल मीडिया पर वायरल टोकन मनी की खबरों को दुष्प्रचार बताया है। विभाग ने साफ कर दिया है कि कुछ असामाजिक तत्व केवल विभाग की छवि धूमिल करने के लिए ऐसी भ्रामक सूचनाएं फैला रहे हैं। सोशल मीडिया पर पिछले कुछ समय से प्रधानाचार्य भर्ती में टोकन मनी या पैसे के लेन-देन को लेकर लगातार पोस्टें की जा रही हैं। डॉ. सती ने कहा कि प्रधानाचार्य सीधी भर्ती के तहत 692 पद उत्तराखंड लोक सेवा आयोग से भरे जाने हैं। आयोग ने अभी सिर्फ परीक्षा की तिथि तय की है। आयोग पारदर्शी, निष्पक्ष और न्यायपूर्ण तरीके विश्वसनीय परीक्षा प्रणाली के लिए जाना जाता है। परीक्षा आयोजित होने से पहले ही लेन-देन की अफवाहें फैला कर प्रक्रिया को बाधित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने शिक्षकों का स्थानांतरण को लेकर हाईकोर्ट के आदेशों का हवाला देते हुए कहा कि मौजूदा सत्र में कोई स्थानांतरण आदेश जारी नहीं किए गए हैं।

## कफ सिरप मामला : देश के कई राज्यों में ताबड़तोड़ छापे, पांच यूनिट्स पर एक्शन

नईदिल्ली (एजेंसी)। कफ सिरफ से हुई बच्चों की मौत के मामले में जांच हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में चल रही हैं, जहां से कुल 19 दवाओं (जिनमें खांसी की दवाएं, एंटीबायोटिक्स और बुखार की दवाएं शामिल हैं) के सैंपल लिए गए। शुक्रवार से शुरू हुई इस जांच का उद्देश्य दवा निर्माण प्रक्रिया में संभावित खामियों की पहचान करना और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के उपाय सुझाना है। मध्य प्रदेश और राजस्थान में कथित रूप से जहरीले कफ सिरप से बच्चों की मौत के बाद केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन यानी सीडीएससीओ ने छह राज्यों में दवा निर्माण इकाइयों की रिस्क-बेस्ड (जोखिम-आधारित) जांच शुरू कर दी है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि आईसीएमआर, नीरी, एम्स नागपुर और सीडीएससीओ के विशेषज्ञों की एक टीम बच्चों की मौत के कारणों की वैज्ञानिक जांच कर रही है। मंत्रालय ने बताया कि सीडीएससीओ द्वारा जांचे गए छह नमूने और मध्य प्रदेश फूड एंड ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन द्वारा जांचे गए तीन नमूनों में डायइथिलीन ग्लाइकॉल और इथिलीन ग्लाइकॉल जैसे घातक रासायनिक तत्व नहीं पाए गए।तमिलनाडु के कांचीपुरम स्थित निर्माण इकाई से लिए गए कोल्ड्रिफ कफ सिरप के सैंपलों की जांच में डीईजी की मात्रा अनुमेय सीमा से अधिक पाई गई।

# पहलगाम हमले में चीन ने की पाक की मदद, सैटेलाइट इमेज कराई उपलब्ध

### -चीनी मामलों के जानकार प्रोफेसर श्रीकांत कोंडापल्ली ने लगाए आरोप

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** क्या पहलगाम में हुए आतंकी हमले में भी आतंकियों की चीन ने मदद की थी। चीन मामलों के जानकार प्रोफेसर श्रीकांत कोंडापल्ली ने आरोप लगाया है कि पहलगाम आतंकी हमले में एक आतंकी के पास हुआवे का फोन था, जिसमें चीनी सैटेलाइट कनेक्शन मौजूद था। हमले के बाद उसी फोन से पाकिस्तान को संदेश भेजा गया था।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक प्रोफेसर कोंडापल्ली ने कहा कि पहलगाम में जब हमला हुआ, तब एक आतंकी के पास हुवावे का फोन मिला, जिसमें चीनी सैटेलाइट कनेक्शन था। उसने हमले के बाद पाकिस्तान को मैसेज भेजा था। यह साफ तौर पर चीन की भूमिका दिखाता है। हमले से पहले चीन ने पाकिस्तान को पहलगाम की 120-129 स्लाइड्स वाली सैटेलाइट इमेज भी उपलब्ध कराई थीं।




आतंकवाद के खिलाफ भारत और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ प्रतिबद्धता जताने के बावजूद चीन पाकिस्तान की मदद कर रहा था।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की चर्चाओं से द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) का नाम हटवाने की कोशिश की, जिसने शुरू में हमले की जिम्मेदारी ली थी। कोंडापल्ली ने कहा कि चीनी राजदूत और पाकिस्तानी राजदूत ने यूएनएससी चर्चाओं में टीआरएफ का नाम हटवा दिया। पहले दो बार की जिम्मेदारी टीआरएफ के रोल को साबित करती है। तियानजिन एससीओ घोषणा पत्र में पहलगाम का जिक्र था, लेकिन इसे पाकिस्तानी दबाव में कमजोर कर दिया गया। इससे साफ होता है कि आतंकवाद के मुद्दे पर भारत अपने पड़ोसी देश चीन पर भरोसा नहीं कर सकता।

कोंडापल्ली ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी चीन पर पाकिस्तान का समर्थन करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि चीन ने ऑपरेशन सिंदूर के वक्त पाकिस्तान वायुसेना को सूचनाएं दीं। उन्हें जेएफ-17, जे-10 लड़ाकू विमान, एचक्यू-9 सरफेस-टू-एयर मिसाइल बैटरियां जैसे हथियार मुहैया कराए। यह बेहद आक्रामक रुख है। पहलगाम हमले के बाद चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने निष्पक्ष जांच की बात कही, जबकि चीन खुद कभी भी शिनजियांग के उइगर विद्रोह या कोविड-19 महामारी के समय डब्ल्यूएचओ टीम को जांच की अनुमति नहीं देता।

कोंडापल्ली ने कहा कि भारत को अब कार्रवाई करनी होगी, जांच नहीं, क्योंकि कई आतंकी घटनाओं का सुराग पाकिस्तान के क्रॉस-बॉर्डर आतंकवाद से जुड़ता रहा है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन ने पाकिस्तान का साथ दिया। एक पाकिस्तानी ब्रिगेडियर ने चीन के वेस्टर्न थिएटर कमांड से रावलपिंडी के लिए समन्वय किया। इसलिए भारत को चीन पर भरोसा करने से पहले ठोस सबूतों की जरूरत है।

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने साईं समाधि के दर्शन किए



**शिरडी (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शिरडी में साईं बाबा समाधि मंदिर जाकर साईं बाबा के दर्शन किए। इसके बाद, उन्होंने गुरुस्थान के दर्शन किए। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने भी साईं बाबा समाधि के दर्शन किए। उनके साथ जल संसाधन मंत्री (गोदावरी एवं कृष्णा बेसिन विकास निगम) एवं पालक मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल, राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले, जल संसाधन मंत्री (विदर्भ, तापी एवं कोंकण सिंचाई विकास निगम) गिरीश महाजन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री पंकजा मुंडे, ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज मंत्री जयकुमार गोरे भी उपस्थित थे। साईं बाबा संस्थान की ओर से केंद्रीय मंत्री शाह का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर डॉ. पंकज आसिया, जिला पुलिस अधीक्षक सोमनाथ घार्गे, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आनंद भंडारी और साईंबाबा संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गोरक्ष गाडिलकर उपस्थित थे।

## मोहन भागवत ने पीओके को 'भारत के घर का कमरा' बताया, बोले- इसे वापस लेना होगा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत ने पीओके को भारत का अभिन्न अंग बताते हुए इसे 'भारत नाम के एक घर का एक कमरा' कहा, जिसमें 'अजनबी लोग घुस आए हैं।' समाचार एजेंसी के अनुसार, मध्य प्रदेश के सतना में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि इस 'कमरे को वापस लेना होगा।'

आरएसएस प्रमुख ने अपनी बात को एक दृष्टांत से समझाया। उन्होंने कहा, 'पूरा भारत एक घर है, लेकिन किसी ने हमारे घर का एक कमरा हटा दिया है जहां मेरी मेज, कुर्सी और कपड़े रखे रहते थे। उन्होंने उस पर कब्जा कर लिया है। कल, मुझे उसे वापस लेना होगा।' इस बयान पर दर्शकों ने जोरदार तालियां बजाईं।भागवत ने अविभाजित भारत के विचार पर भी बल दिया। उन्होंने सभा में मौजूद सिंधी समुदाय के लोगों की ओर इशारा करते हुए कहा, 'कई सिंधी भाई यहां बैठे हैं। मैं बहुत खुश हूं। वे पाकिस्तान नहीं गए; वे अविभाजित भारत गए। परिस्थितियों ने हमें उस घर से यहां भेजा है क्योंकि वह घर और यह घर अलग नहीं हैं।'

### पीओके में पाकिस्तानी शासन के खिलाफ उग्र विरोध, 10 की मौत

आरएसएस प्रमुख की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब पीओके में स्थानीय लोग पाकिस्तानी शासन के खिलाफ व्यापक विद्रोह कर रहे हैं। आर्थिक राहत और राजनीतिक सुधारों की मांग को लेकर हजारों निवासी अवामी एक्शन कमेटी (एएसी) के बैनर तले विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

## स्वामी चैतन्यानंद लड़कियों की प्रोफाइल खोजकर करता था कमेंट्स

### -चैट में दुबई के शख्स को लड़की की व्यवस्था करने की भी चर्चा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली,(ईएमएस)। स्वामी चैतन्यानंद मामले में रोज नए-नए खुलासे हो रहे हैं अब जानकारी मिली है कि बाबा अपने सोशल मीडिया अकाउंट से लड़कियों के फोटो पर कमेंट करता था। पुलिस को उनके डिजिटल उपकरणों से ऐसे चैट मिले हैं जिनमें छात्राओं से अश्लील बातचीत, निजी तस्वीरें मांगना और आपत्तिजनक संदेश शामिल हैं। एक चैट में तो दुबई के एक शख्स के लिए लड़की की व्यवस्था करने की चर्चा तक दर्ज मिली है।

स्वामी लड़कियों के प्रोफाइल को खोज-खोजकर स्क्रॉल करता था। भगवा वस्त्र धारणकर और आस्था का चोला ओढ़े इस स्वामी चैतन्यानंद का असली चेहरा अब सामने आ चुका है। कैमरे, ब्लैकमेलिंग और छात्राओं के यौन शोषण में उसकी गहरी संलिप्तता पुलिस की जांच में उजागर हुई है। धीरे-धीरे स्वामी की पोल खुल रही है।

पुलिस की जांच में स्वामी चैतन्यानंद के मोबाइल से मिले चैट्स सबसे बड़ा सबूत हैं। वह छात्राओं से लगातार मैसेज कर उनसे नजदीकियां बढ़ाने की कोशिश करता था। सभी चैट्स अब पुलिस के पास ठोस सबूत के तौर पर मौजूद हैं। दिल्ली की कोर्ट में हुई सुनवाई में स्वामी चैतन्यानंद को 17 अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। सुनवाई के दौरान स्वामी चैतन्यानंद के वकील ने सवाल उठाया था कि आखिर किन धाराओं के तहत न्यायिक हिरासत की मांग की जा रही है। इस पर कोर्ट ने जांच अधिकारी से साफ कहा कि क्या धारा 232 जोड़ी गई है। जांच अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता की दूसरी एफआईआर के बाद यह धारा केस में जोड़ी गई।

चैतन्यानंद के वकील ने कोर्ट से आग्रह किया कि उन्हें नियमित दवाइयां उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि चैतन्यानंद सनातनी सन्यासी जीवन जीते हैं, इसलिए उन्हें सात्विक भोजन मिले जिसमें लहसुन और प्याज न हो। इसके अलावा, सनातनी धार्मिक वस्त्र पहनने और अपने साथ आध्यात्मिक सामान रखने की अनुमति भी मांगी गई है। केस डायरी पर हस्ताक्षर करवाने की भी मांग की गई, यह कहते हुए कि उनके खिलाफ साजिश रची जा रही है। कोर्ट ने इस पर कहा कि यह प्रक्रिया का सामान्य हिस्सा है और इसमें अलग आदेश की जरुरत नहीं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस जांच में सामने आया है कि संस्था से जुड़े कई छात्रों ने आरोप लगाया कि उनसे जबरन मोबाइल फोन और शैक्षणिक दस्तावेज लिए गए और विरोध करने पर निष्कासन की धमकी दी गई। पुलिस का कहना है कि स्वामी चैतन्यानंद ने



पूछताछ के दौरान न तो किसी तरह का पछतावा जताया और न ही सहयोगी रवैया अपनाया। इसके साथ ही संस्था की तीन महिला कर्मचारियों को भी गिरफ्तार किया गया है, जिन पर छात्रों पर दबाव बनाने और स्वामी चैतन्यानंद की मदद करने का आरोप है। जांच में यह भी सामने आया है कि स्वामी चैतन्यानंद ने आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं को नौकरी का झांसा देकर अपने जाल में फंसाने की कोशिश की। उन पर यौन संबंध बनाने के लिए दबाव डालने के गंभीर आरोप हैं।

## 8 अक्टूबर को प्रधानमंत्री करेंगे नवी मुंबई हवाई अड्डे का उद्घाटन

**नवी मुंबई (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 8 अक्टूबर को नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे। यह मुंबई महानगरीय क्षेत्र का दूसरा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा होगा, जिससे मुंबई के बढ़ते हवाई यातायात पर दबाव कम होने की उम्मीद है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना में अडानी समूह की 74 प्रतिशत हिस्सेदारी है और महाराष्ट्र सरकार के सिडको की 26 प्रतिशत हिस्सेदारी है। हवाई अड्डे के पहले चरण की लागत लगभग 19,647 करोड़ रुपये है, जबकि पूरी परियोजना का बजट लगभग 1 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है। नए हवाई अड्डे को 30 सितंबर को नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) से उड़ान लाइसेंस प्राप्त हुआ और दिसंबर 2025 से वाणिज्यिक उड़ानें शुरू होंगी। घरेलू एयरलाइंस एयर इंडिया, इंडिगो और अकासा एयर ने घोषणा की है कि वे अपनी कुछ सेवाएँ नए हवाई अड्डे पर स्थानांतरित करेंगी। एनएमआई कोड और विश्व स्तरीय सुविधा



अंतर्राष्ट्रीय वायु परिवहन संघ (आईएटीए) ने हवाई अड्डे को एनएमआई कोड दिया है। 1160 हेक्टेयर क्षेत्र में फैले इस हवाई अड्डे का निर्माण 4 टर्मिनलों के साथ चरणों में किया जा रहा है। पूरी तरह से चालू होने के बाद, यह हब सालाना 9 करोड़ यात्रियों और 32.5 लाख टन कार्गो को संभालने में सक्षम होगा, जिससे यह एशिया के सबसे बड़े हवाई अड्डों में से एक बन जाएगा। वर्तमान में, पहला टर्मिनल पूरा हो चुका है और इसकी क्षमता 2 करोड़ यात्रियों और 8 लाख टन कार्गो की है। इसके लिए एक अलग रनवे भी बनाया गया है। पूर्ण मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के साथ, यह भारत का पहला हवाई अड्डा होगा जो एक्सप्रेसवे, राजमार्ग, मेट्रो, उपनगरीय रेलवे और जल टैक्सियों जैसी परिवहन प्रणालियों से जुड़ा होगा। स्वचालित यात्री आवाजाही प्रणाली यात्रियों को सभी टर्मिनलों के बीच आसानी से आने-जाने की अनुमति देगी। यह एक ग्रीन हवाई अड्डा भी होगा, क्योंकि इसमें स्थायी विमानन ईंधन भंडारण सुविधाएं भी होंगी।

## मैदानी इलाकों में बारिश और पहाड़ों में होगी बर्फबारी, वैष्णो देवी और मचैल यात्रा स्थगित

**जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू कश्मीर के मौसम को देखते हुए प्रशासन ने कई तरह के फैसले लिए है। सबसे पहले आज से 7 अक्टूबर तक माता वैष्णों देवी और मचैल की यात्रा रोक पर लगा दी है। वहीं किसानों और ग्रामीणों के लिए भी एडवाइजरी जारी की गई। इसकी वजह ये है कि राज्य के मैदानी इलाकों में बारिश और पहाड़ों पर बर्फबारी की संभावना है। भूस्खलन और चट्टानों के धसकने की आशंका को लेकर जरुरी कदम उठाए जा रहे हैं, ताकि किसी भी तरह के नुकसान से बचाया जा सके।

मौसम विभाग ने किसानों को सात अक्तूबर तक सभी कृषि कार्य स्थगित करने की सलाह दी है। मौसम का यह असर सात अक्तूबर तक रहेगा। इस दौरान छह अक्तूबर को सबसे ज्यादा बारिश होगी। मौसम विभाग की चेतावनी के बाद जिलास्तर पर प्रशासनिक अधिकारियों ने विभागों को सतर्क रहने की सलाह दी है। एहतियात के तौर पर माता वैष्णो देवी यात्रा को रोका गया है। मचैल यात्रा भी स्थगित की गई है। मौसम विभाग ने संवेदनशील इलाकों में पहाड़ी से पत्थर गिरने या



भूस्खलन होने की आशंका जताई है। इसके अलावा कश्मीर डिवीजन, चिनाब घाटी और पीरपंजाल में बर्फबारी होने की संभावना बनी हुई है। मैदानी इलाकों में गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना रहेगी। मौसम में बदलाव का असर प्रदेश में तापमान पर पड़ा है। न्यूनतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस तक का अंतर आया है। प्रदेश में गुलमर्ग में सबसे कम 14.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ है। मौसम विज्ञान विभाग ने इन इलाकों में आगामी दिनों में बर्फबारी की संभावना बनी हुई है।

वैष्णो देवी यात्रा आज से 7 अक्तूबर तक अस्थायी रूप से स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। श्राइन बोर्ड के सीईओ सचिन कुमार वैश्य ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल के माध्यम से इस बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि मौसम विभाग की ओर से भारी बारिश और भूस्खलन की आशंका जताई गई है। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए यह कदम उठाया गया है।

हाल के दिनों में कटड़ा से भवन तक जाने वाले रास्तों पर कई जगह चट्टानें खिसकने और पानी भरने जैसी घटनाएं सामने आई थीं, जिससे श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। इसी को ध्यान में रखते हुए यात्रा रोकने का फैसला लिया गया है। श्राइन बोर्ड ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे इस अवधि में यात्रा की योजना न बनाएं और मौसम सामान्य होने के बाद ही दर्शन के लिए आएं। मौसम की बेरुखी को देखते हुए प्रशासन ने किश्तवाड़ जिले में मचैल माता की तीर्थयात्रा पांच अक्तूबर से तीन के लिए स्थगित कर दी है। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) जम्मू-कश्मीर, खासकर जम्मू संभाग में भारी बारिश और भूस्खलन का की संभावना है।

## दार्जिलिंग में आई विनाशकारी बाढ़ और भूस्खलन पर सीएम ममता ने जताई चिंता

### पर्यटक चिंता न करें जहां हैं वहीं रहें, हमारी पुलिस उन्हें सुरक्षित निकाल लाएगी

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने रविवार को दार्जिलिंग में आई विनाशकारी बाढ़ और भूस्खलन पर चिंता जताई है। इस हादसे में कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई। बनर्जी ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि मैं इस बात से बेहद चिंतित हूं कि कुछ ही घंटों में अचानक हुई भारी बारिश और बाहर से हमारे राज्य में नदी के पानी के अत्यधिक प्रवाह से उत्तर बंगाल और दक्षिण बंगाल के कई इलाके बाढ़ की चपेट में आ गए। उन्होंने पर्यटकों को सलाह दी कि जब तक उन्हें सुरक्षित निकाल नहीं लिया जाता है, तब तक वे जहां पर हैं, वहीं रहें।

सीएम ने कहा कि रात उत्तर बंगाल में 12 घंटों में अचानक 300 मिमी से ज्यादा बारिश हुई और साथ ही संकोश नदी में पानी का अत्यधिक प्रवाह हुआ और साथ ही भूटान और सिक्किम से नदी



का पानी भी बह गया। इससे आपदाएं हुईं। उन्होंने कहा कि हमें यह जानकर सदमा और दुःख हुआ कि भारी बारिश और नदियों में आई बाढ़ के कारण हमने अपने कुछ भाई-बहनों को खो दिया है। मैं मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करती हूं। वहीं दो लोहे के पुल ढह गए हैं, कई सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं।

ममता बनर्जी ने कहा कि मैं स्थिति पर नजर रख रही हूं। सीएम ने मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, उत्तर बंगाल के जिलों और पुलिस अधीक्षकों के साथ वर्चुअल बैठक की। इस बीच हम उत्तर बंगाल में पर्यटकों को सलाह दे रहे हैं कि जब तक हमारी पुलिस उन्हें सुरक्षित बाहर नहीं निकाल लेती, तब तक वे जहां हैं, वहीं रुकें। बचाव का खर्च हमारा है और पर्यटकों को चिंता करने की जरूरत नहीं है।

## दो साल से कम उम्र के बच्चों को कफ सिरप न दें, आखिर केंद्र सरकार को क्यों जारी करनी पड़ी यह एडवाइजरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अक्सर ऐसा होता कि बच्चे हों या बड़े खांसी चलने या गले में खराश की शिकायत पर कफ सिरप दे दिया जाता है, लेकिन केंद्र सरकार ने एडवाइजरी जारी करते हुए दो साल से कम उम्र के बच्चों को कफ सिरप नहीं देने को कहा है। वैसे तो यह परामर्श स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय द्वारा जारी किया गया है, लेकिन इसके पीछे का कारण अहम है, जिसने ऐसा करने के लिए सरकार को मजबूर कर दिया।

दरअसल केंद्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एक अहम एडवाइजरी जारी करते हुए दो साल से कम उम्र के बच्चों को खांसी और सर्दी की दवाएं, विशेष रूप से कफ सिरप नहीं देने की सलाह दी है। सरकार ने यह कदम मध्यप्रदेश में कथित रूप से दूषित कफ सिरप से बच्चों की मौतों की खबरों के बाद उठाया गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने हालांकि स्पष्ट किया है कि मध्य प्रदेश में लिए गए सभी सिरप के नमूनों की जांच में डायथिलीन ग्लाइकॉल (डीईजी) और एथिलीन ग्लाइकॉल (ईजी) जैसे हानिकारक रसायन नहीं पाए गए। ये दोनों रसायन बच्चों की किडनी को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा सकते हैं और कई अंतरराष्ट्रीय मामलों में बच्चों की मौत का कारण बन चुके हैं।

डीजीएचएस की ओर से डॉ. सुनीता शर्मा के हस्ताक्षर से जारी परामर्श में कहा गया है कि सामान्य रूप से पाँच साल से कम उम्र के बच्चों को कफ सिरप देने की सिफारिश नहीं की जाती। छोटे बच्चों में खांसी और जुकाम के अधिकतर मामले स्वतः ही ठीक हो जाते हैं, जिनके लिए दवाइयों की जरूरत नहीं होती।

### चिकित्सकों के लिए भी परामर्श

केंद्र की सलाह में यह भी कहा गया है कि डॉक्टरों को बच्चों के लिए खांसी की दवाएं बहुत सोच-समझकर और जरूरत पड़ने पर ही लिखनी चाहिए। वृद्ध लोगों में भी इन दवाओं का उपयोग चिकित्सकीय मूल्यांकन और निगरानी के बाद ही किया जाए। डीजीएचएस ने सभी राज्य स्वास्थ्य विभागों, जिला स्वास्थ्य प्राधिकरणों, सरकारी अस्पतालों, प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को निर्देश दिया है कि इस एडवाइजरी को तुरंत लागू किया जाए और आम जनता को इसके प्रति जागरूक किया जाए।

स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी), राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआईवी) और केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) की संयुक्त टीम ने मध्यप्रदेश का दौरा किया और कफ सिरप के



नमूने जांचे। सभी नमूनों में कोई हानिकारक तत्व नहीं मिला। वहीं, राजस्थान में भी जांच के बाद यह पाया गया कि जिस सिरप से दो बच्चों की मौत की आशंका जताई गई थी, उसमें प्रोपिलीन ग्लाइकॉल जैसे रसायन नहीं थे जो आम तौर पर दूषण का स्रोत बनते हैं। केंद्र सरकार का यह कदम बच्चों की दवा सुरक्षा सुनिश्चित करने और डॉक्टरों व अभिभावकों को जिम्मेदारीपूर्वक दवा उपयोग के लिए जागरूक करने की दिशा में एक अहम पहल माना जा रहा है।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह**. 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**